CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम :20°C

मुरादाबाद, सोमवार 11 मई 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 265 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2083 23 जिलकदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



अखिलेश यादव ने योगी मंत्रिपरिषद विस्तार पर कसा तंज पेज 2



आईपीएल के अहम मुकाबले से पहले प्रीति जिंटा ने गोल्डन टेम्पल में माथा टेका खेल टाइम्स



अनाज के ढेर पर बैठी भूखी दुनिया सम्पादकीय



आत्मघाती हमले से दहला पाक, विस्फोटक से भरी गाड़ी चेकपोस्ट से टकराई पेज 12

# तमिलनाडु में विजय ने मुख्यमंत्री बनते ही बिजली की फ्री

चेन्नई, वार्ता

**तमिलनाडु की** राजनीति में एक नया अध्याय लिखते हुए, नवगठित पार्टी 'तमिलगा वेत्री कषगम' (टीवीके) के संस्थापक और अभिनेता-राजनेता सी. जोसेफ विजय ने रविवार को राज्य के 13वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली।

उन्होंने इस राज्य में कई दशकों से शासन की बागडोर संभालने वाले दलों द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) और अन्नाद्रमुक को हरा कर यह मुकाम हासिल किया। उन्होंने चुनाव में शानदार प्रदर्शन करते हुए इन दोनों पार्टियों के लगभग 60 साल पुराने एकाधिकार को समाप्त कर दिया। रविवार सुबह करीब दस बजे, जवाहरलाल नेहरू इनडोर स्टेडियम में आयोजित एक सादे समारोह में, राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने विजय और उनके पहले मंत्रिमंडल के नौ सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। मंत्रियों में टीवीके महासचिव एन. आनंद, आधव अर्जुन, केए सेनगोटियां डा. केजी अरुणराज, पी. वेंकटरमणन, आर. निर्मल कुमार, राजमोहन, डा. टीके प्रभु और सुश्री एस. कीर्तना शामिल हैं। इन सभी ने तमिल भाषा में ईश्वर के नाम पर शपथ ग्रहण की। जब श्री विजय को शपथ के लिए आमंत्रित किया गया और उन्होंने इन शब्दों के साथ शपथ लेना शुरू किया: मैं, सी. जोसेफ विजय, तो इस दौरान दर्शकों ने तालियों की -**शेष पृष्ठ दो पर**



**■ नौ अन्य मंत्री भी मंत्रिमंडल में शामिल, सभी ने तमिल भाषा में ईश्वर के नाम पर शपथ ग्रहण की**

### विजय ने महिलाओं की सुरक्षा संबंधित फाइलों पर हस्ताक्षर किए

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के कुछ देर बाद, तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) के संस्थापक सी. जोसेफ विजय ने रविवार को तीन महत्वपूर्ण फाइलों पर हस्ताक्षर किए। इनमें हर दो महीने में 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली, महिलाओं की सुरक्षा के लिए विशेष 'सिगापेन' रैपिड रिस्पॉन्स फोर्स का गठन और राज्य भर में मादक पदार्थ विरोधी इकाइयों की स्थापना की घोषणा की गई है। श्री विजय ने इन तीन आदेशों पर जनता के सामने मंच पर ही हस्ताक्षर किए। स्थानीय जवाहरलाल नेहरू बहुउद्देशीय इंडोर स्टेडियम में नौ कैबिनेट मंत्रियों के साथ शपथ लेने के बाद जनता को संबोधित करते हुए उन्होंने पिछली सरकारों पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि पिछली द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सरकार ने सरकार ने सरकारी खजाने को 'खाली' छोड़ दिया है।

### मोदी-राहुल समेत अन्य नेताओं की बधाई पर विजय ने जताया आभार

**चेन्नई।** तमिलनाडु के नवनियुक्त मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शुभकामना संदेश का अत्यंत गर्मजोशी से जवाब देते हुए राज्य और केंद्र के बीच रचनात्मक सहयोग की नई उम्मीद जताई है। श्री विजय ने प्रधानमंत्री को धन्यवाद देते हुए अपने संदेश में लिखा है, माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी, आपकी शुभकामनाओं के लिए हृदय से आभार। मैं तमिलनाडु के विकास और लोक-कल्याण के साझा लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए केंद्र सरकार के साथ मिलकर काम करने के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध हूं। इसके साथ ही श्री विजय ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी, अभिनेता से नेता बने कमल हासन, अन्य विपक्षी और क्षेत्रीय नेताओं से मिली बधाइयों पर भी अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की।

## संक्षिप्त समाचार



**चेन्नई:CSK के बल्लेबाज उर्विल पटेल ने लखनऊ सुपर जाइन्ट्स के खिलाफ धमाकेदार पारी खेलकर आईपीएल इतिहास की सबसे तेज फिफ्टी की बराबरी की। उर्विल ने यशस्वी जायसवाल के 13 गेंद में बनाए गए अर्द्धशतक की बराबरी की।**

### मप्र-राजस्थान व गुजरात में गर्मी लौटी 4 शहरों में पारा 44 डिग्री के पार

**नई दिल्ली।** राजस्थान, गुजरात और मध्य प्रदेश में एक बार फिर गर्मी लौट आई है। राजस्थान के बाड़मेर-जैसलमेर, मध्य प्रदेश के रतलाम और गुजरात के कांडला पोर्ट में पारा 44 डिग्री सेल्सियस पार पहुंच गया है। बाड़मेर में पारा 45.7 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। वहीं राजस्थान और गुजरात में रात में भी लू चल रही है। मौसम विभाग ने पंजाब और गंगा से सटे बंगाल में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। असम, मेघालय, केरल और तमिलनाडु में भी भारी बारिश की संभावना है। इधर मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार और झारखंड में भी आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। इन राज्यों में तेज हवा के साथ बारिश हो सकती है।

### प्रवक्ता संवर्ग की लिखित परीक्षा प्रदेशभर में सम्पन्न

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष डा. प्रशांत कुमार ने बताया कि आयोग द्वारा आयोजित प्रवक्ता संवर्ग की लिखित परीक्षा रविवार को प्रदेश के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न कराई गई। रविवार को यहां जारी एक सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार परीक्षा दो पालियों में आयोजित हुई। प्रथम पाली की परीक्षा प्रात: 9:30 बजे से 11:30 बजे तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा अपराह्न 2:30 बजे से 4:30 बजे तक आयोजित की गई।

### रक्षा साहित्य व रणनीतिक संवाद मंच गुरुवार को

**नई दिल्ली।** देश का प्रमुख रक्षा और रणनीतिक संवाद मंच 'कलाम एवं कवच 3.0' गुरुवार को यहां आयोजित किया जाएगा, जिसमें स्वदेशीकरण और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से देश की रक्षा आत्मनिर्भरता को तेज़ी से आगे बढ़ाने पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

# योगी मंत्रिमंडल में 6 नए मंत्री शामिल, दो को मिला प्रमोशन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अपनी मंत्रिपरिषद का विस्तार कर छह नए मंत्री शामिल किए हैं, जबकि दो मंत्रियों को प्रोन्नत किया है।

भूपेन्द्र चौधरी तथा मनोज पांडेय को कैबिनेट मंत्री और कृष्णा पासवान, कैलाश सिंह राजपूत, सुरेन्द्र दिलेर तथा हंसराज विश्वकर्मा को राज्यमंत्री के रूप में मंत्री परिषद में शामिल किया गया है। मंत्रिपरिषद में पहले से शामिल दो राज्यमंत्रियों अजीत पाल तथा सोमेन्द्र तोमर को प्रोन्नत कर राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बनाया गया है। इन सभी मंत्रियों को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने यहां जन भवन में एक सादे समारोह में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उनके मंत्रिमंडल के सहयोगी तथा कुछ अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।



**भूपेन्द्र चौधरी व मनोज पांडेय को कैबिनेट मंत्री और कृष्णा पासवान, कैलाश राजपूत, सुरेन्द्र दिलेर व हंसराज विश्वकर्मा को राज्यमंत्री बनाया गया**

**2027 विस चुनाव के दृष्टिगत भाजपा ने क्षेत्रीय और सामाजिक संतुलन साधने की कोशिश करते हुए विभिन्न वर्गों के नेताओं को मंत्रिमंडल विस्तार में जगह दी**

मंत्रिपरिषद विस्तार को 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियों से जोड़कर देखा जा रहा है। भाजपा ने क्षेत्रीय और सामाजिक संतुलन साधने की कोशिश करते हुए विभिन्न वर्गों के नेताओं को इस विस्तार में जगह दी है। चौधरी भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रमुख जाट नेताओं में शामिल हैं और मुरादाबाद के रहने वाले हैं। वह लंबे समय तक -**शेष पृष्ठ दो पर**

# दबाव बनाया, तो हमेशा के लिए बंद हो जाएगा होर्मुज: ईरान

**तेहरान/वाशिंगटन।** होर्मुज स्ट्रेट के संबंध में संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका के प्रस्ताव को बहरीन एवं अन्य देशों का समर्थन मिलने की रिपोर्टों के बीच ईरानी सैन्य अधिकारियों तथा इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने चेतावनी दी है कि यदि ईरान पर दबाव जारी रहा तो होर्मुज को स्थायी रूप से बंद किया जा सकता है।

आईआरजीसी एयरोस्पेस फोर्स के कमांडर ब्रिगेडियर जनरल सैयद माजिद मौसवी ने कहा कि ईरान की मिसाइल और ड्रोन इकाइयों ने अपने लक्ष्यों को पहले ही लॉक कर लिया है और केवल आदेश का इंतजार कर रही हैं। उन्होंने कहा कि मिसाइलें और एयरोस्पेस ड्रोन दुश्मन पर लॉक हैं और हम फायरिंग आदेश की प्रतीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि अमेरिकी ठिकानों और आक्रामक दुश्मन के जहाज ईरानी हथियारों की जद में हैं। आईआरजीसी नौसेना कमांडर सईद सियाह-सरानी ने कहा कि यदि इस्लामी गणराज्य ईरान पर हमला होता है तो होर्मुज स्ट्रेट से किसी भी तेल खेप को गुजरने नहीं दिया जाएगा। ईरानी नौसेना प्रमुख शहराम ईरानी ने कहा कि स्वदेशी हल्की पनडुब्बियां पहले से ही होर्मुज स्ट्रेट में तैनात हैं और ट्रिगर-रेडी स्थिति में हैं। उनके अनुसार ये पनडुब्बियां समुद्र तल पर लंबे समय तक स्थिर रहकर दुश्मन के जहाजों पर नजर रख सकती हैं और आदेश मिलते ही उन्हें निशाना बना सकती हैं। ईरानी सशस्त्र बलों के प्रवक्ता अबोलफजल शेखार्ची ने भी चेतावनी दी कि ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई करने वाले किसी भी देश को निर्णायक जवाब मिलेगा। स्थानीय मीडिया के अनुसार एक अन्य सैन्य प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिका के प्रतिबंध लागू करने वाले देशों को होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। आईआरजीसी नौसेना कमान ने कहा कि ईरानी तेल टैंकरों या वाणिज्यिक जहाजों के खिलाफ किसी भी कार्रवाई का जवाब क्षेत्र में अमेरिकी ठिकानों और दुश्मन जहाजों पर भारी हमले के रूप में दिया जाएगा।

**■ संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका के प्रस्ताव को बहरीन एवं अन्य देशों का समर्थन मिलने की रिपोर्टों के बीच दी चेतावनी**



होर्मुज स्ट्रेट में ईरानी तेल टैंकरों और व्यापारिक जहाजों पर फिर हमला हुआ, तो अमेरिकी ठिकानों और सैन्य जहाजों पर भारी हमला किया जाएगा
**-आईआरजीसी**

# केरलम में सीएम पर सस्पेंस

**नई दिल्ली।** 4 मई को 5 राज्यों के चुनावों के रिजल्ट आने के बाद बंगाल और तमिलनाडु में नए सीएम की शपथ हो चुकी है।

पुडुचेरी और असम में सीएम का नाम और शपथ की तारीख तय हो गई है, लेकिन 6 दिन बाद भी केरलम में पूर्ण बहुमत पाने वाले कांग्रेस के गठबंधन ने अपने सीएम के नाम का ऐलान नहीं किया है। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, पिछले विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष वीडी सतीशन और 6 बार के विधायक रमेश चेन्निथला यहां मुख्यमंत्री की रेस में सबसे आगे चल रहे हैं। 6 मई को कांग्रेस ने मुकुल वासनिक और अजय माकन को पर्यवेक्षक बनाकर केरलम भेजा था।

**■ कांग्रेस ने दावेदारों के पोस्टर हटवाए**

# बिजनौर जिला कारागार में कैदी ने दी जान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** जिला कारागार में रविवार को सजायाफ्ता कैदी के द्वारा आत्महत्या कर लिए जाने से सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने हंगामा करते हुए यहां से गुजर रहे बरेली जोन के डीआईजी की कार रोक कर जाम लगा दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम पृथ्वीपुर निवासी दीपक पुत्र चंद्रपाल को न्यायालय के द्वारा सजा सुनाई गई थी। वह जिला कारागार में अपनी सजा काट रहा था। वह शहर कोतवाली का हिस्ट्रीशीटर बदमाश था और उसके खिलाफ डकैती व लूट जैसे संगीन मामलों में अभियोग दर्ज है। रविवार दोपहर पुलिस को सूचना मिली थी कि उसने जिला कारागार में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना मिलते ही परिजनों ने जमकर हंगामा करते हुए पुलिस के साथ धक्का-मुक्की की। जजी चौक से गुजर रहे बरेली जोन के डीआईजी अजय साहनी की गाड़ी को रोक कर जाम लगा दिया। ग्रामीणों ने जबरदस्त हंगामा किया। सूत्रों का कहना है कि पुलिस इस मामले में कार्रवाई की तैयारी कर रही है।


**■ ग्रामीणों ने बरेली के DIG की गाड़ी रोकी**

# असम में हिमंता ने सरकार बनाने का दावा किया पेश

गुवाहाटी, वार्ता

**असम विधानसभा** चुनावों में सबसे बड़े दल के रूप में उभरी भाजपा के नेता हिमंता बिस्व सरमा ने रविवार दोपहर राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य के समक्ष राज्य में सरकार बनाने का दावा पेश किया।

श्री सरमा ने सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि असम की जनता के आशीर्वाद और विश्वास के साथ, आज मैंने राजभवन में माननीय राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य जी को सरकार गठन का प्रस्ताव सौंपा। आम जनता की आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने तथा विकास, सुशासन और एक समृद्ध असम की ओर हमारी यात्रा को और अधिक गतिशील बनाने के लिए, हम एक बार फिर से प्रतिबद्ध हैं। इससे पहले पर्यवेक्षक के तौर पर यहां भेजे गए केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की मौजूदगी में श्री सरमा को विधायक दल का नेता चुना गया। हाल ही में संपन्न हुए 126 सदस्यीय विधानसभा चुनावों में भाजपा नीत राजग ने प्रचंड जीत हासिल की है। भाजपा ने अकेले 82 सीटें जीती हैं, जबकि उनके गठबंधन सहयोगियों असम गण परिषद (अगप) और बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट ने 10-10 सीटों पर जीत दर्ज की है। इस दो तिहाई बहुमत के साथ राजग ने राज्य में लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी की है। असम में भाजपा के नेतृत्व वाले राजग की यह लगातार तीसरी सरकार होगी। राजग ने यहां 2016 और 2021 के बाद अब 2026 में जीत की हैट्रिक लगाई है।



**■ राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य को सरकार गठन का प्रस्ताव सौंपा**

# मोदी ने कांग्रेस को परजीवी करार दिया

बेंगलुरु, वार्ता

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी ने रविवार को कांग्रेस पर तीखा प्रहार करते हुए यहां एक जनसभा में स्थिरता बनाम अस्थिरता पर व्यापक चर्चा की और कर्नाटक, केरल एवं तमिलनाडु का सीधा उदाहरण देते हुए कांग्रेस की शासन संबंधी विफलताओं एवं आंतरिक विरोधाभासों को उजागर किया।

श्री मोदी ने एचएएल हवाई अड्डे पर एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के मतदाता आज समाधान चाहते हैं, खेल नहीं। उन्होंने तर्क दिया कि कई राज्यों में हाल के चुनाव परिणाम भाजपा के नेतृत्व वाले राजग के अंतर्गत राजनीतिक स्थिरता एवं निर्णायक शासन के लिए जनता की स्पष्ट प्राथमिकता को दर्शाते हैं। पीएम मोदी ने कर्नाटक पर ध्यान केंद्रित करते हुए कांग्रेस सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि सरकार लगातार आंतरिक सत्ता संघर्षों एवं नेतृत्व अनिश्चितता से जूझ रही है। उन्होंने कहा कि वे यह तय नहीं कर पा रहे हैं कि मुख्यमंत्री कब तक पद पर रहेंगे, सब कुछ अधर में लटका हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में शासन व्यवस्था सत्ताधारी पार्टी में गुटबाजी एवं राजनीतिक सौदेबाजी के आगे लाचार हो गई है। कर्नाटक से आगे बढ़कर अपने हमले का दायरा बढ़ाते हुए श्री मोदी ने कांग्रेस की आलोचना में केरल और तमिलनाडु को भी शामिल किया और तर्क दिया कि दक्षिणी राज्यों में पार्टी का प्रभाव सुसंगत शासन की तुलना में राजनीतिक अवसरवादिता से ज्यादा चिह्नित होता रहा है। तमिलनाडु का उल्लेख करते हुए उन्होंने कांग्रेस पर सत्ता समीकरण बदलने के लिए अपने पुराने सहयोगियों को बार-बार धोखा देने का आरोप लगाया। अपने भाषण के सबसे तीखे शब्दों का चयन करते हुए श्री मोदी ने कहा कि ऐसा कोई करीबी नहीं है, जिसे कांग्रेस ने धोखा न दिया हो। उन्होंने कांग्रेस-द्रमुक के संबंधों का भी उल्लेख किया और आरोप लगाया कि दशकों तक राजनीति गठबंधन रहने के बावजूद, कांग्रेस का अपने सहयोगियों के खिलाफ राजनीतिक रूप से सुविधाजनक समय पर छोड़ने का इतिहास रहा है। सत्ता में बदलाव आते ही सत्ता की भूखी कांग्रेस ने अपने सहयोगी को धोखा दिया।



**■ प्रधानमंत्री ने कर्नाटक, केरलम एवं तमिलनाडु का सीधा उदाहरण देते हुए कसा तंज**

CMYK

# कांशीराम कॉलोनी के बंद फ्लैट में मिला अधेड़ का शव

## दुर्गंध आने पर पड़ोसियों ने दी पुलिस को सूचना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिजनौर।** शहर कोतवाली की कांशीराम कॉलोनी रामलीला क्षेत्र में आज बंद फ्लैट में अधेड़ का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। फ्लैट से तेज दुर्गंध आने पर पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार शहर कोतवाली क्षेत्र की कांशीराम कालोनी के ब्लाक एक के फ्लैट 11 में सुरेश (45) अकेला रहता था। आज आसपास के लोगों को फ्लैट से दुर्गंध आने लगी। कई बार आवाज लगाने के बावजूद अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली, तो लोगों को अनहोनी की आशंका हुई। कालोनीवासियों ने दुर्गंध आने की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फ्लैट का दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया। अंदर सुरेश का शव पड़ा मिला। शव कई घंटे पुराना बताया जा रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

पड़ोसियों का कहना है कि सुरेश चौकीदारी का काम करता था तथा काफी समय से गले के कैंसर से पीड़ित था। स्थानीय लोगों के अनुसार मृतक शराब पीने का आदी था। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। शहर कोतवाली थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह का कहना है कि शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# गौकशी के दो आरोपी गिरफ्तार

## मुठभेड़ में एक घायल, मौके से दूसरा पकड़ा गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** पुलिस ने गौकशी के दो आरोपियों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। इस दौरान एक आरोपी गोली लगने से घायल हो गया, जबकि दूसरे को मौके से पकड़ा गया। पुलिस दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से गोकशी में इस्तेमाल होने वाले उपकरण, एक मोटरसाइकिल और तमंचे बरामद किए हैं।

गौरतलब है कि आठ मई को नजीबाबाद पुलिस को साहनपुर पुलिस चौकी से लगभग 200 मीटर दूर झाड़ियों में दो बोरों में गोवंश के अवशेष मिलने की सूचना मिली थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर अवशेषों को कब्जे में लिया और जांच के लिए भेजा। इस संबंध में पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।



पुलिस को देर रात सूचना मिली कि गोकशी की घटना को अंजाम देने के इरादे से कुछ आरा. पी क्षेत्र में घूम रहे हैं। इस सूचना पर पुलिस ने सरवनपुर डैम पर चेकिंग शुरू की। इस दौरान दो मोटरसाइकिलों पर चार लोग आते दिखे। पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया, लेकिन वे भागने लगे।

पुलिस टीम ने उनका पीछा किया। इस दौरान एक बाइक पर सवार दो व्यक्ति अनियंत्रित होकर गिर गए। खुद को घिरा देखकर दोनों आरोपियों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक आरोपी के पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया। पुलिस ने घायल सहित दोनों आरोपियों को पकड़ लिया।

घायल आरोपी की पहचान अल्लू उर्फ हलीम पुत्र अल्लादिया, निवासी ग्राम दहिरपुर, थाना नांगल, जनपद बिजनौर के रूप में हुई है। दूसरे गिरफ्तार आरोपी का नाम मोहम्मद याकूब पुत्र अब्दुल अजीज, निवासी दहिरपुर है।

पुलिस ने इनके कब्जे से दो तमंचे, पांच जिंदा कारतूस, गो. कशी के उपकरण और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। वहीं, दूसरी बाइक पर सवार दो आरोपी मौहम्मद फुरकान पुत्र कामिल, निवासी दहिरपुर और मोहम्मद अनस पुत्र नसीम अहमद, निवासी ग्राम भागुवाला मौके का फायदा उठाकर फरार हो गए। पुलिस उनकी तलाश कर रही है। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि वह दोनों अपने साथियों फुरकान व मोहम्मद अनस के साथ मिलकर आवारा गोवंश को पड़कर उन्हें रात्रि में सुनसान स्थान पर ले जाकर काट देते हैं और का मांस आसपास भेज देते हैं।

# सड़क दुर्घटना में बुजुर्ग की मौत

**बिजनौर।** चांदपुर में हुई सड़क दुर्घटना में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। हादसा नूरपुर-नहटौर मार्ग पर ग्राम कुंडा बलदाना के पास हुआ, जब एक ट्रक ने दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी।

ग्राम फजलपुर ढाकी निवासी मौहम्मद जकी नूरपुर से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे एक ट्रक ने उनके वाहन को टक्कर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अवस्था में उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रक और उसके चालक को हिरासत में ले लिया है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। नूरपुर थाना प्रभारी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि ट्रक और चालक को पकड़ लिया गया है। मोहम्मद जकी की मौत से उनके परिवार में शोक का माहौल है। वह अपने पीछे सात पुत्रियों और दो पुत्रों को छोड़ गए हैं।वह भारतीय किसान यूनियन हिंद के जिला अध्यक्ष मौहम्मद आफताब उर्फ बबलू के ससुर थे।

# विधायक तसलीम की जमानत जब्त होगी



## आसपा नेता खुर्शीद मंसूरी ने बोला जोरदार हमला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र से आसपा के संभावित प्रत्याशी एवं साहनपुर नगर पंचायत के चेयरमैन मौहम्मद खुर्शीद मंसूरी ने सपा विधायक तसलीम अहमद पर हमला बोलते हुए कहा कि आगामी चुनाव में उनकी जमानत जब्त हो जाएगी।

प्राप्त समाचार के अनुसार नजीबाबाद स्थित कैंप कार्यालय पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए साहनपुर नगर पंचायत के चेयरमैन मौहम्मद खुर्शीद मंसूरी ने कहा कि विधायक तसलीम अहमद का ग्राफ तेजी के साथ नीचे गिर रहा है। उन्होंने कहा कि हम खुले दिल से चाहते हैं कि सपा प्रमुख उनका टिकट न काटें, ताकि उन्हें आसानी से चुनाव हराया जा सके। आम जनता में उनके खिलाफ जबरदस्त गुस्सा है। वह पिछले लगभग पंद्रह सालों से जनता को बेवकूफ बना रहे हैं। उन्होंने ईमानदारी के साथ विपक्ष के विधायक की भी भूमिका नहीं निभाई। वह आम जनता और खासतौर पर गरीबों व मजलूमों से मिलना भी पसंद नहीं करते हैं। जिस तरह से नगर पालिका नजीबाबाद के चुनाव में उनके प्रत्याशी की शर्मनाक हार हुई थी, उससे भी शर्मनाक हार अब खुद उनकी विधानसभा चुनाव में होगी। वह जनता का विश्वास पूरी तरह खो चुके हैं। साहनपुर व जलालाबाद सहित ग्रामीण क्षेत्र में जनता उन्हें हराने के लिए तैयार बैठी है।

पूर्व ब्लॉक प्रमुख अबरार आलम अंसारी एड. ने कहा कि हमारा मकसद नजीबाबाद सीट से चुनाव को जीतना है। पार्टी जिसे भी टिकट देगी, उसका चुनाव आगे बढ़कर पूरी ईमानदारी के साथ लड़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि विधायक तसलीम अहमद की हार बिल्कुल तय है। उन्होंने कहा कि वह किसी शर्त के साथ आसपा में शामिल नहीं हुए हैं। पार्टी नेतृत्व का निर्णय ही अंतिम और स्वीकार्य होगा। सभी को पार्टी की मजबूती और कामयाबी के लिए कार्य करना चाहिए।

# हत्या प्रकरण में तीसरा आरोपी भी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** क्षेत्र में युवक की हत्या के सनसनीखेज मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए फरार चल रहे तीसरे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा लगातार की जा रही कार्रवाई के चलते मामले का खुलासा किया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार 30 अप्रैल को नरेंद्र सिंह पुत्र कल्लू सिंह निवासी ग्राम जुडेला, थाना स्योहारा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि नामजद अभियुक्तों एवं 10-15 अज्ञात व्यक्तियों द्वारा एक राय होकर उसके पुत्र गुलशन की हत्या कर दी गई थी। तहरीर के आधार पर थाना स्योहारा में मुक. दमा दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। जांच के दौरान पुलिस को मिले साक्ष्यों के आधार पर तीन आरोपियों की संलिप्तता सामने आई। जिनमें पुष्पेंद्र कुमार पुत्र गेंदा सिंह रजनीश पुत्र चमन तथा संजय कुमार पुत्र वेदप्रकाश निवासीगण ग्राम रघोटली शामिल पाए गए। पुलिस द्वारा पूर्व में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश करते हुए जेल भेजा जा चुका है। इसी क्रम में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए फरार चल रहे तीसरे आरोपी संजय कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया। घटना में प्रयुक्त बाइक पुलिस ने कब्जे में लेते हुए आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी की है। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि गंभीर अपराधों में शामिल आरोपियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई जारी रहेगी तथा मामले से जुड़े अन्य व्यक्तियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक शिवा नैन, उपनिरीक्षक नरेंद्र कुमार, कांस्टेबल कुलदीप, कांस्टेबल सन्नी मौजूद रहे।



# ओमवती के निधन पर कांग्रेस नगर अध्यक्ष अहसन जमील ने जताया शोक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** कांग्रेस नगर अध्यक्ष अहसन जमील ने पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेत्री श्रीमती ओमवती के निधन पर गहरा दु:ख व्यक्त किया है।

अहसन जमील ने कहा कि स्वर्गीय ओमवती वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री होने के साथ-साथ एक संवे. दनशील और जनसेवा के प्रति समर्पित महिला थीं। वह सेवा. निवृत्त आईएएस अधिकारी आरके सिंह की पत्नी तथा कांग्रेस जिलाध्यक्ष हैनरीता राजीव सिंह की सास थीं। उन्होंने अपने राजनी. तिक जीवन में समाज सेवा और संगठन को मजबूत करने का कार्य किया। जिसे सदैव याद रखा जाएगा। राजनीतिक दलों के नेता, सामाजिक कार्यकर्ता एवं शुभचिंतक पहुंचे और श्रद्धांजलि अर्पित की। नगीना सांसद चन्द्रशेखर आजाद सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की। अहसन जमील ने कहा कि श्रीमती ओमवती का निधन कांग्रेस परिवार और समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। उनका स्नेह, सरल स्वभाव और समा. जसेवा की भावना हमेशा लोगों के दिलों में जीवित रहेगी।

उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को यह दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

इस दौरान अरिफ खान एड., हरि सिंह सागर, काजी आतिफ, अतहर जमील, मुनीश त्यागी, अरशद जमील, नजाकत अल्वी, हुमायूं बेग, जस राम सिंह, उत्तम सिंह ठाकुर, अनिल त्यागी, फरीद अहमद, इस्माइल तुर्क, अजीम अंसारी, गुलशन कुमार, हुकुम सिंह, हाफिज सद्दन, नाजिम जबी, फुरकान महमूद, डा. नदीम अहमद, रिफाकत अहमद, फहीम अहमद, नजाकत अली कम्भोज, जावेद हुसैन, अकबर हुसैन, सलीम अहमद, वसीम, रफत नेता, चितवन शर्मा, शादी लाल मारवाड़ी, अकरम निजामुद्दीन, मलखान सिंह, पूर्व सांसद यशवंत सिंह, पूर्व सांसद शीशराम सिंह रवि, मनोज पारस, विधायक ओम कुमार, डॉ. वीर सिंह, अहसन चौधरी, हाजी इल्यास, विजय गोयल, आदित्य सिंह, सुधीर एड., जफर अहमद, नौशाद अहमद सहित अनेक गणमान्य लोगों ने शोक व्यक्त किया।

# खाकी ने फिर पेश की इंसानियत की मिसाल

## जीआरपी जवान ने रक्तदान कर बचाई मरीज की जान




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** जीआरपी चौकी में तैनात एक पुलिस जवान ने ड्यूटी के साथ-साथ सामाजिक सरोकार की अनूठी मिसाल पेश की है। जीआरपी जवान अमित कुमार ने एक गंभीर मरीज के लिए रक्तदान कर उसे नया जीवनदान दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज स्थानी प्राइवेट अस्पताल में भर्ती मौहम्मद अफजाल की हालत काफी नाजुक थी। डॉक्टरों ने उनके उपचार के लिए तत्काल रक्त की आवश्यकता बताई। इमरजेंसी देखते हुए जैसे ही इसकी सूचना भारत सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट नगीना की टीम को मिली, टीम ने डोनर की तलाश शुरू कर दी।

सूचना मिलते ही नगीना जीआरपी चौकी में तैनात अमित कुमार तुरंत अस्पताल पहुंचे और रक्तदान किया। उनके इस नि:स्वार्थ कदम से मरीज के परिजनों को बड़ी राहत मिली और समय पर उपचार संभव हो सका। भारत सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट के सदस्यों ने अमित कुमार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमें अपने ऐसे जांबाज जवानों पर गर्व है। अमित कुमार न केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने में मुस्तैद रहते हैं, बल्कि समय पड़ने पर 'रक्तवीर' बनकर समाज की सेवा में भी अग्रणी रहते हैं। वे उन स्वस्थ लोगों के लिए एक बड़ी प्रेरणा हैं, जो रक्तदान करने से हिचकिचाते हैं। ट्रस्ट की टीम ने अमित कुमार की इस सेवा भावना को नमन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। ट्रस्ट ने स्थानीय नागरिकों से अपील की है कि 'रक्तदान-महादान' के संकल्प को अपनाएं, ताकि किसी भी जरूरतमंद की जान रक्त के अभाव में न जाए। इस मौके पर ट्रस्ट के सदस्यों ने उनके इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि एक पुलिसकर्मी का यह मानवीय चेहरा समाज में सुरक्षा और विश्वास की भावना को और मजबूत करता है।

# गैस एजेंसी स्वामी को बेहतर सेवाओं के लिए किया सम्मानित

**नजीबाबाद।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन जलालाबाद के नगर अध्यक्ष शहाबुद्दीन राईन और महामंत्री नफीस अहमद द्वारा एचपी गैस एजेंसी स्वामी विजय अग्रवाल बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए सम्मानित किया गया। विजय अग्रवाल ने कहा कि जिन लोगों ने अपने कनेक्शन की केवाईसी नहीं कराई है, वह केवाईसी करा ले नहीं तो उनका कनेक्शन काट दिया जाएगा। इस परेशानी से बचे और किसी भी डिलीवरी वाले को अतिरिक्त पैसे ना दें। अगर कोई अतिरिक्त रुपए लेता है तुरंत हमें सूचना दें। इस अवसर पर नफीस अहमद, तनवीर शेख, मुक. ेश मेडिकल वाले, आफताब राईन, अहसान अहमद, नईम अहमद और अन्य व्यापारी उपस्थित रहे।

# पंडित केशव शरण शर्मा को पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि

**मंडावर।** महात्मा गांधी इंटर कॉलेज के संस्थापक एवं स्वतंत्रता सेनानी पंडित केशव शरण शर्मा की 18वीं पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर उनके आदर्शों और पद्चिन्हों पर चलने का संकल्प दोहराया गया। कॉलेज परिसर में विधिवत हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ पंडित सतेंद्र शर्मा एवं लक्ष्य शर्मा ने मंत्रोच्चारण के साथ विधि-विधान से सम्पन्न कराया। मुख्य यजमान के रूप में कॉलेज प्रबंधक मनोज भारद्वाज एवं उनकी धर्मपत्नी सुमन भारद्वाज उपस्थित रहीं। अमन भारद्वाज, रमा भारद्वाज, अमित भारद्वाज, रीता भारद्वाज, शिवांश आदित्य नवीन, नीलू आदि परिवार सहित सभी उपस्थित जनों ने यज्ञ आहुतियां दी।

कार्यक्रम के दौरान पंडित केशव शरण शर्मा के चित्र पर पुष्प मालाएं चढ़ाई गईं और श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर उपस्थित प्रमुख व्यक्तियों में कॉलेज प्रबंधक मनोज भारद्वाज, प्रधानाचार्य मोहित शर्मा, अध्यक्ष रामानंद राजपूत, पूर्व चेयरमैन मोहम्मद हाशिम, पूर्व चेयरमैन अली अदनान, सुनीलपाल मनोहा. रिया, बजीर हसन जैदी, रईस अहमद, सतेंद्र राजपूत, डा. सकलेन जैदी, संजय कुमार त्यागी, दीपक चौहान, फूल सिंह चंदेल, हेमराज गौतम, रघुवीर सिंह बेधड़क, राजवीर सिंह, महताब अहमद, पुनीत अग्रवाल, राजीव कश्यप, त्रिलोक चंद्र, विजयपाल सिंह, मुकुल कुमार, लतीफ अहमद, मकसूद अहमद, भुवन शर्मा, शकुन त्यागी, ममता शर्मा, सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।कार्यक्रम के अंत में प्रसाद स्वरूप हलवा वित. रित किया गया।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**तमिलनाडु में...**

गड़गड़ाहट के साथ उनका ज़ोरदार स्वागत किया। चौंकाने वाली बात यह थी कि श्री विजय ने परंपरागत तमिल पोशाक के बजाए काले रंग की पैंट, सफेद पूरी आस्तीन वाली शर्ट और काले रंग का कोट पहना। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी पहुंचे। विजय सरकार के गठन में कांग्रेस की बेहद अहम भूमिका है। वह मंच पर श्री विजय के ठीक बगल में बैठे हुए दिखाई दिए। श्री विजय ने चुनावी राजनीति में अपनी पहली ही परीक्षा में अपनी पार्टी बनाने के दो साल के अंदर ही, शानदार आगाज किया। उन्होंने 108 सीटें जीतीं, जिसमें खुद यह अभिनेता-राजनेता दो सीटों से विजयी रहे। श्री विजय दो सीटों से जीते हैं इसलिए उनके पास गणितीय रूप से 107 विधायक ही हैं इसलिए उन्हें आवश्यक 118 विधायकों के समर्थन के लिए 11 सदस्यों की कमी पड़ रही थी। ऐसे में कांग्रेस ने अहम भूमिका निभाई और श्री विजय के लिए बहुमत तैयार करने में मदद की। कांग्रेस के वाद भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा), मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा), इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल), स्थानीय दल वीसीके ने समर्थन देने की पेशकश की। इससे राज्य में विजय के नेतृत्व में सरकार बनाने का रास्ता खुल गया।

**योगी मंत्रिमंडल में...**

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ और भाजपा संगठन में सक्रिय रहे हैं। वह वर्ष 2016 में पहली बार विधान परिषद सदस्य बने तथा 2017 में भाजपा सरकार बनने के बाद उन्हें पंचायती राज राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बनाया गया और 2019 में कैबिनेट मंत्री, पंचायती राज की जिम्मेदारी मिली। लेकिन प्रदेश अध्यक्ष बनने पर उन्होंने मंत्री पद छोड़ दिया था। मनोज पांडेय रायबरेली की ऊंचाहार विधानसभा सीट से विधायक हैं। वह 2012-17 में समाजवादी पार्टी (सपा) सरकार में कैबिनेट मंत्री थे। वह 2022 में सपा के टिकट पर विधायक चुने गए थे और विधानसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक भी रहे। बाद में वह भाजपा में शामिल हो गए थे। कैलाश सिंह राजपूत कन्नौज की तिर्वा विधानसभा सीट से विधायक हैं। वह 1996 में पहली बार भाजपा उम्मीदवार के रूप में जीते थे। बाद में 2007 में बसपा के टिकट पर चुनाव जीते और 2017 में वह फिर भाजपा में लौटे और लगातार दो बार विधानसभा पहुंचे। हंसराज विश्वकर्मा विधान परिषद के सदस्य हैं और पिछड़ा वर्ग की राजनीति में मजबूत पकड़ रखते है। उन्होंने 1989 में बूथ स्तर से अपना राजनीतिक सफर शुरू किया था और राम मंदिर आंदोलन में भी सक्रिय भूमिका निभाई थी। वाराणसी में 2019 लोकसभा और 2022 विधानसभा चुनाव में भाजपा की बड़ी जीत में उनकी अहम भूमिका मानी जाती है। सुरेंद्र दिलेर अलीगढ़ जिले की खैर विधानसभा सीट से विधायक हैं और भाजपा के प्रमुख दलित युवा नेताओं में गिने जाते हैं। वह पूर्व भाजपा सांसद राजवीर सिंह दिलेर के पुत्र हैं। सु. कृष्णा पासवान फतेहपुर जिले की खागा विधानसभा सीट से विधायक है। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रूप में अपने सार्वजनिक जीवन की शुरुआत की थी। वह चार बार विधायक और दो बार जिला पंचायत सदस्य रह चुकी हैं तथा भाजपा का प्रमुख दलित महिला चेहरा मानी जाती हैं। सोमेंद्र तोमर मेरठ दक्षिण विधानसभा सीट से विधायक हैं और मंत्रिपरिषद में अब तक ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत राज्य मंत्री के रुप में कार्यरत रहे हैं। उन्हें राज्य मंत्री से राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बनाया गया है। इसी तरह कानपुर देहात की सिकंदरा विधानसभा सीट से विधायक अजीतपाल सिंह अब तक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री के रुप में काम करते रहे है। उन्हें भी राज्य मंत्री से प्रोन्नत कर राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बनाया गया है। राजनीतिक जानकारों के मुताबिक इस मंत्रिमंडल विस्तार के जरिए भाजपा ने पूर्वांचल, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, दलित, ओबीसी और ब्राह्मण समीकरणों को साधने की कोशिश की है।

# अनधिकृत कालोनियों में खुला छल

**नई दिल्ली, वार्ता**

**दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता ने सरकार पर लगाया इन कालोनियों में रहने वाले लोगों की अनदेखी करने का आरोप**

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता डा. नरेश कुमार ने कहा है कि दिल्ली सरकार अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित के नाम पर जनता को गुमराह करने और उनसे पैसा वसूलने की साजिश चला रही है।

अनऑथराइज्ड कॉलोनी रेजिडेंट्स वेलफेयर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डा. कुमार ने रविवार को मुंडका विधानसभा क्षेत्र की अनधिकृत कॉलोनी शेर सिंह एन्क्लेव में रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों और स्थानीय नागरिकों के साथ नुक्कड़ सभा कर दिल्ली सरकार की कथित कॉलोनी नियमितीकरण नीति पर तीखा हमला बोला। डा. कुमार ने संवाददाताओं से कहा कि हाल ही में दिल्ली सरकार ने 1511 अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित करने का नोटिफिकेशन जारी किया है, जबकि पहले 1731 कॉलोनियां चिन्हित थीं। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर 220 कॉलोनियों को इस योजना से बाहर क्यों कर दिया गया? सरकार बताए कि इन कॉलोनियों के लाखों लोगों का क्या दोष है? उन्होंने आरोप लगाया कि गांवों से सटी विस्तृत लालडोरा और बसाहट क्षेत्रों को लेकर सरकार की कोई स्पष्ट नीति नहीं है। यह गांवों और वहां रहने वाले लोगों के साथ भेदभावपूर्ण रवैया है। डा. कुमार ने कहा कि सरकार की पूरी योजना दोषपूर्ण और जनता विरोधी है। पीएम उदय योजना के तहत लोगों को पोर्टल पर आवेदन करने, भारी शुल्क जमा करने और अपने-अपने प्लॉट नियमित कराने की प्रक्रिया में उलझाया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी हमेशा कॉलोनियों को सामूहिक रूप से नियमित करने की पक्षधर रही है, न कि हर प्लॉट मालिक से अलग-अलग वसूली करने की। उन्होंने कहा कि वर्ष 1977 में स्वर्गीय श्रीमती इंदि. रा गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने बिना किसी शुल्क के अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित करने की ऐतिहा. सिक योजना शुरू की थी, जो 1993 तक चली। इस दौरान अनेक कॉलोनियों को नियमित किया गया था। आज भी उसी मॉडल को लागू करते हुए बिना किसी आर्थिक बोझ के कॉलोनियों को नियमित किया जाना चाहिए। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों ने अपनी पूरी जिदगी की जमा पूंजी लगाकर इन कॉलोनियों में छोटे-छोटे प्लॉट खरीदे हैं। अब उन पर डेवलपमेंट चार्ज और अन्य शुल्कों का बोझ डालना सरासर अन्याय है। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली सरकार की नीयत कॉलोनियों को नियमित करने की नहीं, बल्कि जनता की जेब से पैसा निकालने की है।

# सजायाफ्ता कैदी की मौत के बाद बवाल

## परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप, पुलिस के साथ धक्का-मुक्की





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिला कारागार में सजा काट रहे एक कैदी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस के अनुसार युवक ने जेल के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या की है, जबकि परिजनों ने इसे हत्या बताते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं। कैदी की मौत के बाद जमकर बवाल हुआ। पुलिस के साथ भी धक्का मुक्की की गई और पुलिस के पसीने छूट गए। बरेली के डीआईजी की गाड़ी निकलवाने में पुलिस को पसीना बहाना पड़ा।



प्राप्त समाचार के मुताबिक शहर कोतवाली के ग्राम पृथ्वीपुर निवासी दीपक कुमार पुत्र चंद्रपाल एक मुकदमे में पिछले लगभग एक साल तीन महीने से जिला कारागार में बंद था। परिजनों का कहना है कि उसकी रिहाई दो दिन बाद होनी थी, लेकिन अचानक उसकी मौत की सूचना मिली। सूचना मिलते ही परिजन जिला अस्पताल पहुंचे, जहां उन्होंने जमकर हंगामा किया और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया कि ग्राम स्वाहेड़ी के कुछ युवकों द्वारा दीपक को जान से मारने की धमकी दी जा रही थी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कारागार प्रशासन ने उनकी शिकायतों पर ध्यान नहीं दिया। परिजनों का कहना है कि जब कारागार में सख्त सुरक्षा व्यवस्था होती है, तो फांसी लगाने के लिए रस्सी कैसे उपलब्ध हुई। परिजनों ने कहा कि इसकी जांच होनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि मामले को आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की जा रही है।

घटना के बाद गुस्साए परिजनों ने सड़क पर जाम लगा दिया और जजी चौक से गुजर रहे बरेली जोन के डीआईजी अजय साहनी की कार के आगे लेट गए। स्थिति को देखते हुए मौके पर पुलिस बल तैनात किया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच की जाएगी और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

फिलहाल पुलिस और परिजनों के बीच तनाव की स्थिति बनी हुई है। परिजनों ने चेतावनी दी है कि यदि हत्या की धाराओं में मुकदमा दर्ज नहीं किया गया, तो वे बड़ा प्रदर्शन करेंगे। इस मामले को लेकर कारागार प्रशासन के ऊपर उंगलियां उठ रही हैं। सवाल यह उठ रहा है की कारागार के अंदर आत्महत्या कैसे कर ली गई। हत्या के आरोप की भी निष्पक्षता से जांच होनी चाहिए। वैसे जिला कारागार में सब कुछ ठीक-ठाक नहीं चल रहा है। जिला कारागार के अंदर होने वाली घटनाओं को दबा दिया जाता है।

गौरतलब है कि जिला कारागार में रविवार दोपहर उस समय सनसनी फैल गई, जब शहर कोतवाली के हिस्ट्रीशीटर व सजायाफ्ता कैदी का शव कारागार के अस्पताल के पीछे पेड़ से रस्सी के सहारे लटका मिला। घटना के बाद जेल प्रशासन और पुलिस अधिकारियों में हड़कंप मच गया। शहर कोतवाली के ग्राम पृथ्वीपुर उर्फ आदोपुर निवासी दीपक (30) पुत्र चंद्रपाल लूट के एक मामले में 18 फरवरी 2025 से जेल में निरुद्ध था।

जानकारी के अनुसार दीपक कुछ दिनों से जेल अस्पताल में भर्ती था। जेल प्रशासन के मुताबिक रविवार दोपहर अपनी बैरक में खाना लेकर खाया था। इसके बाद बैरक बंद करने के दौरान वह गायब मिला, तो उसे तलाश किया गया। तलाश के दौरान उसका शव अस्पताल के पीछे एक पेड़ से रस्सी के सहारे लटका मिला। सूचना मिलते ही जेल प्रशासन में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर शहर कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली और शव पोस्टमार्टम को भेजा। शाम करीब साढ़े चार बजे घटना की जानकारी मिलते ही परिजन और ग्रामीण बड़ी संख्या में पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गए। परिजनों ने आरोप लगाया कि दीपक की हत्या की गई है और मामले को आत्महत्या का रूप दिया जा रहा है। इस दौरान पोस्टमार्टम हाउस पर परिजनों की पुलिस अधिकारियों से तीखी नोकझोंक हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक पोस्टमार्टम पर अंदर जाने से रोकने पर पुलिस और परिजनों के बीच धक्का-मुक्की भी हुई। ग्रामीणों के हंगामा करने की सूचना पर एएसपी सिटी डा. केजी सिंह, सीओ सिटी संग्राम सिंह व शहर कोतवाली थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया।

### डीआईजी बरेली की गाड़ी को घेरा

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ग्रामीणों के जाम के दौरान डीआईजी बरेली अजय साहनी जजी चौक से गुजर रहे थे। पुलिस अधिकारी की गाड़ी को देखकर ग्रामीणों ने उसे घेर लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक डीआईजी की गाड़ी के सामने महिलाए व ग्रामीण बैठ गए। जिससे पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया।





## भाकियू टिकैत का एसडीएम कार्यालय पर धरना

### किसानों की समस्याओं को लेकर किया प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) कार्यकर्ताओं ने आज किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर एसडीएम कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया। कार्यकर्ता तिरपाल बिछाकर एसडीएम कार्यालय परिसर के बाहर बैठ गए और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की।

भाकियू के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष कविराज सिंह ने कहा कि क्षेत्र में अवैध खनन और लकड़ी कटान का कार्य खुलेआम जारी है, लेकिन प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा। उन्होंने आरोप लगाया कि किसान यदि अपने खेतों में खड़े पॉपुलर और यूकेलिप्टिस के पेड़ों का कटान करना चाहते हैं, तो उन्हें अनावश्यक रूप से परेशान किया जाता है। उन्होंने मांग की कि किसानों को स्वीकृत पेड़ों के कटान और बिक्री की प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा न दी जाए। इसके अलावा कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र में बढ़ रही निराश्रित पशुओं की समस्या से निजात दिलाने की मांग भी उठाई। धरने में महेंद्रपाल सिंह, महावीर सिंह, पदम सिंह, रुपेश शर्मा, रिंकू राजपूत, चंद्रदीप चौहान, विजय जैन, आलोक चौहान, जितेंद्र सिंह, ओमपाल सिंह, शीशपाल सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### महिला पुलिस कर्मी से लूट

**बिजनौर।** जनपद में कानून व्यवथा की स्थिति बद से बदत्तर हो चुकी है। अब तो खुद पुलिस कर्मी भी लूट एवं जानलेवा हमले जैसी सनसनीखेज वारदातों के शिकार हो रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि जनपद मुख्यालय पर एक दम्पत्ति पुलिस विभाग में तैनात है। महिला पुलिस कर्मी मंडावर रोड पर एसपी आवास के सामने से गुजर रही थी। वह स्कूटी पर सवार थी इस बीच तमंचे के बल पर उसे लूट लिया गया। सूत्रों का कहना है कि फजीहत से बचने के लिए पुलिस इस मामले को दबाने का प्रयास कर रही है। लेकिन जनपद में पुलिस की व्यवस्था फ्लॉप हो चुकी है।

## किसान संगठनों का झंडा व हूटर लगी गाड़ियों से सड़कों पर रौब गालिब

### चैकिंग के दौरान पुलिस भी नहीं रोक रही वाहन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सड़कों पर रौब गालिब करने का नया दौर चल रहा है। अब विभिन्न किसान संगठनों का झंडा व हूटर गाड़ियों में लगाकर सड़कों पर बादशाहत दिखाई जा रही है। मजाल है कि पुलिस वाहन चैकिंग के दौरान इस तरह के वाहनों को रोक कर नियमों का उल्लंघन करने पर इनका चालान कर सकें।

प्राप्त समाचार के अनुसार जनपद में एक दर्जन से ज्यादा किसान संगठनों के नाम चर्चाओं में हैं। कुछ किसान संगठन तो पुराने हैं और वह किसानों के मुद्दों को लेकर आवाज बुलंद करे रहे हैं। इन किसान संगठनों के द्वारा किए जाने वाले आंदोलन का असर प्रशासन पर भी पड़ता है। यह किसान संगठन सरकार से भी दो-दो हाथ करते हैं। गन्ना मूल्य भुगतान, मूल्य बढ़ोतरी, तीन कृषि कानून एवं स्मार्ट मीटर सहित फसलों का वाजिब मूल्य को लेकर यह किसान संगठन कई बार बड़े आंदोलन कर चुके हैं। मगर इस बीच कई किसान संगठन अस्तित्व में आ गए हैं। कई ऐसे संगठनों के नाम भी अक्सर सामने आ जाते हैं, जो किसानों के हितों को लेकर आंदोलन भी नहीं करते हैं। किसान संगठनों की विभिन्न शाखाएं भी राजनीतिक दलों प्रकोष्ठों की तरह बना ली गई हैं। इन शाखाओं से ऐसे युवक भी जुड़ रहे हैं, जो न तो किसान हैं और न ही किसानों का दर्द समझ सकते हैं। यह रौब गालिब करने के लिए ही नियुक्ति पत्र ले लेते हैं। इनको पद भी छोटे-मोटे नहीं मिलते हैं। कोई राष्ट्रीय स्तर का पदाधिकारी बन जाता है, तो किसी को प्रदेश स्तर का पद दे दिया जाता है। गाड़ियों में झंडे, पद नाम की बड़ी-बड़ी प्लेटें और हूटर लग जाता है। सड़कों पर लगातार हूटर बजा कर इस तरह से तेज गति से वाहन को दौड़ाया जाता है, जैसे आम आदमी के कोई भी अधिकार नहीं है। वाहनों को गलत ढंग से ओवर टेक कर यह तेज गति से निकल जाते हैं।

गंभीर बात यह है कि सड़कों पर चैकिंग अभियान चलाने वाली पुलिस भी इस तरह के वाहनों को रोक कर न तो कागजों की जांच करती है और न ही यह देखती है कि वाहन में अवैध रूप से हूटर लगाया गया है या नहीं। ऐसा लगता है कि पुलिस भी इन वाहनों की जांच करने से बचती है। पुलिस भी आम आदमी की ही जांच पर जोर देती है। जिसका फायदा यह उठा रहे हैं।

## पारिवारिक विवाद में खूनी संघर्ष, मुकदमा दर्ज

### ससुराल पक्ष ने दामाद पर किया जानलेवा हमला, चाकू और डंडों से पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** पारिवारिक कलह और आपसी मनमुटाव किस कदर हिंसक रूप ले सकता है, इसका एक सनसनीखेज मामला नगीना कस्बे में सामने आया है। यहां एक युवक पर उसके ही ससुराल वालों ने घर में घुसकर जानलेवा हमला कर दिया। आरोप है कि सुलह के बहाने आए ससुराल पक्ष के लोगों ने युवक को चाकू मारकर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर चार नामजद आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

स्थानीय मौहल्ला विश्नोई सराय (जोशियान) निवासी रोहन जोशी पुत्र प्रदीप जोशी की शादी करीब चार वर्ष पूर्व जसपुर (उत्तराखंड) निवासी विजय जोशी की पुत्री डौली के साथ हुई थी। रोहन का आरोप है कि शादी के बाद से ही उसके ससुर विजय जोशी और साले संदीप व राहुल उसके वैवाहिक जीवन में अत्यधिक हस्तक्षेप करते थे, जिसके कारण घर में अक्सर कलह रहती थी। विवाद तब बढ़ गया जब नवंबर 2025 में उसकी पत्नी डोली अपनी मां के पुश्तैनी जेवर लेकर मायके चली गई और वापस आने से इनकार कर दिया। रोहन ने इसकी शिकायत समाज और बिरादरी में की थी, जिससे ससुराल पक्ष के लोग रंजिश रखने लगे। पीड़ित रोहन के अनुसार, बीती 7 अप्रैल की सुबह करीब 8:30 बजे उसके ससुर विजय जोशी, साले संदीप व राहुल और उनके एक अन्य रिश्तेदार अवधेश जोशी उसके घर पहुंचे। उन्होंने रोहन पर तलाक के कागजातों पर हस्ताक्षर करने का दबाव बनाया। जब रोहन ने मना किया, तो आरोपियों ने उसे लात-घूसों और डंडों से बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। इसी बीच आरोपी संदीप ने जान से मारने की नीयत से रोहन पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर सुनकर पड़ोसियों के आने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले। घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस से गुहार लगाई थी, लेकिन कोई कार्रवाई न होने पर उसने न्यायालय की शरण ली। अब एसीजेएम न्यायालय के आदेश पर नगीना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं 115(2) स्वेच्छा से चोट पहुंचाना, धारा 352:ल शांति भंग करने के इरादे से अपमान, धारा 351(3) आपराधिक धमकी, धारा 109(1) हत्या के प्रयास से संबंधित उकसावा के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने एफआईआर संख्या 0117/2026 दर्ज कर मामले की विवेचना उप-निरीक्षक प्रशांत सिंह को सौंप दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की गहराई से जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

## एक नजर

### टाइनी फ्यूचर प्ले स्कूल में मनाया मदर्स-डे



**अफजलगढ़।** टाइनी फ्यूचर प्ले स्कूल में मदर्स-डे के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शेफाली अग्रवाल की अध्यक्षता व स्कूल की प्रिंसिपल मिस फातिमा कुरैशी के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षिका सबा सिद्दीकी बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रही। कार्यक्रम में जहां एक ओर बच्चों ने मातृ प्रेम को प्रदर्शित कर फिल्मी गीत पर शानदार प्रस्तुति देते हुए सभी को भावुक कर दिया, वहीं दूसरी ओर कई महिलाओं ने भावात्मक अंदाज में बाल प्रेम से सराबोर सामूहिक कार्यक्रम पेश कर मां को बच्चों से प्रेम को प्रस्तुत दिया। इस मौके पर चीफ गेस्ट सबा सिद्दीकी सहित कई महिला वक्ताओं ने मां को बच्चे की पहली पाठशाला बताया और कहा कि मां ही बच्चे की सच्ची मार्गदर्शक होती है। कार्यक्रम पेश करने वाले कई बच्चों व माताओं को स्कूल परिवार की ओर से सम्मानित किया गया। इस मौके पर एकता अग्रवाल, कनिष्का अग्रवाल, निर्मला कर्णवाल, रेणु कर्णवाल, इशिता गुप्ता, पूजा त्रिपाठी, शगुफ्ता फातिमा व शबाना परवीन आदि अनेक महिलाएं खासतौर से उपस्थित रही। कार्यक्रम को कामयाब बनाने में फातिमा कुरैशी सहित स्कूल की शिक्षिकाओं बुशरा खान, शारिया खान व तहूरा फरीदी की अहम भूमिका रही।

### गैर जमानती वारंटी गिरफ्तार



**किरतपुर।** पुलिस ने पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त सहित विभिन्न मामलों में फरार चल रहे पांच गैर-जमानती वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि लगभग 12 दिन पूर्व नगर के एक मोहल्ला निवासी व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिग पुत्री को राहुल पवार पुत्र राम सिंह निवासी तुलंगा, थाना गुप्तकाशी जनपद रुद्रप्रयाग (उत्तराखंड) बहला- फुसलाकर ले गया तथा उसके साथ दुष्कर्म किया। किशोरी के गर्भवती होने पर मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने आरोपी राहुल पवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया। इसके अलावा विभिन्न मामलों में न्यायालय से जारी गैर-जमानती वारंट के तहत फरार चल रहे वसीम पुत्र रफीक निवासी मौहल्ला मिर्जापुरा, फैमीदा पत्नी मुस्तकीम निवासी मौहल्ला अंसारियान, कय्यूम पुत्र अमानुल्लाह निवासी मौहल्ला अहमदखैल, रहमान पुत्र हनीफ निवासी ग्राम शाहपुर रतन सिंह तथा धर्म सिंह पुत्र नानक सिंह निवासी ग्राम शाहपुर सूखा को भी गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

### तालाब को कब्जा मुक्त कराया



**स्योहारा।** कस्बा सहसपुर में स्थित तालाब पर किए गए अवैध कब्जे को प्रशासन ने हटाते हुए उसे कब्जा मुक्त कराया है। यह कार्रवाई एसडीएम के आदेश पर राजस्व विभाग एवं नगर पंचायत की संयुक्त टीम द्वारा की गई। नायब तहसीलदार विजय कुमार ने बताया कि सहसपुर कस्बे के मौहल्ला मौलवियान में स्थित तालाब पर कुछ लोगों द्वारा अस्थायी कब्जा कर लिया गया था। पूर्व में भी चिन्हांकन कर तालाब को कब्जा मुक्त कराया गया था लेकिन पुन उस पर अतिक्रमण कर लिया गया। प्रशासनिक टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करते हुए तालाब को दोबारा कब्जा मुक्त करा दिया। ईओ दीपक कुमार ने बताया कि कस्बे में स्थित दोनों तालाबों को कब्जा मुक्त करा लिया गया है। उन्होंने कहा कि जल्द ही इन तालाबों के सौंदर्यीकरण का कार्य भी कराया जाएगा, जिससे क्षेत्र की सुंदरता बढ़ेगी और जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। इस दौरान नायब तहस. ीलदार विजय कुमार, अधिशासी अधिकारी दीपक कुमार, हल्का लेखपाल नरेश कुमार, चौकी इंचार्ज यशदेव शर्मा सहित राजस्व एवं नगर पंचायत के कर्मचारी मौजूद रहे।

## अनियंत्रित ऑटो ने बाइक को मारी टक्कर, पिता-पुत्र समेत तीन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** बढ़ापुर मार्ग प आज दोपहर एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ऑटो रिक्शा ने बाइक सवार परिवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि उसकी पत्नी और बेटा भी चोटिल हुए हैं। आरोपी ऑटो चालक मौके से वाहन सहित फरार हो गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार बढ़ापुर के मौहल्ला नौमी निवासी अब्दुल सलाम (पुत्र मुनव्वर अहमद) अपनी पत्नी रोशन और बेटे के साथ बाइक पर सवार होकर नगीना आ रहे थे। दोपहर लगभग दो बजे, जैसे ही वे सिंचाई विभाग की नहर की पट्टी से बढ़ापुर रोड से हरेवाली रोड की ओर मुड़े, तभी सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ऑटो रिक्शा ने उनकी बाइक को सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार तीनों सड़क किनारे खेत में जा गिरे। हादसे में अब्दुल सलाम को गंभीर चोटें आईं, जबकि रोशन को मामूली चोट लगी है। शोर सुनकर मौके पर राहगीरों की भारी भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायल के परिजनों को सूचित किया और 108 एम्बुलेंस की मदद से घायलों को सीएचसी नगीना भिजवाया। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने अब्दुल सलाम की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं ,छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# गोकशी में मनोज व राजवीर गिरफ्तार



## आवारा गोवंश पकड़कर बेचते थे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हीमपुर दीपा।** पुलिस ने पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन पर गौवंशीय पशुओं की हत्या में शामिल होने का आरोप है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से नकदी और रस्सियां बरामद की हैं, जबकि घटना में प्रयुक्त कार पहले ही जब्त कर ली गई थी।

प्राप्त समाचार के अनुसार पुलिस को सात मई को ग्राम अकबरपुर तिगरी स्थित जंगल में एक संदिग्ध सेंट्रो कार (DL4CS2843) खड़ी होने की सूचना मिली थी, जिसके पास एक गौवंशीय पशु का शव पड़ा था। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने मौके पर गौवंशीय पशु का शव, पशु वध के उपकरण और घटना में प्रयुक्त कार बरामद की।

जांच में पता चला कि दो व्यक्ति घटना को अंजाम देने के बाद ग्रामीणों के आने पर भागते हुए दिखाई दिए थे। पुलिस ने गौवंशीय पशु के शव का नियमानुसार चिकित्सकीय परीक्षण कराकर दफनाया। इस संबंध में थाना हीमपुर दीपा में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा अपराध संख्या 37/26 धारा 3/5क/8 गौवध निवारण अधिनियम व 11(1)क पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। घटना के शीघ्र अनावरण के लिए पुलिस टीमों का गठन किया गया था। अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत नौ मई को हीमपुर दीपा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि 7 मई को अकबरपुर तिगरी जंगल में हुई गौकशी की घटना से संबंधित आरोपी आज फिर ग्राम भवानीपुर गांगरैन में गौकशी करने की फिराक में हैं। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राजवीर उर्फ राजू पुत्र रमेश सिंह और मनोज पुत्र राजवीर, दोनों निवासी ग्राम लदुपुरा, थाना हीमपुर दीपा के रूप में हुई। उनके कब्जे से तीन रस्सियां और 3500 रुपए नकद बरामद हुए। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे आवारा गौवंशीय पशुओं को पकड़कर बाबू कुरैशी पुत्र अब्दुल हमीद निवासी ग्राम सबदलपुर, थाना हीमपुर दीपा और उसके साथियों को पैसे लेकर उपलब्ध कराते थे। इसी क्रम में, 7 मई 2026 को उन्होंने ग्राम अकबरपुर तिगरी के जंगल स्थित यूकेलिप्टस के खेत में एक गौवंश को पकड़कर बाबू कुरैशी और उसके साथियों को सौंपा था। इसके बाद बाबू कुरैशी और उसके साथियों ने उक्त गौवंश का वध किया था।

घटना के दौरान ग्रामीणों और पुलिस के मौके पर पहुंचने पर आरोपी अपनी कार और पशु काटने के उपकरण मौके पर छोड़कर फरार हो गए थे। वे दोनों (राजवीर और मनोज) आज फिर किसी आवारा पशु को पकड़ने की फिराक में थे।

सूत्रों का कहना है कि जनपद में इस तरह से गौवंश की सप्लाई की जा रही है। गौवंश की सप्लाई करने वाले मनोज जैसे अभिक्त के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही नहीं हो पाती है।

## भूमि को कब्जा मुक्त कराने की मांग

**नहटौर।** पैजानिया मार्ग पर स्थित मौजा हरिराज नंगला में कुछ भू-स्वामियों द्वारा निजी स्वार्थ के लिए सरकारी नाली के अस्तित्व को समाप्त करने का प्रयास किया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि आरोपी ने सरकारी नाली की भूमि को काटकर उसे अपने निजी प्लॉट की सीमा में मिला लिया है। वहां खड़े लगभग 11 फलदार और छायादार पेड़ों को भी अवैध रूप से काट दिया गया है। क्षेत्र के किसानों ने इस कार्रवाई पर गहरी नाराजगी व्यक्त की है। उनका कहना है कि सरकारी नाली कटने से भविष्य में जल निकासी की गंभीर समस्या उत्पन्न हो जाएगी, जिससे उनकी फसलों को भारी नुकसान होने की आशंका है। शिकायतकर्ताओं ने पुलिस प्रशासन को तहरीर देकर मांग की है कि सरकारी भूमि (नाली) की तत्काल पैमाइश कराई जाए। साथ ही, अवैध रूप से कब्जाई गई भूमि को कब्जा मुक्त कराया जाए।

## एक नजर

### शोकसभा का आयोजन



**चांदपुर।** सपा नेता हाजी मोहसिन अंसारी के प्रतिष्ठान पर शोकसभा का आयोजन किया गया। शोकसभा में पूर्व मंत्री ओमवती के निधन पर दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगतात्मा की शान्ति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई। शोकसभा में हाजी मोहसिन अंसारी ने कहा कि पूर्व मंत्री ओमवती ने अपने मंत्री कार्यकाल में अनेको ऐतिहासिक कार्यों को अंजाम दिया। उन्होंने सर्वसमाज के उत्थान के लिए कार्य किए। शोकसभा में शकील पहलवान, मौहम्मद अतर, मौहम्मद तालिब, मौहम्मद शाहिद, समीर अहमद, आवेश अंसारी आदि सपाई उपस्थित रहे। उधर एक संदेश में सपा के सक्रिय युवा नेता रिजवान सलमानी ने भी पूर्व मंत्री ओमवती के निधन पर गहरा शोक जताते हुए दिवंगत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की है।

### तमंचे के साथ युवक गिरफ्तार, चालान



**नांगल सोती।** चैकिंग के दौरान पुलिस ने नांगल थाना क्षेत्र के ग्राम सबलपुर बीतरा निवासी गुलजार पुत्र लड्डन को एक अवैध 12 बोर तमंचे और दो जिंदा कारतूस के साथ पकड़ लिया। जिसके बाद पुलिस ने उसके विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर चालान कर दिया।

### मां भगवती का विशाल जागरण



**नहटौर।** मौहल्ला कायस्थान स्थित आर्य समाज मंदिर में 35वें मां भगवती विशाल जागरण का भव्य आयोजन श्रद्धा, उत्साह एवं भक्तिमय वातावरण के बीच संपन्न हुआ। कार्यक्रम के शुभ अवसर पर मां भगवती की पावन ज्योत पूरे विधि-विधान एवं जयकारों के साथ मां चंडी देवी हरिद्वार से लाई गई, जिसके बाद विशाल जागरण का शुभारंभ हुआ। मौहल्ला कायस्थान स्थित आर्य समाज मंदिर के पास जागरण में कलाकारों द्वारा प्रस्तुत भजनों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया तथा श्रद्धालु देर रात तक माता रानी के भजनों पर झूमते नजर आए। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष नवीन वर्मा, संजय शर्मा, रोहित वर्मा, अंकित वर्मा सत्य प्रकाश वर्मा दीपक वर्मा दीपक शर्मा अमन वर्मा प्रियांशु वर्मा युवराज वशिष्ठ विशाल वर्मा सहित समस्त मौहल्लावासियों का विशेष सहयोग रहा। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए मां भगवती से सभी के सुख-समृद्धि की कामना की।

### जिला स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का समापन

**बिजनौर।** बिजनौर डिस्ट्रिक्ट बास्केटबॉल एसोसिएशन के सचिव योगेश्वर त्यागी ने बताया कि बिजनौर की दो दिवसीय 16 वर्ष तक के बालकों की जिला स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का समापन बिजनौर पब्लिक स्कूल में हुआ। प्रतियोगिता के समापन के अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलकूद भी जीवन का एक अत्यंत महत्वपूर्ण भाग है। इस मौके पर बिजनौर पब्लिक स्कूल के संसीापक मैनेजर महेंद्र सिंह एवं प्राचार्य विकास तयागी विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में दिल्ली पब्लिक स्कूल, बिजनौर ने आरआर मोरारका पब्लिक स्कूल नजीबाबाद को 59 के मुकाबले 37 अंकों से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। सेंट मेरिज स्कूल नजीबाबाद ने सेंट मेरिज इंटर कालेज नूरपुर को 46 के मुकाबले 37 अंकों से परास्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में प्रशांत डबास, प्रशांत छिल्लर, हेमंत त्यागी, शशांक दिवाकर, उर्वशी, मनस्वी, शताक्षी एवं महक आदि ने निर्णायकों की भूमिका का सफलता पूर्व निर्वहन किया। कार्यक्रम का संचालन गोपाल त्यागी ने किया। मुख्य अतिथि को बिजनौर डिस्ट्रिक्ट बास्केटबॉल एसोसिएशन के सचिव योगेश्वर त्यागी ने प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में बिजनौर बास्केटबॉल संघ के पदाधिकारी आदेश दाहिया उर्फ मोनू, अजय वत्स, विशाल चौधरी, गोपाल त्यागी आदि का विशेष योगदान रहा। इस मौके पर रिंकू प्रधान, राहुल इंजीनियर, ऋतिक त्यागी एवं अनुज भी मौजूद रहे।

## सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक धार्मिक टिप्पणी करने वाले युवक पर मुकदमा दर्ज

**नगीना।** थाना क्षेत्र में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने और आपत्तिजनक धार्मिक टिप्पणी करने का मामला सामने आया है। उप-निरीक्षक रामचंद्र सिंह ने बताया कि फेसबुक पर एक वीडियो वायरल हो रहा था। जिसमें धार्मिक रूप से संवेदनशील और आपत्तिजनक टिप्पणियां की गई थी। पुलिस द्वारा की गई शुरुआती जांच में पाया गया कि आरोपी नागेंद्रपाल सिंह पुत्र गंगाराम, निवासी मौहल्ला अंबेडकर नगर ने अपनी फेसबुक आईडी से करीब चार सप्ताह पहले एक वीडियो पोस्ट किया था। इस वीडियो में ऐसी सामग्री थी, जिससे विभिन्न समुदायों के बीच शत्रुता, घृणा और वैमनस्य फैलने की प्रबल आशंका थी। पुलिस के मुताबिक, आरोपी ने इलेक्ट्रॉनिक संचार माध्यम का उपयोग कर सांप्रदायिक तनाव पैदा करने के उद्देश्य से यह पोस्ट साझा की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए, पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस, 2023 की धारा 353(2) के तहत एफआईआर संख्या 0116 दर्ज की है। थाना प्रभारी के निर्देशानुसार, इस मामले की विवेचना उप-निरीक्षक सोहन सिंह पुंडीर को सौंपी गई है। पुलिस अब इस मामले में तकनीकी साक्ष्य जुटा रही है और आरोपी के खिलाफ आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस प्रशासन ने जनता से कहा है कि सोशल मीडिया पर किसी भी तरह की भड़काऊ या सांप्रदायिक पोस्ट साझा न करें, अन्यथा उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## तालाब की भूमि की पैमाइश को लेकर मारपीट में चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रेहड़।** ग्राम दहलावाला में तालाब की भूमि की पैमाइश को लेकर चार दिन पूर्व हुई मारपीट की घटना के मामले में आज चार आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम दहलावाला निवासी हेमलता पत्नी विजयपाल सिंह ने शनिवार को थानाध्यक्ष को दी तहरीर में बताया कि पांच मई को उसके गांव में राजस्व कर्मी पुलिस कर्मियों के साथ तालाब की भूमि पैमाइश करने आए थे और पैमाइश कर निशानदेही के लिए लोहे के पाइप गाड़ दिए थे। हेमलता का आरोप है कि इसी दौरान मौके पर आए ग्राम प्रधान राजेश सिंह ने इस पैमाइश का विरोध किया और कहा कि जब तक राजस्व विभाग की पूरी टीम नहीं आएगी, तब तक पैमाइश नहीं होगी। जिसके बाद पुलिस एवं राजस्व कर्मी वापस चले गए। हेमलता का आरोप है कि पुलिस व राजस्व कर्मियों के जाने के बाद गांव निवासी महेश पुत्र बेगराज एवं उसके परिवार के सदस्य लोहे के पाइप उखाड़ने लगे। उसने और उसकी जेठानी सोमी पत्नी महेंद्र सिंह ने लोहे के पाइप उखाड़ने को मना किया, तो महेश पुत्र बेगराज, पूनम पत्नी महेश, भगवंता पुत्र ब्रह्मपाल व देवी पुत्र लेखराज निवासीगण ग्राम दहलावाला ने लाठी-डंडे, फावड़े, धारदार हथियार व ईंट-पत्थरों से उसके व उसकी जेठानी सोमी पत्नी महेंद्र सिंह के घर पर हमला बोलकर मारपीट शुरू कर दी। हेमलता ने बताया कि आरोपियों द्वारा की गई मारपीट में उसकी जेठानी सोमी मौके पर ही बेहोश हो गई एवं उसकी जेठानी के पुत्र अंकुल देव के सिर पर गंभीर चोट आई जिनका उपचार चल रहा है, जिसके कारण तहरीर देने में देरी हुई। थानाध्यक्ष राजीव कुमार वर्मा ने बताया कि हेमलता की तहरीर पर महेश पुत्र बेगराज, पूनम पत्नी महेश, भगवंता पुत्र ब्रह्मपाल एवं देवी पुत्र लेखराज के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## दि मिलेनियम एकेडमी में मदर्स डे धूमधाम से मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** दि मिलेनियम एकेडमी स्कूल में मदर्स-डे पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुमन त्यागी (वरिष्ठ नेत्री एवं पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा) एवं गजेंद्र सिंह (उप बेसिक शिक्षा अधिकारी जलीलपुर-चांदपुर) व विद्यालय के प्रबंधक विपिन गोयल ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया।

### विद्यालय के बच्चों ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम



विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना, 'ओ मेरी मां', 'माँ की लाडली', 'तेरी उंगली पकड़ के चला', 'पापा मेरे पापा' कार्यक्रम बहुत सराहे गए। 'तेरी उंगली पकड़ के चला' कार्यक्रम ने दर्शकों की आंखों को नम कर दिया। फिल्म 'आपरेशन मजनू' की प्रथम वर्षगांठ को समर्पित लघु नाटिका को भी बहुत सराहा गया। ग्रामीण अंचल के छोटे-छोटे बच्चों ने सिद्ध कर दिया कि प्रतिभा में वे भी किसी से कम नहीं हैं। इससे पहले विपिन कुमार गोयल एड. ने अतिथियों का विद्यालय पहुंचने पर फूलों की मालाओं से स्वागत किया।

इस मौके पर उप बेसिक शिक्षा अधिकारी गजेंद्र सिंह ने प्रबंधक, स्टाफ एवं बच्चों की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम अध्यक्षा सुमन त्यागी ने उपस्थित मातृ शक्ति, अभिभावकों एवं बच्चों का वंदन करते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की एवं लड़कियों की शिक्षा पर विशेष बल दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महेश चंद त्यागी, विशेष तोमर, वैशाली चौधरी, रिया चौधरी, आशु त्यागी, साक्षी तोमर आदि का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में डा. संजय त्यागी, प्रधानाचार्य हरि सिंह त्यागी (एसवीएम) कॉलेज सिसौना) जोगेंद्र सिंह (प्रबंधक चिकारा पब्लिक इ.का. लधुपुरा), विकल्प तोमर (प्रधानाध्यापक प्रा. स्कूल ताहरपुर), अर्पित गोयल (वरिष्ठ भाजपा नेता), आशीष जिंदल, कृष्ण कुमार, विनेश त्यागी (पूर्व प्रधानाचार्य हिंदू इ. का. चांदपुर) व बड़ी संख्या में अभिभावक व ग्रामीण उपस्थित रहे।

## धींगरपुर और पाडला को जोड़ने वाली सड़क खस्ताहाल

### ग्रामीणों को आवाजाही में हो रही भारी परेशानी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** हल्दौर मार्ग से ग्राम धींगरपुर और पाडला को जोड़ने वाली एक किलोमीटर लंबी सड़क की हालत बेहद खस्ताहाल हो चुकी है। सड़क पूरी तरह से उखड़ जाने के कारण ग्रामीणों, किसानों और स्कूली बच्चों को आवाजाही में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसान नेता अतुल चौधरी ने प्रशासन से इस समस्या का तत्काल समाधान करने की मांग की है।

प्राप्त समाचार के अनुसार यह मार्ग अब कंकड़-पत्थरों से भर गया है, जिससे दोपहिया वाहनों के फिसलने का खतरा बना रहता है। सड़क की ऊपरी परत पूरी तरह से गायब हो चुकी है, जिससे यह रास्ता ऊबड़-खाबड़ और जोखिम भरा हो गया है। इस बदहाल सड़क के कारण किसानों को अपनी फसल मंडी तक ले जाने में काफी दिक्कतें आ रही हैं। ट्रैक्टर-ट्रॉली जैसे कृषि उपकरणों को भी इस रास्ते से ले जाना मुश्किल हो गया है। इसके अलावा, स्कूली बच्चों और स्थानीय निवासियों का प्रतिदिन इस मार्ग से गुजरना भी दूभर हो गया है।

ग्रामीणों का आरोप है कि उन्होंने सड़क की मरम्मत के लिए कई बार जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से गुहार लगाई है, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। उनकी शिकायतों को लगातार अनदेखा किया जा रहा है।

किसान नेता अतुल चौधरी ने मौके पर पहुंचकर सड़क की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने सड़क से पत्थर उठाकर दिखाते हुए बताया कि आज भी बड़ी संख्या में लोग इस मार्ग से गुजरे, जिन्हें काफी असुविधा हुई।

चौधरी ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सड़क का निर्माण नहीं कराया गया, तो ग्रामीण बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे। उन्होंने कहा सड़क की हालत इतनी खराब है कि पैदल चलना भी मुश्किल है। हम शासन-प्रशासन से मांग करते हैं कि इस मार्ग का अविलंब नवीनीकरण कराया जाए।

# महिला सशक्तिकरण में उमड़ा महिलाओं का सैलाब

### सम्मेलन में शिक्षा और खेल क्षेत्र के उत्कृष्ट विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** स्थानीय आरबीएस इंटर कॉलेज में महिला सशक्तिकरण एवं जागृति सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें शांतिकुंज ने शिक्षा और खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया।

मंच से वर्मा ठाकुर, विमा माहौटे, विजया शर्मा, उमा गढ़िया और ममता मंजरी ने संगीतमय उद्बोधन दिया। वक्ताओं द्वारा बताया गया कि हमारा देश विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है और वह समय दूर नहीं, जब भारत अपने आपको विश्वपटल पर एक विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करेगा। परंतु विकास के इस पथ पर कालचक्र के प्रभाव में एवं पाश्चात्य सस्कृति के अंधानुकरण से आज राष्ट्र में अनेक समस्याएं उभरी हैं। परिवारों में बिखराव, नई पीढ़ी की दिशाहीनता, जीवन मूल्यों का पतन जैसी कुछ प्रमुख समस्याएं ऐसी हैं, जिनका सीधा समाधान महिला सशक्तिकरण में ही है। बच्चे किसी भी राष्ट्र का भविष्य हैं और इनके शिक्षण की प्रथम गुरू एक महिला ही है। इसी प्रकार किसी भी परिवार की संचालन धुरी एक महिला ही होती है। यह तो एक अटल सत्य है कि भावी पीढ़ी के निर्माण एवं परिवार की उन्नति के साथ समाज एवं राष्ट्र का विकास जुड़ा है। इसलिए राष्ट्रिय विकास हेतू महिलाओं का सर्वांगीण सशक्तिकरण आवश्यक ही नहीं अनिवार्य भी है। सभा की अध्यक्षता मुख्य अतिथि उच्च न्यायालय इलाहाबाद से सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति रामावतार सिंह, संचालन मंजू त्यागी नें किया। नजीबाबाद जोन प्रभारी अशोक कुमार सिंह और उपजोन प्रभारी उदय सिंह चौहान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे। डा. वेदपाल चौहान ने इस कार्यक्रम का आयोजन किया। स्थानीय जोन समन्वयक दीपक कुमार, सुरेंद्र सिंह, इंद्रदेव शर्मा, सौरन सिंह, नरेश कुमार, विनोद कुमार, वीरेंद्र शर्मा, विपिन कुमार, डालचंद फौजी, लोलेन्द्र सिंह और विसंभर सिंह सहित कई अन्य सम्मानित सदस्यों ने आयोजन में सहयोग दिया।

## आसपा जिला प्रभारी मौहम्मद ताहिर ने किया चांदपुर विधानसभा क्षेत्र का भ्रमण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** आजाद समाज पार्टी जिला प्रभारी मौहम्मद ताहिर ने अपनी टीम के साथ चांदपुर विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों का भ्रमण कर पार्टी की नीतियों, सांसद चंद्रशेखर आजाद के विचारों, उनके संघर्षो को जन-जन तक पहुंचाने के लिए ग्रामीणों से सम्पर्क किया तथा आगामी चुनावों की तैयारी करने की अपील की। ग्रामीण भ्रमण में सतपाल चौधरी (राष्ट्रीय कोर कमेटी सदस्य एवं राजस्थान प्रभारी) सहित पार्टी के कई कार्यकर्ता शामिल रहे। इस दौरान मौहम्मद ताहिर ने 2027 विधानसभा चुनाव को लक्ष्य बनाते हुए ग्रामीणों के बीच अपने विचार रखे। उन्होंने आजाद समाज पार्टी, भीम आर्मी एवं चंद्रशेखर आजाद की विचारधारा को मजबूत करने का आह्वान किया तथा अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। उनके साथ ाजवीर सिंह जिला उपाध्यक्ष, कृष्ण कुमार जिला सचिव, आदित्य चौधरी एवं भूरे खान प्रदेश प्रचारक प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## एक नजर

### तालमपुर में पिंजरे में फंसा शावक



**चांदपुर।** क्षेत्र के तालमपुर इलाके में आज सुबह वन विभाग द्वारा लगाए गए पिंजरे में एक गुलदार का शावक कैद मिला। पिछले कई दिनों से क्षेत्र में गुलदार की मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत का माहौल था, जिसके बाद वन विभाग ने इलाके में पिंजरा लगाया था। शिकार की तलाश में निकला गुलदार का शावक मुर्गियों के लालच में पिंजरे के अंदर चला गया और वहीं फंस गया। सुबह खेतों की ओर गए ग्रामीणों ने जब पिंजरे में गुलदार को देखा, तो मौके पर भीड़ जुट गई। भीड़ बढ़ने से शावक पिंजरे के अंदर बेचौन नजर आया। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और सावधानीपूर्वक गुलदार के शावक को कब्जे में लेकर रेंज कार्यालय ले गई। वन रैंजर दुष्यंत सिंह ने बताया कि पकड़ा गया गुलदार लगभग सात महीने का शावक है। उसका मेडिकल परीक्षण कराया जाएगा और विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। वन विभाग के अनुसार, क्षेत्र में दहशत फैलाने वाला व्यस्क गुलदार अभी पकड़ में नहीं आया है। इसी वजह से तालमपुर और आसपास के गांवों में लोगों के बीच अभी भी भय का माहौल बना हुआ है। विभाग ने ग्रामीणों से सतर्क रहने और अकेले जंगल या खेतों की ओर न जाने की अपील की है।

### शिक्षक मौहम्मद अलीम को गुरुरत्न सम्मान



**बिजनौर।** दयावती धर्मवीरा पब्लिक स्कूल (डीडीपीएस) के गणित प्रवक्ता मौहम्मद अलीम को गुरुरत्न शिक्षक- सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया है। उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान, अनुशासित शिक्षण-शैली और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए श्बेस्ट टीचर ऑफ द ईयरश श्रेणी में यह सम्मान मिला। यह सम्मान डा. जे.रामचंद्रन मैरीटाइम फाउंडेशन और सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के सहयोग से एएमईटी विश्वविद्यालय चेन्नई, तमिलनाडु द्वारा प्रदान किया गया। यह सम्मान समारोह आज सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, हापुड़, उत्तर प्रदेश में आयोजित हुआ। यह 'गुरुरत्न शिक्षक-सम्मान' मौहम्मद अलीम के वर्षों के समर्पण और विद्यार्थियों के प्रति उनकी सेवा का प्रतीक है। उन्होंने गणित जैसे जटिल विषय को सरल, रोचक और व्यावहारिक तरीके से प्रस्तुत किया है, जिससे विद्यार्थियों में विषय के प्रति गहरी रुचि पैदा हुई है। उनकी शिक्षण-शैली स्पष्ट, प्रभावशाली और प्रेरणादायक मानी जाती है, जो छात्रों को न केवल अच्छे अंक प्राप्त करने में बल्कि विषय को गहराई से समझने में भी मदद करती है। मौहम्मद अलीम के मार्गदर्शन में स्कूल ने लगातार चार वर्षों तक गणित विषय में टॉपर दिए हैं। वे पिछले लगभग 15 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में गणित शिक्षक के रूप में योगदान दे रहे हैं। वर्तमान में, वे दयावती धर्मवीरा पब्लिक स्कूल, बिजनौर में पीजीटी गणित के पद पर कार्यरत हैं।

# आतंक का पर्याय बना गुलदार पिंजरे में कैद

## गुलदार को देखने के लिए ग्रामीणों का तांता लगा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** आतंक का पर्याय बना गुलदार आखिरकार पिंजरे में कैद हो गया। वन विभाग ने गुलदार को रेस्क्यू कर पीली बांध चौकी पहुंचाया है। किसानों ने बताया कि क्षेत्र में अभी दो गुलदार और हैं। वन विभाग ने दोनों स्थान पर पिंजरा लगाने का आश्वासन दिया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम मानियावाला स्थित शहाबुद्दीन के खेत तथा नरेंद्र चौहान के खेतों में दो स्थानों पर पिछले सप्ताह वन विभाग ने पिंजरे लगाए थे। आज प्रात: खेत पर जा रहे किसान परमेंद्र कुमार, रिशभ चौहान, राजवीर सिंह उर्फ अप्पू ने देखा कि यूकेलिप्टिस की टोनिया में लगे पिंजरे में गुलदार फंसा है। किसानों ने तत्काल वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही वन कर्मी नईम अहमद व अंकित चौहान मौके पर पहुंचे और गुलदार को पिंजरे सहित रक्स्यू कर पीली बांध चौकी ले गए। वनकर्मी अंकित चौहान ने बताया कि वन विभाग उच्चाधिकारियों के अग्रिम आदेश तक गुलदार को चौकी पर ही रखा जाएगा। गुलदार के पिंजरे में कैद होने की खबर लगते ही भारी संख्या में ग्रामीणों का तांता लग गया।



# टाइनी फ्यूचर प्ले स्कूल में मदर्स-डे की धूम

## माताओं की शानदार प्रस्तुतियों ने जीता सभी का दिल




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** टाइनी फ्यूचर प्ले स्कूल में मदर्स डे के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें माताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए शानदार प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का उद्देश्य मातृत्व के सम्मान और मां के प्रति प्रेम व सम्मान को व्यक्त करना रहा।

विद्यालय की प्रिंसिपल एवं डायरेक्टर फातिमा साहिबा के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में सभी माताओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया और मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी का दिल जीत लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सबा सिद्दीकी एवं विशिष्ट अतिथि शेफाली रहीं। जिन्होंने कार्यक्रम की सराहना करते हुए सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम में पूजा त्रिपाठी, एकता शर्मा, निर्मला कंवर, रेनू कर्णवाल, इशिता गुप्ता एवं कनिष्का अग्रवाल सहित अन्य माताओं ने आकर्षक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

विद्यालय स्टाफ की ओर से बुशरा खान, शारिया खान, इल्मा फरीदी, नजमा, सालिहा का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में सभी माताओं को सम्मानित किया गया तथा उपस्थित अभिभावकों ने विद्यालय के इस प्रयास की भूरि-भूरि प्रशंसा की। फातिमा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## बीएसए सहित दो पर प्रकीर्ण वाद दर्ज करने का न्यायालय ने दिया आदेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अपर जिला एवं सत्र न्यायालय पोक्सो कोर्ट में सरकार बनाम नकुल आदि थाना नूरपुर का मुकदमा विचाराधीन था।

उक्त मामले में कोर्ट ने पूर्व माध्यमिक विद्यालय अथाई अहीर विकास क्षेत्र नूरपुर जिला बिजनौर के प्रधानाचार्य को उक्त मामले में मुकदमे से संबंधित दस्तावेज पेश करने के आदेश दिए थे। प्रभारी अध्यापक राजबाला द्वारा मिथ्या दस्तावेज कोर्ट में पेश करने पर बीएसए को निर्देश दिया था कि वह उक्त मामले में जांच कर विद्यालय को सेवानिवृत्त प्रभारी राजबाला के खिलाफ स्पष्ट आख्या कोर्ट में पेश करें। उक्त निर्देश पर बीएसए ओर से जांच के बाद शिक्षिका राजबाला के खिलाफ स्पष्टीकरण तो दिया गया, लेकिन उक्त स्पष्टीकरण से न्यायालय संतुष्ट नहीं हुआ। स्पष्टीकरण में कई खामियां पाई गईं। मामले में न्यायाधीश कल्पना पांडेय ने लापरवाही बरतने पर तथा कोर्ट में संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं देने पर बीएसए और सेवानिवृत्ति प्रभारी अध्यापक पूर्व माध्यमिक विद्यालय अथाई अहीर विकास क्षेत्र नूरपुर जिला बिजनौर राजबाला के खिलाफ अपराधिक प्रकीर्ण वाद दर्ज करने के आदेश दिए हैं। यानि अब दोनों सीधे तौर पर केस में शामिल हो गए हैं। दोनों को खुद ही कोर्ट में प्रस्तुत होकर पक्ष रखना होगा। कोर्ट में उक्त मामले में अगली सुनवाई छह छून को होगी। बीएसए सचिन कसाना ने बताया कि प्रकरण की जानकारी नहीं थी। वे अपना पक्ष कोर्ट में रखेंगे।

# आरजेपी में अभिभावक शिक्षक संघ का गठन

## सर्वसम्मति से अर्जुन सिंह अध्यक्ष व डॉ. शशिबाला बनी उप मंत्री

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आरजेपी इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य गय्यूर आसिफ की अध्यक्षता एवं मनोज कुमार के संचालन में अभिभावक संघ की बैठक आयोजित हुई।

बैठक में पहली बार सैकड़ों की संख्या में विद्यार्थियों के अभिभावकों ने प्रतिभाग किया। सर्वप्रथम प्रधानाचार्य एवं अभिभावकों के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।

सभा को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य गय्यूर आसिफ ने कहा कि अभिभावक-शिक्षक संघ स्कूल और माता-पिता के बीच एक मजबूत सेतु का काम करता है, जो विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और शैक्षणिक प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए मिलकर काम करते हैं। यह संघ माता-पिता को स्कूल की नीतियों, बच्चों की जरूरतों और उनकी प्रगति के बारे में सूचित रखने के साथ-साथ एक सहयोगी शैक्षिक माहौल तैयार करने में मदद करता है।



बैठक में अनेक अभिभावकों ने अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर शासन द्वारा जारी किए गए दिशा-निर्देश के अनुसार अभिभावक शिक्षक संघ गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष अर्जुन सिंह, उपाध्यक्ष एवं संरक्षक प्रधानाचार्य गय्यूर आसिफ, मंत्री (उप प्रधानाचार्य) बालेश कुमार, उप मंत्री शशिबाला, कोषाध्यक्ष कुमार को सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया।

बैठक में उप प्रधानाचार्य बालेश कुमार, सुधांश वत्स, नरेंद्र कुमार, एसपी गंगवार, सुधीर कुमार राजपूत, बृजेश कुमार राजपूत, सुभाष बाबू राजपूत, चंद्रहास सिंह, अतुल कुमार रस्तोगी, तेजपाल सिंह, भूपेंद्र पाल सिंह, मौहम्मद अनस, करनवीर, रश्मि चौहान, अलका रानी, विनित गहलोत, वाजिद हुसैन, गोपाल त्यागी, शिव कुमार, अमित कुमार, अभय देशवाल, विकास कुमार, विपिन कुमार, शिवम, राजू सिंह, मुन्नू सैनी, मौहम्मद ईशान, गीता देवी, महजबीं, रामगोपाल सिंह, हमेंद्र सिंह, अभिषेक, सलीम अख्तर, फराज नाज, गुलशन सीमा परवीन, यासमीन, अखलीमा, लोकेश कुमार, ममता, निगहत परवीन, मयंक कुमार, मौहम्मद जुबैर, असद, वाजिद, सविता, सोनिया आदि सैकड़ों अभिभावक मौजूद रहे। बैठक का समापन राष्ट्रगान के बाद हुआ।

## एक नजर

### 'एक शाम मरहूम शेर हुसैन उर्फी के नाम' आयोजित

**नजीबाबाद।** गीत गजल संगम एकेडमी के तत्वावधान में एक शेरी नशिस्त उस्ताद शायर शेर हुसैन उर्फी की याद में आयोजित की गई। इस मौके पर शायरों ने शेर हुसैन उर्फी के लिए दुआ ए मगफिरत की गई। शायरों ने अपने कलाम से खिराजे ए अकीदत पेश की। नगर के मौहल्ला सेवाराम में हाफिज शादाब मुल्तानी के निवास पर एक शाम शेर हुसैन उर्फी के नाम आयोजित शेरी नशिस्त को खिताब करते हुए मुख्य अतिथि तसनीम सिद्दीकी ने कहा कि ऐसे इंसान कम मिलते हैं, जिनके दिलों में मौहब्बत व एहतराम कूट कूट करें भरा हो। शेर हुसैन उर्फी एक शायर या इंसान नहीं एक शख्सियत थे। विशिष्ट अतिथि हाजी शमशुल इस्लाम ने कहा कि शेर हुसैन उर्फी का शुमार उस्ताद शायरों में होता था। उन्होंने उर्दू अदब की खिदमात की हैं उनको कभी भुलाया नहीं जा सकता है। विशिष्ट अतिथि मोसूफ अहमद वासिफ ने कहा कि शेर हुसैन उर्फी उर्दू अदब का एक ऐसा चिराग थे, जिससे बहुत शम्मा रोशन हो सकती थी। डॉ. तौकीर मुल्तानी ने अदबी नशिस्तों को वक्त की जरूरत बताया। शेरी नशिस्त के सदर शानावर किरतपुरी ने कहा कि शेर हुसैन उर्फी एक इंसान ही नहीं बल्कि एक फरिश्ता थे। कारी शोएब नफीस के संचालन में आयोजित शेरी नशिस्त का आगाज शादाब मुल्तानी की नात ए पाक से हुआ। शेरी नशिस्त में शानावर किरतपुर, डॉ. रईस भारती, डॉ. नसीम अख्तर, डॉ. इलियास अंसारी, कारी शाकिर रिजवी, डॉ. आफताब नोमानी, कुमार मोनू रूबा, आसिफ मिर्जा, कमर अख्तर, हाफिज शादाब, सुहैल शाहब शमशी, शहबाज अख्तर, कारी शुएब आदि ने अपना उम्दा कलाम पेश किया। नशिस्त के आयोजक हाफिज शादाब ने सभी का शुक्रिया अदा किया।

### टैंकर की टक्कर से कार सवार तीन घायल



**नजीबाबाद।** कोतवाली रोड पर टैंकर ने कार को टक्कर मार दी। जिसमें वार्ड मेंबर समेत तीन घायल हो गए। कोतवाली रोड क्षेत्र में आज सुबह एक भीषण सड़क हादसा होते-होते टल गया। रामपुर मौहल्ले की वार्ड मेंबर श्रीमती निर्देश और उनके परिजन कार दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। ड्राइवर की सूझबूझ से कार के ऊपर टैंकर चढ़ने से बच गया। गलत दिशा से टैंकर आया था। सुबह करीब 11 बजे वार्ड मेंबर निर्देश (50 वर्ष) अपने परिजनों और सहयोगियों के साथ कार संख्या यूपी 20 एजे 2343 से नहटौर जा रही थीं। जैसे ही कार मुख्य मार्ग पर पहुंचीं, सामने से गलत दिशा में आ रहे तेज रफ्तार टैंकर संख्या यूपी 20 एटी 4164 ने कार को सीधी टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मोहम्मद अच्छन (50 वर्ष) की हाथ की हड्डी टूट गई और शरीर पर काफी चोटें आई हैं। निर्देश की पसली में गंभीर चोट आई है। नीलम के कंधे में चोट लगी है। बताया जाता है कि ड्राइवर की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया। अस्पताल में उपचार के दौरान घायलों ने बताया कि ड्राइवर की त्वरित प्रतिक्रिया और सूझबूझ की वजह से एक बड़ा हादसा टल गया। ड्राइवर ने ऐन वक्त पर गाड़ी को काटा, जिससे टैंकर कार के ऊपर चढ़ने से बच गया। हालांकि टक्कर से कार का एक हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया। घटना के तुरंत बाद सभी घायलों को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। जहां उनका उपचार चल रहा है। फिलहाल डॉक्टर ने सभी घायलों की स्थिति स्थिर बताई है।

## प्रदेश बार काउंसिल ने किया निलंबन आदेश स्थगित

**बिजनौर।** नजीबाबाद निवासी अधिवक्ता पंकज विश्नोई की शिकायत पर सुनवाई के बाद बार काउंसिल उत्तर प्रदेश प्रयागराज ने 12 अक्टूबर 25 को अधिवक्ता धीरेंद्र सिंह, जितेंद्र राजपूत और अजय गोयल को बार काउंसिल उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष नवल किशोर गौड़, पूर्व अध्यक्ष इमरान मसूद खान के आदेश की अवहेलना करने पर बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश प्रयागराज हरिशंकर सिंह ने जांच के बाद इन तीनों अधिवक्ताओं को मिसकंडक्ट किए जाने का दोषी मानते हुए उनका विधिक लाइसेंस पांच वर्ष के निलंबित करते हुए देश में वकालत करने पर प्रतिबंध लगा दिया था। इन तीनों अधिवक्ताओं ने इस आदेश के विरूद्ध बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश प्रयागराज अपील दायर की। इस पर दो मई को सुनवाई के बार-बार काउंसिल ने 12 अक्टूबर 2025 का आदेश स्थगित कर दिया।

## भोजन की बर्बादी और भूख की समस्या

हमारे देश में एक तरफ ऐसे लोग हैं जिन्हें दिन में दो वक्त का खाना भी नसीब नहीं होता, वहीं दूसरी तरफ बड़ी मात्रा में भोजन हर रोज बर्बाद कर दिया जाता है। यह एक ऐसा दुखद सच है, जिस पर सोचने और समझने की बहुत जरूरत है। शादी-ब्याह, दावतों, होटलों और घरों में अक्सर लोग जरूरत से ज्यादा खाना ले लेते हैं, लेकिन पूरा नहीं खा पाते और बाकी खाना कूड़े में फेंक दिया जाता है।

सोचने वाली बात यह है कि जो खाना हम फेंक देते हैं, वही किसी भूखे इंसान के लिए जीवन का सहारा बन सकता है। सड़कों पर रहने वाले गरीब लोग, मजदूर परिवार और कई बच्चे ऐसे हैं जो भूखे पेट सोने को मजबूर हैं। कई बार खबरें सामने आती हैं कि भूख से परेशान लोग कूड़े में खाना ढूंढते नजर आते हैं। यह दृश्य इंसानियत को झकझोर देने वाला है।



भोजन की बर्बादी सिर्फ खाने की बर्बादी नहीं है, बल्कि पानी, मेहनत और पैसे की भी बर्बादी है। खेत में अनाज उगाने के लिए किसान दिन-रात मेहनत करता है, पानी खर्च होता है, समय लगता है, तब जाकर हमारे घर तक भोजन पहुंचता है। ऐसे में खाने को यूं ही फेंक देना गलत है। हमें अपनी आदतों में छोटा सा बदलाव लाना होगा। जितनी भूख हो, उतना ही खाना लें। अगर खाना बच जाए तो उसे जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने की कोशिश करें। कई जगह लोग बचा हुआ साफ-सुथरा भोजन गरीबों में बांटते हैं, यह बहुत अच्छी पहल है।

भोजन ईश्वर की नेमत है, इसकी कद्र करनी चाहिए। अगर हम खाना बचाएंगे, तो कई भूखे लोगों का पेट भर सकता है। एक छोटी सी समझदारी किसी के चेहरे पर मुस्कान ला सकती है।

**-हसीनुद्दीन अंसारी**

# महिला आयोग सदस्य ने धामपुर पहुंच दर्ज कराए पीड़िता के बयान

### निष्पक्ष जांच, दोबारा मेडिकल और गंभीर धाराओं की जांच की उठी मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** पानप दास समाधि स्थल पर धामपुर कोतवाली के कस्बा इंचार्ज ब्रह्मपाल गिरी के साथ हुई मारपीट और छेड़छाड़ प्रकरण में तीसरे दिन भी घटनाक्रम तेजी से बदलता नजर आया।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन बिजनौर से धामपुर पहुंचीं और पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय में पीड़िता के बयान दर्ज कराए। इस दौरान उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष एवं दोबारा जांच कराने, दरोगा का पुन: मेडिकल कराने तथा वीडियो साक्ष्यों के आधार पर दर्ज धाराओं की समीक्षा करने की मांग उठाई।

गौरतलब है कि पांच मई को क्षत्रिय नगर स्थित पानप दास समाधि स्थल पर धामपुर कोतवाली में तैनात दरोगा ब्रह्मपाल गिरी और समाधि स्थल पर रहकर खेती-बाड़ी करने वाले परिवार के बीच विवाद हो गया था। आरोप है कि दरोगा द्वारा महिला के साथ छेड़छाड़ का प्रयास किया गया, जिसके बाद महिला के पति और परिवार के अन्य लोगों ने दरोगा के साथ मारपीट कर दी थी। पुलिस ने इस मामले में ओमवेश और राहुल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दोनों को जेल भेज दिया था।

मामले में लगातार नए खुला. सों और वीडियो फुटेज की चर्चा के बीच आज महिला आयोग सदस्य संगीता जैन धामपुर पहुंचीं।




उन्होंने क्षेत्राधिकारी अभय पांडेय के कार्यालय में पीड़िता कमलेश के बयान दर्ज कराए। इस दौरान पीड़िता अपने अधिवक्ता एवं बार एसोसिएशन धामपुर के अध्यक्ष आरके आर्य एड. तथा कोषाध्यक्ष सुनील कुमार शर्मा एड. के साथ मौजूद रही।

महिला आयोग सदस्य संगीता जैन ने बताया कि उन्होंने पुलिस अधिकारियों से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच करने की मांग की है। साथ ही दरोगा ब्रह्मपाल गिरी का दोबारा मेडिकल कराने और वीडियो एविडेंस के आधार पर मामले की समीक्षा करने को कहा गया है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब वायरल वीडियो और उपलब्ध साक्ष्यों में पीड़िता हेमलता का देवर मौके पर दिखाई नहीं दे रहा है, तो उसके खिलाफ गंभीर धाराएं किस आधार पर दर्ज की गईं। उन्होंने कहा कि यह भी जांच का महत्वपूर्ण बिंदु होना चाहिए।

संगीता जैन ने कहा कि यदि किसी महिला के साथ छेड़छाड़ जैसी घटना होती है, तो उसका पति शांत नहीं रह सकता। ऐसे में पूरे घटनाक्रम को मानवीय और वास्तविक परिस्थितियों के आधार पर भी देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि महिला आयोग पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए पूरे मामले पर नजर बनाए हुए है।

उधर पुलिस सूत्रों का दावा है कि आश्रम परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की कई फुटेज पुलिस के हाथ लगी हैं, जिनमें कई अहम तथ्य सामने आने की बात कही जा रही है। सूत्रों के अनुसार वीडियो रिकॉर्डिंग में कुछ ऐसी गति. विधियां भी दिखाई देने का दावा किया जा रहा है, जिनके आधार पर विभागीय कार्रवाई की संभावना बढ़ गई है। एसपी के निर्देश पर धामपुर स्तर से तैयार जांच रिपोर्ट पहले ही बिजनौर भेजी जा चुकी है।

हालांकि सूत्रों का यह भी कहना है कि पांच मई की कथित छेड़छाड़ की घटना को लेकर जांच अभी जारी है और सभी पहलुओं को खंगाला जा रहा है। वहीं क्षेत्राधिकारी अभय पांडेय का कहना है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है।

# बच्चों के बस्तों का भी बोझ बढ़ा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** पब्लिक और कान्वेंट स्कूलों का शैक्षिक सत्र भी शुरू हो गया है। महंगाई ने बच्चों के बस्ते को भी नही बख्शा है। महंगी फीस के बाद अब बस्ता तैयार करने मे अभिभावकों की जेब हल्की हो रही है। मार्च में इनकम टैक्स तथा अन्य तमाम बिल चुकाने, बच्चे के दाखिले के बाद उनके बस्ते की तैयारी करने में अभिभावकों के पसीने छूट रहे है।

तहसील रोड, घंटा घर आदि बाजारों में बुक शॉप पर नज़रे डाले तो तकरीबन हर चीज़ की कीमत बढ़ी है जो कापी पिछले साल 12 रूपए की थी अब उसका रेट दोगुना से अधिक हो गया है। कुछ कापियों के रेट नही बढ़ाए है। गत वर्ष 162 पेज की कॉपी इस साल 144 की हो गई है। किताबों के रेट में ही 10 से 20 फीसदी का इज़ाफा हुआ है। मंहगाई ने स्कूल बैग को नही छोड़ा है। पिछले साल 170 से 300 से 400 रूपए में मिलने वाला स्कूल बैग आठ सौ एक हज़ार रूपए तक पहुंच गया है। रबर, पैन, बॉक्स आदि अन्य स्टेशनरी में भी 15 से 20 फीसदी इज़ाफा हुआ है। टंडन बुक डिपो से किताब खरीद रही आलिया वारिस व महेरूख अंसारी ने बताया कि स्कूलों से जो लिस्ट मिलती है उनमें बताया गया है कि उनकी किताबे केवल इसी दुकान से मिलेगी। ऐसे में दुकानदार मनमाने तरीके से पैसे ले रहे है। हर साल सिलेबस चेंज होने से उन्हें नए सत्र में नई किताबे लेनी पड़ रही है। उनके पास विकल्प नही है। जबकि दुकानदारों का कहना है कि जो मार्जिन उन्हें पिछले साल मिलती थी। उसमें कमी आई है। मंहगाई के साथ जहां कमीशन बढ़ना चाहिए था, लेकिन नहीं बढ़ सका। उधर रेटों के साथ बच्चों के बस्तों का बोझ भी बढ़ गया है। छोटे मासूम नर्सरी कक्षा के बच्चों की बैग की हालत देखी जाये तो इतना वज़न जो सह भी नहीं पायें,लेकिन बच्चे मजबूर होकर बैग को अपने कंधे पर लादकर ले जाते हैं।

**○महंगाई की मार से इस साल भी पढ़ाई हुई महंगी**



सम्भल। हाईटेंशन लाइन से मौत पर विधायक को घेरकर प्रदर्शन करते ग्रामीण।

# हाईटेंशन लाइन से मौत पर ग्रामीणों ने विधायक को घेरा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** गांव में आबादी के बीच होकर गुजर रही हाईटेंशन लाइन की चपेट में आए किसान की मौत हो गयी। मौत से गांव में रोष फैल गया। सूचना पाकर पहुंचे विधायक को ग्रामीणों के गुस्से का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों ने विधायक को घेर लिया और बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के ग्राम दियोराखास निवासी किसान देवेंद्र शनिवार को आबादी से होकर गुजर रही हाई टेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आ गया था। उसकी मौके पर मौत हो गयी थी। ग्रामीण की मौत की सूचना मिलने पर बिलारी विधायक हाजी फहीम इरफान ग्राम दियोरा खास पहुंचे। मौत से गुस्साय मौजूद ग्रामीणों ने सपा विधायक को घेर लिया और विद्युत विभाग के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन करने लगे। ग्रामीणों का कहना था कि हाईटेंशन लाइन ग्रामीण आबादी की छतों से होकर गुजर रही है, जिससे आए दिन हादसे होते रहते हैं। ग्रामीणों ने सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान से अतिशीघ्र ग्रामीण आबादी से हाई टेंशन लाइन हटाई जाए। सपा विधायक ने तत्काल दूरभाष पर विद्युत विभाग के चीफ अधिकारी को हादसे की जानकारी दी, और अतिशीघ्र हाई टेंशन लाइन को हटाए जाने को कहा। इस दौरान मुख्य रूप से पूर्व जिला पंचायत सदस्य राहुल यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य योगेंद्र यादव, मुकुल यादव, प्रताप सिंह, कृष्ण यादव, वीरेश, रिंकू ,अरविंद, अनीश, लोचन पप्पू, राजेश, ओमकार आदि मौजूद रहे।

**○विधायक ने बिजली विभाग के चीफ से फोन पर की वार्ता**

# बढ़ी हुई वसूल की गई फीस करनी होगी वापस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** मनमाने ढंग और जिला शुल्क नियामक समिति की अनुमति बिना छात्र-छात्राओं से अधिक फीस वसूली करने वाले विद्यालयों पर जिला प्रशासन की नजर टेंढ़ी हो गयी है। मनमाना रवैया अपनाने वाले इन स्कूलों को ली गई अतिरिक्त फीस वापस करनी होगी। जिला प्रशासन ने निजी स्कूल संचालकों को आदेश देने से हड़कम्प मचा हुआ है। जबकि अभिभावकों को बड़ी राहत मिलेगी।

जनपद में निजी स्कूलों में फीस वृद्धि और मनमानी वसूली की शिकायतें जिला प्रशासन को लगातार मिल रही हैं। अभिभावकों के साथ मनमाना रवैया और अतिरिक्त फीस वसूली की शिकायतों पर जिला प्रशासन हरकत में आ गया। प्रशासन ने सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड से संबद्ध विद्यालयों की फीस संरचना की जांच कराई। जांच में सामने आया कि 14 सीबीएसई और एक आईसीएसई बोर्ड से संब) कुल 15 विद्यालयों ने शैक्षिक सत्र 2025-26 में शासन द्वारा निर्धारित मानकों से अधिक कम्पोजिट शुल्क वसूला। जबकि निर्वतमान जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पैंसिया की अध्यक्षता में 30 अप्रैल को आयोजित जिला शुल्क नियामक समिति की बैठक में पूरे मामले की गहन समीक्षा की गई थी। जिसमें अनियमितता पाए जाने पर संबंधित विद्यालयों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया था। स्कूल प्रबंधन द्वारा लिखित प्रत्यावेदन किए गए, लेकिन 2 मई 2026 को सुनवाई के बाद सभी प्रत्यावेदन खारिज कर दिए गए। तत्पश्चात प्रशासन ने छात्रों से अधिक वसूली गई फीस वापस करने के आदश दिए। प्रशासन के निर्देश के अनुसार, शैक्षिक सत्र 2026-27 में शिक्षारत छात्र-छात्राओं की आगामी फीस में अतिरिक्त वसूली गई राशि का समायोजन किया जाएगा। वहीं, जो छात्र विद्यालय छोड़ चुके हैं, उन्हें अतिरिक्त धनराशि सीधे वापस करनी होगी। जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल ने उत्तर प्रदेश स्ववित्तपोषित स्वतंत्र विद्यालय (शुल्क विनियमन) अधिनियम 2018 एवं संशोधन अधिनियम 2020 के तहत कार्रवाई सुनिश्चित करने के आदेश दिए है। जबकि आदेश का पालन न करने वाले विद्यालयों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की भी चेतावनी दी गई है। जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को आदेश का कड़ाई से पालन कराने और अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन की इस सख्त कार्रवाई का अभिभावकों ने स्वागत किया है। अभिभावकों का कहना है कि लंबे समय से निजी स्कूल मनमाने तरीके से फीस बढ़ाकर आर्थिक बोझ डाल रहे थे, लेकिन अब प्रशासन की पहल से उन्हें बड़ी राहत मिली है और इसे प्रशासन का जनहित में सराहनीय कदम बताया है।

## यह हैं मनमानी फीस वसूलने वाले विद्यालय जिन पर गिरि गाज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** 1. होली सुफ्फाह पब्लिक स्कूल सम्भल,2. कायनात इंटश्रनोनल स्कूल सम्भल,3.एंग्लो वैदिक सी. से. स्कूल बहजोई,4. बहमन पब्लिक सीनियर सेकेन्डरी स्कूल सिरसी,5. भगत जी इंटरनेशल सीनियर सेकेन्डरी स्कूल बहजोई, 6. चन्द्रपाल आर्य आर्दश कन्या विद्यालय बहजोई,7. डी पी विद्यापीठ सी. से स्कूल धनारी, 8.डी ए वी फर्टिलाइजर स्कूल बबराला,.9. एच एम ग्लोबल सीनियर सेकेन्डरी स्कूल सम्भल,10. कायनात ग्लोरियस पब्लिक स्कूल रजपुरा,11.ओ पी जी एम सीनियर सेकेन्डरी स्कूल चन्दौसी, 12. सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेन्डरी स्कूल सम्भल,13. सिल्वर स्टोन सीनियर सेकेन्डरी स्कूल बहजोई, 14. सेंट मेरीज सीनियर सेकेन्डरी स्कूल सम्भल

# रेलवे लाइन विस्तारीकरण को राभ्रदप चलाएगी आंदोलन

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** राष्ट्रीय भ्रष्टाचार दमन परिषद की बैठक में तालाब और बंजर भूमियों से अतिक्रमण न हटाने और भूमाफियों पर संतोष जनक कार्रवाई न करने पर रोष जताया। जबकि सम्भल से गजरोला रेलवे लाइन विस्तारीकरण की मांग को लेकर आन्दोलन की तैयारी करने का निर्णय लिया गया।

हल्लू सराय स्थित प्रशासनिक कार्यालय पर आयोजित बैठक में परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष के के मिश्रा ने कहा कि इस सरकार में भू माफियाओं पर अभी तक कोई संतोषजनक कार्रवाई नहीं की गई है। इस मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को नाम सहित भू माफियाओं के गाटा संख्या एवं वीडियो सहित एक ज्ञापन मेल द्वारा एवं डाक द्वारा सर्व समिति से भेजा जा रहा है। उन्होने गाटा संख्या आराजी नंबर 280 296 301 का 273 297 298 274 299 का से अवैध कब्जा अतिक्रमण हटवाये जाने की मांग करते हुए कहा कि ग्राम फरुखपुर तहसील सम्भल में और तालाब एवं बंजर भूमि है।उन्होने कहा कि सम्भल से गजरौला रेलवे लाइन का विस्तारीकरण की मांग को लेकर सन 1987 से अब तक अनेक मंत्रियों एवं महामहिम राष्ट्रपति को भी ज्ञापन एवं धरने देकर अवगत कराया जा चुका है। परंतु सम्भल का दुर्भाग्य है कि पूर्व रेलमंत्री राम विलास पासवान के समय एवं नितीश एवं लालू यादव, ममता बनर्जी दिनेश द्विवेदी आदि के समय में सम्भल से गजरौला रेलवे लाइन के लिए सिर्फ सर्वे कराया जा चुका है। केवल अनेकों बार बजट में रेलवे लाइन के विस्तार के लिए करोड़ों रुपए का प्रस्ताव पारित हो चुका है और घोषणाएं भी हो चुकी है। मगर सम्भल के साथ यह धोखा कब तक होता रहेगा। उन्होने कहा कि राष्ट्रीय भ्रष्टाचार दमन परिषद इस मांग को लेकर अभी भी जीवित है और मांग को कभी नहीं छोड़ेगी। जब तक यह मांग पूरी नहीं होगी इसके लिए परिषद जन आंदोलन चला रही है। इसके माध्यम से पूरे जिले एवं मुरादाबाद मंडल में आंदोलन एवं अपनी मांग को लेकर कमेटीया बनाएंगे। राम जी मल आजाद मंडल प्रभारी मुरादाबाद मंडल ने बताया कि परिषद की बैठक में मुरादाबाद प्रात: 11:00 बजे सिविल लाइंस में प्रस्तावित है। इस मांग को पूरा करने के लिए आगे की रणनीति तैयार की जाएगी। रमजीमल आजाद ने कहा कि मुरादाबाद बिलारी हजरत नगर गाढ़ी सैद नगली उझारी हसनपुर सिहाली और गजरौला में इस मांग को लिए सभी जगह कमेटी या बनाई जाएगी।



सम्भल- रेलवे के विस्तारीकरण को लेकर बैठक में बोलते राभ्रदप अध्यक्ष।

# खास राजनैतिक क्लब में शामिल हुआ दिलेर परिवार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** पूर्व दर्जा मंत्री व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मंजू दिलेर के भाई खैर विधायक सुरेंद्र दिलेर को प्रदेश सरकार में मंत्री बनाया गया। मंजू दिलेर सम्भल जिले के बहजोई में रहती हैं। उन्होंने भाई के शपथ लेने जाने से पूर्व उनका तिलक किया। उनके मंत्री बनने पर क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया।

भाजपा के पूर्व जिला मंत्री कुमोद वार्ष्णेय ने कहा कि सुरेंद्र दिलेर उस चुनिंदा फेहरिस्त में शामिल हो गए हैं, जहां परिवार की तीन पीढ़ियों ने लगातार राजनीति में सक्रिय रहकर जनप्रतिनिधित्व हासिल किया है। अलीगढ़ की राजनीति में तीन पीढ़ियों की विरासत संभालने वाले परिवारों मे किशन लाल दिलेर हाथरस लोकसभा से चार बार सांसद रहे। पांच बार कोल विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहे। इनके बेटे राजवीर दिलेर हाथरस से सांसद रहे और इगलास से विधायक भी रहे। किशनलाल दिलेर के पौत्र सुरेंद्र दिलेर खैर से विधायक हैं। वह अब प्रदेश सरकार में मंत्री बन गये हैं। उनकी बहन जनपद सम्भल के बहजोई में रहती है और प्रदेश कार्यकारिणी की सदस्य हैं। इस मौके पर नगर गुन्नौर में भाजपा के पूर्व जिला मंत्री कुमोद वार्ष्णेय के आवास पर उनके व अन्य मंत्रियों को मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने पर हर्ष व्यक्त किया गया। इस दौरान विनय वार्ष्णेय, हर्षित वार्ष्णेय, इंदीवर सिंह, जूलियस सीजर, संजीव कुमार आदि रहे।



## तेज झुलसाने वाली गर्मी बीमारियों की दस्तक

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** गर्मी का प्रकोप बढ़ते ही बीमारियों ने भी दस्तक दे दी है। तेज़ी से हो रहे मौसम के परिर्वतन से बुखार आदि के अलावा डायरिया ओर अन्य रोगों से ग्रसित रोगियों की संख्या बढ़ गई है।

भीषण गर्मी के प्रकोप बढ़ने के बाद भी तेज़ी से पैर पसार रही बीमारियों की रोकथाम की कोई व्यवस्था फिलहाल की जाना नज़र नही आ रही। जबकि सूर्य की किरणें का रौद्र रूप दिनों-दिन तेज़ होता जा रहा है। भयंकर गर्मी में विशेषत: ग्रामीण अंचल में रह रहे लोग अधिकांश विभिन्न प्रकार के रोगों से ग्रसित हो रहे हैं। सरकारी अस्पताल के आंकड़े तो नही लेकिन निजि नर्सिंग होम में गर्मी के कारण रोगों से पीड़ित बीमारों की संख्या खासी है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग की ओर से रोगों के फैलनें के कारणों ओर रोकथाम के लिए कोई कदम अभी भी नही उठाए जा सके हैं। क्षेत्र में बिक रहे नकली पैय पदार्थ और मिलावटी सामान के अलावा सड़े गल तथा बासी व दूषित सब्ज़ियों समेत अन्य खान-पान की चीजों की बिक्री रोकने के प्रयास भी नही किए गए।

## एक नज़र इधर भी

### भीम आर्मी कार्यकर्ताओं ने लिया संकल्प

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** ग्राम पंचायत शाहपुर चमारान में, भीम आर्मी भारत एकता मिशन की मीटिंग का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि 'मनोज कुमार भीम आर्मी ब्लॉक अध्यक्ष ओर आयोजक आकाश कुमार एड चंद्रशेखर आजाद के हाथों को मजबूत करने तथा 2027 में आजाद समाज पार्टी की सरकार बनाने के लिए लोगों से अपील की। बैठक में कार्यकर्ताओं ने भीम आर्मी का जोरदार स्वागत किया और 2027 में आजाद समाज पार्टी की सरकार बनाने का काम करने का संकल्प लिया। इस मौके पर निखिल जाटव, सनी कुमार,मंदीप कुमार, अवनीश गौतम, आकाश कुमार, रोहित कुमार, आनंद कुमार, अनुज आजाद, विनीत कुमार, विकास कुमार, इंद्रपाल सिंह, सचिन, रवि कुमार, शिवम आजाद ,अंकुर कुमार, हेतराम सिंह जी, अदब सिंह जी, मिंटू कुमार जी, नारक जी, जयपाल सिंह जी,अंकित,सनी गौतम, अन्य लोग भी शामिल रहे।

### अवैध खनन करते जेसीबी बरामद

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** अवैध खनन पर खनन विभाग सख्त हो गया है। डीएम के अवैध खनन को पूरी तरह रोके जाने और इस पर सख्त निगाह रखे जाने के आदेशों पर खनन विभाग सख्त हो गया है। खनन अधिकारी शिवम कुमार ने टीम के साथ असमोली क्षेत्र के अंतर्गत, गांव मुबारकपुर में एक जेसीबी मशीन को मिट्टी का अवैध खनन करते हुए पकड़ लिया। खनन अधिकारी ने जे सी बी को थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया। बता दें कि अवैध रूप से हो रहे खनन को पूरी तरह रोके जाने के लिए जिला प्रशासन के सख्त निर्देश है। जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल भी अवैध रूप से खान रोके जाने के सख्त निर्देश दे चुके है।



बबराला- जन आरोग्य मेले में रोगियों का परीक्षण करती चिकित्सक।

### जन आरोग्य मेले में 133 मरीज़ों को दवा वितरित

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** नगर के महिला चिकित्सालय में जन आरोग्य मेले में 133 मरीजों को देखकर दवा का वितरण किया गया।

डा. पलक गुप्ता ने अस्पताल में जन आरोग्य मेले आए मरीजों की जांच कर दवा का वितरण किया। जिसमें शुगर, दर्द, खुजली, खांसी जुखाम, बुखार के मरीज आये। शुगर के मरीजों की जांच कर दवा दी गई।उन्होंने बताया कि अस्पताल में 133 मरीज आये।उनको देखकर व जांच कराकर दवा का वितरण किया गया। इस दौरान फार्मेसिस्ट लक्ष्मीकांत शर्मा, मानवेन्द्र शर्मा, विशेष कुमार भारद्वाज, नन्दकिशोर, रामबाबू आदि मौजूद रहे।



बबराला- मां पूर्णागिरि सेवा समिति के भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रृद्धालु।

### भंडारे में हज़ारों श्रृद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** नगर बबराला में मां पूर्णागिरी सेवा समिति ने भंडारे का आयोजन किया। नगर के रेलवे रोड पर आयोजित इस भंडारे में हजारों श्रृद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया भंडारा समिति के सदस्यों के उत्तराखंड के चंपावत स्थित मां पूर्णागिरी मंदिर मेले से लौटने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। था समिति हर साल मेले के दौरान श्रृद्धालुओं की सेवा करती है। इस शिविर में श्रृद्धालुओं के ठहरने स्नान और भोजन की नि:शुल्क व्यवस्था की जाती है। यह सेवा कार्य होली के बाद शुरू होकर मेले की समाप्ति तक लगातार चलता है। बबराला में आयोजित भंडारे के दौरान भक्तिमय माहौल बना रहा और बड़ी संख्या में लोग प्रसाद ग्रहण करने पहुंचे। इसमें पंकज मामा, संदीप गुप्ता, राजू अरोरा और उमेश वार्ष्णेय, पप्पू, सुरेश गुप्ता आदि रहे।

# कुछ दिनों राहत के बाद तेज धूप ने जन-जीवन पर डाला असर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** कुछ दिनों तक ठंडक का अहसास करा चुका मई का महीना अब तेज ओर झुलसाने वाली गर्मी से जन-जीवन पर असर पड़ने लगा है। रविवार को भी सुबह सवेरे से ही तेज और झुलसाने वाली गर्मी से दोपहर को सड़कें सूनी-सूनी रहीं।

विगत दिनों मई का महीने में कई दिनों तक बारिश और बादलों की लुका छिपी ने ठंडक का अहसास करा दिया था। जबकि रात्रि में गर्म चादरें ओढ़कर सोने को मजबूर कर दिया था। कई दिनों तक चले ठंडक भरे मौसम के बाद रविवार को फिर तेज कड़क धूप ने सड़को पर चलते पसीने से तरबतर कर दिया। जबकि झुलसाने वाली गर्मी से सड़के भी सूनी-सूनी नजर आयीं। मुख्य बाज़ार में आसानी से दो पहिया वाहन नहीं लेकर निकलने वाले बाईकों को आसानी से लेकर आते-जाते दिखायी दिए। जबकि सांय होते ही गर्मी का असर कम होने के बजाए ओर अधिक रहा। देर रात्रि तक गर्मी के कारण लोग अधिकतर सड़कों पर रहे। रात्रि के अर्द्ध पहर गर्मी का असर कुछ कम हो सका।

**○शरीर को झुलसाने वाली गर्मी से सड़कें रहीं सूनी**

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवती की जहरीले पदार्थ से मौत

शाह टाइम्स,संवाददाता

**असमोली।** संदिग्ध परिस्थितियों में युवती ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। उसकी मौत हो गयी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पीएम को भेज दिया।

ऐचौड़ा कम्बौह थाना क्षेत्रान्तर्गत एक गांव निवासी युवती ने बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। परिजनों को जानकारी होने पर उसे उपचार के लिए मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। मौत की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गयी और शव को कब्जे में ले लिया। परिजन किसी कार्रवाई से इंकार करने लगे लेकिन पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। फिलहाल पुलिस जांच में जुट गई है।

# ऑनलाइन दवा बिक्री की जाए प्रतिबंधित

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** केमिस्ट एसोसिएशन की बैठक में दवाओं की ऑनलाइन बिक्री पर रोष व्यक्त करते हुए सरकार से इसे प्रतिबंधित करने की मांग की।

यशोदा होटल में संपन्न हुई केमिस्ट एसोसिएशन की बैठक को संबोधित करते हुए संरक्षक अनिल कुमार अग्रवाल ने कहा कि व्यापारिक क्षेत्र में सामान्यत: किसी भी चीज की ऑनलाइन बिक्री से कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता है। परंतु बिना किसी योग्य चिकित्सक की सलाह के स्व मंशा से ऑनलाइन दवाओं की बिक्री समाज के लिए घातक है। इससे शासन को कर संबंधी नुकसान होने के अलावा बिना किसी उचित परामर्श के औषधी ग्रहण करना स्वास्थ्य,के लिए अत्यधिक हानिकारक है। केमिस्ट एसोसिएशन के नसीम ने कहा कि दवाओं की ऑनलाइन बिक्री से सामाजिक, भौतिक, आर्थिक, व्यवहारिक क्षति होती है। जो व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार और समाज के लिए अत्यंत घातक है। मुख्य वक्ता अतुल कुमार त्यागी ने कहा कि केमिस्ट एसोसिएशन विभाग अथवा प्रशासन से टकराव नहीं चाहता बल्कि सामंजस्य, प्रेम, सम्मान, विनम्रता, सहयोग, पारदर्शिता के मार्ग पर चलकर औषधि विभाग अथवा प्रशासन शासन से पुरजोर मांग करती है कि मानवता की रक्षार्थ दवाओं की ऑनलाइन बिक्री पर पूर्णत: प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। बैठक में राहिल भारतीय, प्रियरत्न आर्य, हेमंत वार्ष्णेय, मोहम्मद शाहनवाज, सुबोध पाल, सत्यवीर सिंह, अजय कुमार शर्मा आदि ने अपने विचार व्यक्त किये। बैठक की अध्यक्षता अवधेश कुमार वार्ष्णेय ने की और संचालन राहिल भारतीय ने किया।



सम्भल- ऑन लाइन दवा बिक्री के विरोध में बैठक करते कैमिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारी

# राजघाट के गंगघाट पर चला सफाइ अभियान

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** गंगाघाट राजघाट पर मां गंगा जन कल्याण समिति बबराला ने गंगा जी से कूड़ा निकाला स्वंयसेवको ने माँ गंगा स्वच्छता अभियान चलाया।

रविवार को गंगाघाट पर सभी क्षेत्रवासियों को गंगा को स्वच्छ, निर्मल एवं अविरल बनाए रखने के इस पुनीत अभियान में सहभागिता करने को जागरूक किया। राजघाट पर गंगा को स्वच्छ एवं निर्मल बनाने के लिए गंगा स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमे सभी स्वंयसेवक सफाई में जुटे रहे। गर्वित गोयल ने कहा कि माँ गंगा हमें पवित्र पावन बनाती है। हमारे पापों को हरती है। गंगा जी को स्वच्छ एवं निर्मल बनाने के लिये सभी स्वच्छता कार्यक्रम में अपना सहयोग दें। गंगा के किनारे गंदगी न करें। श्रद्धालु गंगा जी पर अपनी श्रद्धा लेकर आते हैं। वह इसका ध्यान रखें कि गंगाघाट पर पन्नी, प्लास्टिक का उपयोग न करे। गंगा की सेवा हमारा धार्मिक, सामाजिक और नैतिक कर्तव्य है। गंगा जी को स्वच्छ एवं निर्मल बनाने के लिए लोगों से सहयोग का आग्रह किया गया। सफाई अभियान के बाद गंगा स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इस दौरान गर्वित गोयल, धनराज ठाकुर, अंश सिंघल, सक्षम वार्ष्णेय आदि रहे।



बबराला- राजघाट गंबाघाट पर सफाई करते स्वयं सेवक।

# मच्छर कर रहे नींद हराम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** जैसे-जैसे गर्मी का पारा चढ़ रहा है वैसे ही नगर वासी बच्चो के आतंक को झेलने के लिए मजबूर है जबकि नगर पालिका की ओर से अभी फॉगिंग का दूर-दूर तक अता-पता नहीं है,जबकि जरूरत है पूरे शहर व कोने-कोने में फागिंग कराए जाने की।

मौसम में आए भारी परिर्वतन से नगर में मच्छरो को साम्राज्य स्थापित हो गया है। बंद पड़े नाले व नालियो से मच्छरो की पैदावार में लगातार वृद्धि हो रही है। नगर वासी मच्छरो के आतंक से बचने के लिए भारी पैसा खर्च कर गुडनाईट की स्लाईड, कछुआ छाप, मोरटीन सहित हजारो तरह की मच्छर मार दवाईयो का इस्तेमाल कर रहे है। जिसके कारण ऐसे उत्पादन बनाने वालो की चॉदी कटने लगी है साथ ही इन उत्पादों की मांग भी एकदम से बढ़ने लगी है। नगर वासियो की महंगाई के इस दौर में अतिरिक्त खर्च करना पड़ रहा है वहीं इन दवाईयो का मच्छरो पर लगभग कम ही असर या यूँ कहें कि अर्द्ध रात्री के बाद मच्छरो का आतंक फिर से शुरू हो जाता है। जिससे नगरवासी परेशानी में सो नही पा रहे है सुबह में नींद पूरी न होने कारण के चलते सर में दर्द की शिकायत आम होती जा रही है जिससे मच्छरो के काटने से मलेरिया व अन्य खतरनांक बीमारी होने का डर लगा रहता है। हलांकि मच्छरों को मारने के लिए नगर पालिका की ओर से फागिंग हुई,लेकिन कुछ दिन राहत के बाद फिर मच्छरों की आफत झेलनी पड़ रही है।

## बढ़ती गर्मी के साथ बिजली की ट्रिपिंग बढ़ी

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** अघोषित विद्युत कटौती से जन-जीवन पर असर पड़ रहा है। गर्मी के साथ बिजली की ट्रिपिंग भी बढ़ती जा रही है। रविवार को सुबह से लेकर रात तक बिजली अनेको बार गुल हुई। बार-बार जा रही बिजली से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा लेकिन बिजली की ट्रिपिंग रूक नहीं रही है।

## यप परिवार ने मनाया मातृ दिवस, माताओं ने बच्चों को मोबाइल-जंक फूड से दूर रखने का लिया प्रण



**मुरादाबाद।** यंग एनर्जेटिक पॉजिटिव पीपल यप परिवार मुरादाबाद की महिला सदस्यों ने कांठ रोड स्थित एक होटल में मातृ दिवस का आयोजन किया।अध्यक्ष नेहा मेहरोत्रा ने कहा कि मातृत्व एक अनूठे अपनेपन का अमूल्य एहसास है। हर साल की भांति इस वर्ष भी सभी माताओं ने बच्चों के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान डांस, गेम्स और अंताक्षरी का आयोजन किया गया। सभी ने एक-दूसरे को मातृ दिवस की शुभकामनाएं दीं।कार्यक्रम में बच्चों को बड़ों का आदर-सत्कार करने के लिए जागरूक किया गया। सभी माताओं ने प्रण लिया कि वे पालन-पोषण को और भी उत्कृष्ट बनाएंगी और बच्चों को मोबाइल फोन और जंक फूड से दूर रखेंगी।इस अवसर पर संजना भटनागर, मानसी, दिव्या, अनुभा, शालिनी, अदिति, नेहा मेहरोत्रा, नायशा, अद्वविक, श्रेयस मेहरोत्रा आदि मौजूद रहे।

## भूपेंद्र चौधरी के मंत्री पद की शपथ पर भाजपा कार्यालय में जश्न, महिला मोर्चा ने बांटी मिठाई

**मुरादाबाद।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी के मंत्री पद की शपथ लेने पर कार्यकर्ताओं ने खुशी मनाई। भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस अवसर पर आदेश चौधरी, लवी सक्सेना सहित अन्य महिला कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। कार्यकर्ताओं ने कहा कि भूपेंद्र चौधरी को मंत्री बनाए जाने से संगठन और सरकार दोनों को मजबूती मिलेगी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया। महिला मोर्चा की सदस्यों ने ढोल-नगाड़ों के साथ खुशी का इजहार किया और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर पहुंचाने का संकल्प लिया।इस दौरान जिला पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने भूपेंद्र चौधरी के उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।



## कैबिनेट मंत्री बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर, बिलारी में मनाया गया जश्न

**बिलारी।** उत्तर प्रदेश सरकार के हाल ही में हुए कैबिनेट विस्तार में मुरादाबाद जनपद निवासी एवं भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी के कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करने पर बिलारी क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस अवसर



पर मंडल बिलारी स्थित चेयरमैन रघुराज सिंह यादव के कैंप कार्यालय पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने एकत्र होकर खुशी मनाई तथा एक-दूसरे का मुंह मीठा कर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष विकास गुप्ता ने कहा कि भूपेंद्र सिंह चौधरी संगठन के प्रति समर्पित, कर्मठ और लोकप्रिय नेता हैं।

उन्होंने कहा कि उनके कैबिनेट मंत्री बनने से मुरादाबाद जनपद की सरकार में भागीदारी और अधिक मजबूत होगी तथा क्षेत्र के विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह पूरे जनपद के लिए गर्व और सम्मान का विषय है। इससे पार्टी कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने विश्वास जताया कि मंत्री बनने के बाद क्षेत्र के विकास, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता मिलेगी। इस दौरान चेयरमैन रघुराज सिंह यादव, मंडल अध्यक्ष विकास गुप्ता, मंडल महामंत्री मनोज ठाकुर, मेघपाल सिंह, वीरपाल कोहली, शरद गुप्ता, नवनीत यादव, राजीव शर्मा, रविंद्र चौधरी, शरद यादव, मोअज्जम अली, अंकुश चौधरी, निहाल सिंह, सभासद दिनेश प्रजापति, हेमंत शर्मा, प्रेमपाल पासी, सनी सक्सेना, अरविंद नारायण सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## इब्राहिमपुर टोल प्लाजा पर पुलिस की सघन चेकिंग अभियान

**बिलारी।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर बिलारी क्षेत्र के इब्राहिमपुर टोल प्लाजा पर शनिवार देर शाम सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कोतवाली प्रभारी उदय प्रताप सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार सिंह तथा ट्रैफिक पुलिस टीम ने संयुक्त रूप से वाहनों की जांच कर यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराया। चेकिंग के दौरान पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर विशेष नजर रखी। इसके साथ ही बिना हेलमेट दोपहिया चलाने वाले, सीट बेल्ट न लगाने वाले वाहन चालकों एवं संदिग्ध वाहनों की जांच की गई। पुलिस अधिकारियों ने वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करते हुए नियमों का पालन करने की अपील की। जानकारी के अनुसार यह अभियान रात करीब 8 बजे से शुरू हुआ, जो देर रात 11 बजे तक जारी रहने की संभावना जताई गई। चेकिंग अभियान में ट्रैफिक पुलिस के टी-1 श्री अजीत कुमार मिश्रा, टीआरओ यूनुस, कांस्टेबल पवन, विभन तथा अंकित मिश्रा सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।



# कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग गांवों में नकब लगाकर नकदी व जेवरात चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र में शनिवार की रात्रि चोरों ने दो अलग-अलग गांवों में नकब लगाकर चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया है। पहला घटना में थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत राजथल का मझरा मैथरा में शनिवार की रात्रि चोरों ने बृजपाल पुत्र कृष्ण पाल के घर में नकब लगाकर चोरी कर ली और परिजन आंगन में सोते रहे। बृजपाल की पत्नी कुमकुम अपने बच्चों के साथ आंगन में तथा सास मुन्नी देवी बरामदे में सो रहीं थीं। चोरों ने पीछे से कमरे की दीवार में नकब लगाकर कमरे में रखा सामान खंगाला और थैले में रखे बारह हजार रुपए तथा सोने के कुंडल निकाल कर ले गए। बृजपाल की पत्नी कुमकुम ने बताया कि शुक्रवार को ही चन्दौसी में एक सर्राफ के यहां गिरवी रखे सोने के कुंडल छुड़ाकर लाई थी। चोरी की तहरीर बृजपाल द्बारा कुढफतेहगढ पुलिस को दी गई है।





वहीं दूसरी घटना ग्राम पंचायत कोकावास का मझरा जगदीशपुरी में हुई जहां चोरों ने शनिवार की रात्रि हीरा सिंह पुत्र जगदीश के घर में नकब लगाकर कमरे में रखी नकदी व जेवरात निकाल कर ले गए। सुबह होने पर परिजनों ने कमरे में सामान बिखरा व दीवार कटी देख चोरी का पता चला। थाना कुढफतेहगढ़ में गृह स्वामी हीरा सिंह द्वारा चोरी की सूचना दी गई है।

## मातृ दिवस केवल उत्सव नहीं बल्कि मां के प्रति सम्मान और प्रेम प्रकट करने का अवसर: संदीप जैन

**कांठ (शाह टाइम्स)।** दिल्ली पब्लिक स्कूल में मातृ दिवस पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ वॉइस चेयरमैन संदीप जैन प्रधानाचार्य सुदर्शन सोनार एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर नितिन जैन द्वारा कराया गया। कार्यक्रम को लेकर विद्यालय परिसर में काफी सजावट की गई छात्र-छात्राओं ने मातृत्व के सम्मान में कविता रंगारंग नृत्य प्रस्तुति पोस्टर मेकिंग तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की थीम - मां प्रेम संस्कार और प्रेणना की प्रथम पाठशाला, रही। प्रधानाचार्य सुदर्शन सोनार ने कहा कि मां केवल एक शब्द नहीं बल्कि जीवन की सबसे बड़ी शक्ति और प्रेरणा है बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में प्रथम शिक्षक के रूप में मां की भूमिका अतुलिनी है होती है इसलिए हमें सदैव माता का सम्मान करना चाहिए। प्रो वॉइस चेयरमैन संदीप जैन ने कहा कि मातृ दिवस केवल उत्सव का दिन नहीं बल्कि मां के प्रति सम्मान कृतज्ञता और प्रेम प्रकट करने का अवसर है एक मां ही प्रथम शिक्षक के रूप में बच्चों को संस्कार अनुशासन और मानवता का सही मार्ग दिखाती है। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए विद्यालय परिवार ने कार्यक्रम के माध्यम से मां के प्रति सम्मान एवं प्रेम का संदेश दिया।

कार्यक्रम में विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।




## अवैध खनन करते जेसीबी मशीन पकड़ी

**चन्दौसी।** जनपद में अवैध खनन के खिलाफ प्रशासन द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना असमोली क्षेत्र के गांव मुबारकपुर में मिट्टी का अवैध खनन करते हुए एक जेसीबी मशीन को पकड़ा गया। कार्रवाई खनन अधिकारी शिवम कुमार एवं उनकी टीम द्वारा की गई। बताया गया कि टीम को क्षेत्र में अवैध खनन की सूचना मिली थी, जिसके बाद मौके पर पहुंचकर जांच की गई। जांच के दौरान जेसीबी मशीन से अवैध रूप से मिट्टी का खनन किया जा रहा था। टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए जेसीबी मशीन को कब्जे में लेकर थाना असमोली में सुपुर्द कर दिया।

खनन अधिकारी ने बताया कि यह कार्रवाई जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में की गई है। जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि जनपद में किसी भी प्रकार का अवैध खनन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके लिए लगातार निगरानी रखी जा रही है तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## निर्धारित फीस से अधिक वसूली पर 15 स्कूलों को नोटिस

**चन्दौसी।** शासन द्वारा निर्धारित फीस से अधिक शुल्क वसूलने वाले विद्यालयों पर अब कार्रवाई की तलवार लटक गई है। जिलाधिकारी संभल द्वारा पहले ही स्पष्ट निर्देश जारी कर चुके थे कि कोई भी विद्यालय निर्धारित मानकों से अधिक फीस न वसूले। आदेशों का उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई थी। इसके बावजूद बेसिक शिक्षा विभाग की जांच में 15 विद्यालय ऐसे पाए गए, जिन्होंने शासन और प्रशासन के निर्देशों का पालन नहीं किया। जांच रिपोर्ट के आधार पर बीएसए कार्यालय की ओर से संबंधित विद्यालयों को नोटिस जारी कर दिया गया है। नोटिस में स्पष्ट कहा गया है कि अभिभावकों से जो अतिरिक्त शुल्क लिया गया है, उसे तत्काल वापस किया जाए। यदि विद्यालय निर्धारित समय में शुल्क वापस नहीं करते हैं तो उनके खिलाफ नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। बीएसए की जांच में चिन्हित विद्यालयों में इस कार्रवाई के बाद हड़कंप की स्थिति बनी हुई है। अभिभावकों ने प्रशासन की इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि मनमानी फीस वसूली पर रोक लगना जरूरी है।

## अतिक्रमण पर टीएसआई ने कसा शिकंजा, बोर्ड हटवाकर दुकानों का सामान कराया पीछे

**कांठ (शाह टाइम्स)।** अतिक्रमण पर टीएसआई रामकुमार सिंह निरन्तर शिकंजा कसते जा रहे हैं आज उन्होंने सड़क किनारे लगे बोर्ड को हटवा कर दुकानदारों से उनका सामान पीछे कराया है। बतादे की मुख्य मार्ग के साथ-साथ अन्य रास्तों पर भी अतिक्रमण की भरमार है मुख्य मार्ग से अतिक्रमण हटाने की मांग दशको से चलती आ रही है लेकिन पूरी तरह यह मार्ग अतिक्रमण मुक्त नहीं हुआ पिछले दिनों एसएसपी ने अतिरिक्त ट्रैफिक पुलिस को अतिक्रमण से निपटने के लिए कांठ भेजा टी एस आई रामकुमार सिंह ने पहले अवैध संचलन कर रहे रिक्शा चालकों पर शिकंजा कसा उन्होंने साफ कहा कि सभी अपने कागज पूरे रखें और सड़क पर वाहन खड़े ना करें अन्यथा कार्रवाई होगी उन्होंने कई के खिलाफ कार्रवाई की तो हड़कंप भी मचा। कुछ समय के लिए ही सही रिक्शा चालक अपनी हद में खड़े दिखाई दिए लेकिन आज उन्होंने बिश्नोई मंदिर के सामने मुख्य बाजार के दुकानदारों को साफ चेतावनी दी कहा कि सड़क पर सामान रखा तो कार्रवाई होगी इसके बाद वह मुख्य मार्ग पर थाने से थोड़ा तहसील की तरफ निकले जहां कुछ दुकानदारों के लगे बोर्ड को उन्होंने हटवा दिया कहा कि सड़क किनारे किसी भी तरह का अतिक्रमण नहीं करने देंगे। रेलवे फाटक पर भी आज वाहन अपनी लाइन में खड़े नजर आए इससे काफी लोगों ने आज राहत महसूस की है।

## तमंचा दिखाकर मोबाइल व नकदी लूटी

**डिलारी।** थाना क्षेत्र के गांव मासूमपुर में बदमाशों ने तमंचा दिखाकर राहगीर का मोबाइल वह जेब में रखी नकदी लूट ली 8 मई की रात को क्षेत्र के गांव सौदासपुर निवासी अमित कुमार अपनी मौसी के घर से बाइक से घर को जा रहा था तभी गांव से निकलते ही थोड़ी दूर चलने के बाद गांव के समीप तीन बदमाशों ने रोक लिया अमित कुमार को मारने पीटने लगे तमंचे की नाल दिखाकर जेब में रखे 4500 रुपए एक मोबाइल और मोटरसाइकिल लूट कर वारदात को अंजाम दिया, अमित कुमार ने गांव पहुंचकर शोर मचा दिया जिससे रात में जाग हो गई, ग्रामीण बदमाशों के पीछे दौड़े लोगों को आता देख बदमाश मोटरसाइकिल छोड़कर फरार हो गए, सनसनीखेज घटना से भीड़ एकत्र हो गई अफरा तफरी का माहौल बन गया, पीड़ित ने थाना डिलारी को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है, थाना अध्यक्ष कृष्ण कुमार भंगेला ने बताया कि घटना की जांच पड़ताल विस्तार से की जा रही है सही तथ्य पाए जाने पर अभियोग पंजीकृत कर लिया जाएगा।

# गांव से गांव जोड़ो अभियान का शुभारंभ

## शिवसेना ने भ्रष्टाचार व गौहत्या के खिलाफ आंदोलन का किया ऐलान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शिवसेना द्वारा "गांव से गांव जोड़ो ग्रामीण सम्मेलन" अभियान का शुभारंभ भैंसिया ग्राम में जोरदार उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम की अगुवाई शिवसेना जिला प्रमुख वीरेंद्र अरोड़ा ने सैकड़ों शिव सैनिकों के साथ रैली निकालकर की। जय भवानी, जय शिवाजी के नारों से वातावरण गूंज उठा। भगवाधारी कार्यकर्ताओं के साथ शिव सैनिक गांव के शिव मंदिर पहुंचे, जहां छत्रपति शिवाजी महाराज एवं माननीय बालासाहेब ठाकरे के चित्र पर तिलक लगाकर पुष्प अर्पित किए गए तथा शंख बजाकर सम्मेलन का शुभारंभ किया गया।सम्मेलन में वक्ताओं ने हिंदुत्व को संगठित करने, गौ हत्या रोकने, लव जिहाद के मामलों का विरोध करने तथा गरीब, कमजोर और असहाय लोगों की मदद करने का संकल्प लिया। साथ ही सरकारी कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार और अधिकारियों की कार्यशैली पर भी नाराजगी जताई गई।जिला प्रमुख वीरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि शिवसेना पूरे जिले और तहसीलों में करीब 30 कार्यक्रम आयोजित करेगी। उन्होंने कहा कि गरीबों के उत्पीड़न, सरकारी भ्रष्टाचार और गौ हत्या के खिलाफ शिवसेना सड़कों पर उतरकर बड़ा आंदोलन करेगी। उन्होंने घोषणा की कि इसी माह "जेल भरो आंदोलन" शुरू किया जाएगा, जिसमें प्रदेश और अन्य राज्यों के पदाधिकारी भी शामिल होंगे। तहसील स्तर पर आयोजित होने वाले इन आंदोलनों में हजारों शिव सैनिक गिरफ्तारी देंगे।कार्यक्रम में मुख्य रूप से कमल सिंह राव, मुदित उपाध्याय, शिबू पांडे, अरुण ठाकुर, आकाश सिंह, धर्मेंद्र यादव, शिव कुमार, सुरेश सैनी, प्रदीप राठौर, हरि सिंह, सोनू, विक्रम ठेकेदार, महेंद्र प्रधान, गंगाराम प्रधान और चंद्रपाल सहित बड़ी संख्या में शिव सैनिक मौजूद रहे।



## रिक्शा में सवारी बैठाने को लेकर विवाद ,शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा।** ई-रिक्शा में सवारी बैठाने को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढा की दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए एकत्र हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हंगामा कर रहे युवक को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार कर लिया । उपनिरीक्षक विजय देशवाल मय हमराह कांस्टेबल प्रमोद कुमार के साथ 10 मई 2026 को क्षेत्र में शांति व्यवस्था एवं वाहन चेकिंग ड्यूटी पर मौजूद थे। इसी दौरान थाना क्षेत्र के ग्राम शरीफनगर निवासी इसरार पुत्र स्वर्गीय भूरे अपने रिक्शे में सवारी बैठाने को लेकर अन्य सवारियों से आमदा फौजदारी पर उतर आया और मौके पर विवाद करने लगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि पुलिसकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर इसरार को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं माना और झगड़ा करने पर उतारू हो गया। इससे वहां शांति व्यवस्था बिगड़ने की आशंका उत्पन्न हो गई। स्थिति को देखते हुए पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी इसरार पुत्र स्व. भूरे, उम्र करीब 45 वर्ष निवासी ग्राम शरीफनगर के खिलाफ बीएन एसएस की धारा 170/126/135 के तहत चालानी कार्रवाई कर माननीय न्यायालय में पेश किया। पुलिस ने न्यायालय से आरोपी को भारी धनराशि के मुचलके से पाबंद किए जाने की मांग की है, न्यायालय की सुनवाई के बाद आरोपी को जमालपुर रहा कर दिया गया।

### एक नजर

## भूपेंद्र चौधरी के शपथ ग्रहण समारोह में कांठ से भी शामिल हुए लोग



**कांठ (शाह टाइम्स)।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किए गए मंत्रिमंडल विस्तार में कांठ क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह को भी जगह मिली है।

उनके शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए आज काफी संख्या में लोग लखनऊ पहुंचे प्रधान संघ के पूर्व अध्यक्ष राष्ट्रवीर सिंह ने बताया कि चौधरी भूपेंद्र सिंह को तीसरी बार मंत्री बनाए जाने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है और इसी खुशी में शामिल होने के लिए क्षेत्र से काफी संख्या में लोग शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। इस मौके पर पूर्व प्रमुख चरन सिंह बृजेश शर्मा विनीत कसाना नरेंद्र सिंह विपिन कुमार राजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

## दुपेड़ा क्रिकेट खेलते समय एक दूसरे ने किया हमला, घायल



**मूढ़ापांडे।** जनपद मुरादाबाद के थाना मुंडा पांडे क्षेत्र के गांव दुपेड़ा में उस वक्त हड़कंप सा मच गया जब क्रिकेट खेलते खेलते एक बच्चे ने दूसरे बच्चे के ऊपर धारदार हथियार से हमला कर दिया धारदार हथियार से हमला करते ही आठवीं का छात्र रामवीर पुत्र मंगली को बुरी तरह से घायल कर दिया घायल छात्र को परिजनों ने थाने ले गए जहां पर पुलिस ने मेडिकल के लिए भेज दिया रामवीर के परिजनों का कहना है कि हालत गंभीर बनी हुई है इससे पहले भी पड़ोस में रहने वाला उमेश पुत्र गजराम ने मेरे बेटे पर हमला किया था प्रार्थी ने पुलिस से प्रार्थना पत्र देकर इंसाफ की गुहार लगाई है।

## शिकायत के बावजूद भी नहीं बन पा रहे जन्म प्रमाण पत्र लोग परेशान




**कांठ (शाह टाइम्स)।** शिकायत के बाद भी जन्म प्रमाण पत्र बनने में तेजी नहीं आई है आज भी लोग प्रमाण पत्र बनवाने के लिए धक्के खा रहे हैं ध्यान पूरा निवासी रिंकू पुत्र छिद्दा ने तहसील दिवस में शिकायत दर्ज कराई थी उसका कहना था कि 9 फरवरी को उसने अर्सलान पुत्र नवाब अली का जन्म प्रमाण पत्र बनने हेतु तहसील में कागज जमा किए थे लेकिन उन कागजो को नगर पंचायत कांठ के स्थान पर विकास खंड छजलैट को भेज दिया गया वहां से निरस्त होकर यह वापस आया तो इसके बारे में उसने अप्रैल में तहसील में जन्म प्रमाण पत्र देख रहे कर्मचारियों से बात की आरोप था कि उसने यह गलती दूसरे कर्मचारियों की बढताकर उसे दोवारा ब्लॉक भेजने की बात करी पीड़ित ने समझाना चाहा तो कर्मचारी अभद्रता पर उतर आया इस मामले की शिकायत उसने 2 मई को फिर तहसील दिवस में की लेकिन अभी तक भी इस संबंध में कोई संतोषजनक कार्रवाई नहीं हो पाई है। इससे जन्म प्रमाण पत्र बनवाने वाले लोगों में काफी नाराजगी है उन्होंने इस तरह की व्यवस्था पर सवाल खड़े करते हुए अधिकारियों से कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

## लड़की और उसके ससुरालियों को धमकाने के आरोप में विकास शर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**कांठ (शाह टाइम्स)।** लड़की और उसके ससुराल वालो को धमकाने के आरोप में छजलैट पुलिस ने विकास शर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की है छजलैट थाना क्षेत्र के गांव निवासी लड़की का कहना है की शादी से पहले विकास शर्मा पुत्र महेश शर्मा निवासी तिगरी थाना कोतवाली संभल उससे बात करता था। लेकिन मार्च में उसकी शादी जनपद बिजनौर में हो गई इसके बाद लड़की ने विकास से बात करनी बंद कर दी आरोप है कि इसके बावजूद भी विकास उससे बात करना चाहता था।

इससे वह नाराज रहने लगा और उसे धमकाने लगा लड़की ने कहा कि उसने उसके ससुराल वालों को जान से मारने की धमकी और गालियां दी तथा उसकी ससुराल भी जा पहुंचा। पीड़िता ने बताया कि वह और उसके ससुराल वाले डरे हुए हैं पीड़िता ने थाना छजलैट में तहरीर दी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

## दूसरी शादी के बाद भी महिला पर उत्पीड़न और धमकी देने का आरोप, कोतवाली में शिकायत

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र के ग्राम फैजुल्लानगर निवासी एक महिला ने गांव की ही एक महिला और उसके परिजनों पर घर में घुसकर गाली-गलौज, मारपीट और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को दिए शिकायती पत्र में ग्राम फैजुल्लानगर निवासी वरशा पत्नी अहमद नवी ने बताया कि गांव की एक महिला का पहले ही अपने पति से तलाक हो चुका है तथा उसने दूसरी शादी रामपुर जनपद के शाहबाद क्षेत्र निवासी युवक से कर ली है। आरोप है कि इसके बावजूद महिला अपने बच्चों के साथ जबरन उनके मकान में रह रही है और आए दिन जमीन व मकान अपने नाम कराने का दबाव बना रही है। पीड़िता के अनुसार सोमवार सुबह करीब 10 बजे उक्त महिला अपने पुत्र-पुत्रियों के साथ उनके घर में घुस आई और जमीन-मकान अपने नाम कराने को लेकर विवाद करने लगी।

विरोध करने पर महिला और उसके परिजनों ने गाली-गलौज करते हुए झूठे मुकदमे में फंसाने तथा बलात्कार के केस में जेल भिजवाने की धमकी दी। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि महिला ने कहा कि जब तक जमीन और मकान उसके नाम नहीं किए जाएंगे, तब तक वह पूरे परिवार को झूठे मामलों में फंसाती रहेगी। पीड़िता का कहना है कि आरोपियों की धमकियों से परिवार भयभीत है। महिला ने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# डीएम ने नवीन मंडी स्थित क्रय केंद्र का किया निरीक्षण

## जिलाधिकारी ने जिला खाद्य विपणन अधिकारी और एफसीआई के अधिकारियों के साथ की बैठक, गेहूं उठान प्रक्रिया को समयबद्ध और पारदर्शी बनाने के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया ने नवीन मंडी मझोला में संचालित गेहूं क्रय केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गेहूं खरीद के लिए केंद्र पर जरूरी संसाधनों की उपलब्धता और अब तक कुल खरीद के बारे में जिलाधिकारी ने केंद्र प्रभारी से विस्तृत जानकारी प्राप्त की और कहा कि रविवार को भी क्रय केंद्रों का संचालन किया जा रहा है इस संबंध में किसानों को जानकारी दी जाए ताकि वे रविवार को भी क्रय केंद्र पर अपना गेहूं लेकर आएं। उन्होंने कहा कि गेहूं खरीद के उपरांत 24 घंटे के भीतर एमएसपी का भुगतान हो जाना चाहिए। क्रय केंद्र पर प्लास्टिक की बोतलें देखकर जिलाधिकारी ने तत्काल प्लास्टिक बोतलें हटवाई और कहा कि प्लास्टिक की बोतलों का प्रयोग करने से बचें और इसके दुष्प्रभावों के बारे में लोगों को भी बताया जाए। इसके बाद जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला खाद्य विपणन अधिकारी, एफसीआई के अधिकारियों एवं क्रय एजेंसियों के प्रतिनिधियों के साथ गेहूँ क्रय की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि गेहूँ खरीद एवं डिपो तक गेहूं पहुंचने के कार्य में तेजी लाने के लिए जनपद के समस्त एफसीआई डिपो पर यह सुनिश्चित किया



जाए कि कोई भी वाहन 02 घंटे से अधिक समय तक कतार में खड़ा न रहे तथा वाहनों से गेहूँ तत्काल उतारा जाए। वाहन से गेहूं उतारने पर तुरंत पावती दी जायेगी, जिसमें प्राप्त मात्रा, बोरे इत्यादि का विवरण हो, साथ ही यदि कोई कटौती जैसे नमी, बोरा, वजन इत्यादि प्रस्तावित है तो उसका भी उल्लेख होना चाहिए, किन्तु कोई भी कटौती क्रय एजेन्सी के प्रतिनिधि के संयुक्त हस्ताक्षर आख्या के बिना नहीं की जायेगी, यदि ऐसा किया जाता है तो उसका भार स्वयं एफसीआई मुरादाबाद को वहन करना होगा। डिपो पर पर्याप्त संख्या में लेबर की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे वाहन से गेहूं के उतारने के कार्य में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। किसी भी दशा में लेबर की कमी के कारण गेहूं को लोड करने और उतारने का कार्य प्रभावित न हो। गेहूं उतारने हेतु जो वाहन पहले डिपो पर पहुंचेगा, उसी वाहन का गेहूं पहले उतारा जाएगा। बीते वर्ष की तुलना में वर्तमान में गेहूं खरीद की प्रगति अपेक्षाकृत कम है इस संबंध में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि प्रत्येक गेहूं क्रय केन्द्र पर प्रतिदिन न्यूनतम 300 कुंतल गेहूं खरीद के लक्ष्य को पूरा किया जाए, इसके लिए केंद्र प्रभारी कृषकों से व्यक्तिगत संपर्क स्थापित कर अधिकाधिक गेहूं खरीद सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जनपद स्तर पर प्रतिदिन लगभग 10,000 मीट्रिक टन गेहूं खरीद प्रत्येक दशा में सुनिश्चित करें। एफसीआई द्वारा गेहूं में नमी के नाम पर बिना परीक्षण किसी प्रकार की कटौती नहीं की जाएगी। यदि किसी प्रकरण में नमी के आधार पर कटौती प्रस्तावित की जाती है तो संबंधित संस्था के प्रतिनिधि की उपस्थिति में संयुक्त गुणवत्ता परीक्षण कराया जाएगा तथा संयुक्त हस्ताक्षर युक्त परीक्षण आख्या तैयार कर संबंधित संस्था को उपलब्ध कराते हुए ही नियमानुसार कटौती की जाएगी। एफसीआई द्वारा एक पक्षीय रूप से कोई निर्णय नहीं लिया जाएगा। परिवहन ठेकेदारों द्वारा ट्रक को त्रिपाल से ढककर गेहूं को एफसीआई तक ले जाया जायेगा, उन्होंने कहा कि त्रिपाल की व्यवस्था सभी ठेकेदारों द्वारा रखी जायेगी। ठाकुरद्वारा एवं कांठ क्षेत्र स्थित गेहूं क्रय केन्द्रों से न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अंतर्गत क्रय किए गए गेहूँ का संप्रदान वर्तमान में मंडी मुरादाबाद स्थित एफएसडी एवं एसडब्ल्यूसी डिपो पर किया जा रहा है।

यह दोनो डिपो नगर क्षेत्र में स्थित होने के कारण भारी वाहनों के आवागमन में कठिनाई एवं संप्रदान कार्य में विलंब की स्थिति उत्पन्न हो रही है। अत: गेहूँ संप्रदान कार्य को सुगम एवं त्वरित बनाए जाने हेतु ठाकुरद्वारा एवं कांठ क्षेत्र के समस्त गेहूँ क्रय केन्द्रों को तत्काल प्रभाव से एसडब्ल्यूसी डिपो से संबद्ध कराए जाने हेतु संबंधित अधिकारी आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।

## एक नजर


### अप्रैल माह में मुरादाबाद रेलवे मंडल ने कमाए 152 करोड़ रुपये, यात्री आय में रिकॉर्ड बढ़ोतरी




**मुरादाबाद।** उत्तर रेलवे के मुरादाबाद मंडल ने अप्रैल-2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 152 करोड़ रुपये से अधिक का रेल राजस्व अर्जित किया है। मंडल रेल प्रबंधक विनीता श्रीवास्तव के नेतृत्व में मंडल लगातार विकास और आधुनिक सुविधाओं की दिशा में आगे बढ़ रहा है। बेहतर परिचालन व्यवस्था, यात्री सुविधाओं के विस्तार और आधारभूत संरचना में सुधार का सकारात्मक असर मंडल की आय पर साफ दिखाई दे रहा है।रेलवे मंडल द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार अप्रैल-2026 में कुल 55.88 लाख यात्रियों ने मुरादाबाद मंडल की ट्रेनों में यात्रा की। इससे मंडल को 107.54 करोड़ रुपये की यात्री आय प्राप्त हुई, जो किसी एक माह में अब तक की सर्वाधिक यात्री आय बताई जा रही है। पिछले वर्ष अप्रैल-2025 की तुलना में यात्री आय में करीब 17 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। इसके अलावा अन्य कोचिंग मद से 7.39 करोड़ रुपये, माल भाड़ा आय से 34.76 करोड़ रुपये तथा विविध आय स्रोतों से 2.38 करोड़ रुपये की कमाई हुई। इस प्रकार मंडल की कुल आय 152.07 करोड़ रुपये रही, जो पिछले वर्ष की तुलना में 9.08 प्रतिशत अधिक है।रेल प्रशासन का कहना है कि यात्रियों को सुरक्षित, स्वच्छ, सुगम और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। स्टेशन परिसरों में सुविधाओं का विस्तार, बेहतर टिकटिंग व्यवस्था, स्वच्छता अभियान और सुरक्षा प्रबंधन को मजबूत किए जाने का सीधा लाभ यात्रियों को मिल रहा है।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक महेश यादव ने बताया कि मुरादाबाद मंडल भविष्य में भी यात्री हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उत्कृष्ट रेल सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।

### डीएम ने आरएन इंटर कॉलेज का किया निरीक्षण, पीजीटी परीक्षा का लिया जायजा



**मुरादाबाद ( शाह टाइम्स ब्यूरो )।** उत्तर प्रदेश शिक्षा चयन आयोग द्वारा आयोजित पीजीटी परीक्षा के लिए निर्धारित केंद्र आर.एन. इंटर कॉलेज का जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया ने निरीक्षण किया।इस दौरान डीएम ने केंद्र व्यवस्थापक से कुल परीक्षार्थियों के सापेक्ष उपस्थिति, सीसीटीवी कैमरे के संचालन की स्थिति, सुरक्षा व्यवस्था और कंट्रोल रूम के बारे में जानकारी ली। उन्होंने सीसीटीवी कंट्रोल रूम पहुंचकर प्रत्येक कक्ष में चल रही परीक्षा का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने परीक्षा को नकलविहीन और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए।

## बिलारी में विश्व हिंदू परिषद का दो दिवसीय अभ्यास वर्ग संपन्न

**बिलारी।** नगर के देवेंद्र पाल इंटर कॉलेज में आयोजित विश्व हिंदू परिषद का दो दिवसीय अभ्यास वर्ग रविवार को समापन सत्र के साथ संपन्न हो गया। कार्यक्रम में संगठन से जुड़े पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।



समापन सत्र को संबोधित करते हुए विश्व हिंदू परिषद के विभाग संगठन मंत्री बृजेश ने कहा कि आज सभी सनातनियों को एकजुट होकर संगठन की शक्ति का परिचय देना होगा। उन्होंने कहा कि संगठन में ही वास्तविक शक्ति निहित होती है और समाज में व्याप्त ऊंच-नीच, जाति एवं धर्म के नाम पर फैली कमियों को दूर कर भारत को पुन: विश्व गुरु बनाने के लिए सभी को मिलकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक जागरूकता और राष्ट्रहित के कार्यों के माध्यम से समाज को मजबूत किया जा सकता है। अभ्यास वर्ग में संगठन की नीतियों, कार्यपद्धति और समाज सेवा से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी चर्चा की गई। समापन समारोह में विभाग मंत्री अमृत गोंड, जिला अध्यक्ष सचिन बिश्नोई, जिला मंत्री कृष्णपाल सिंह, प्रधानाचार्य शीतल प्रताप सिंह, सुरेश सैनी, धर्मेंद्र गांधी, सुरेंद्र शर्मा, राहुल शर्मा, विशाल वीर तूफानी, अभिनेश चौधरी, शंकर राजपूत, सुभाष, बजरंग दल संयोजक अजय भारती, अनिल कुमार, महेश दिवाकर, चंद्रसेन कश्यप, परमेश्वर नाथ गोस्वामी, रजनीश गर्ग, विनोद कश्यप, जयदेव मौर्य, मनोज यादव, पायल बहन, एकता सिंह, सुनील कश्यप सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्रदेश महामंत्री की माताजी के निधन पर जताया शोक

**बिलारी।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्रदेश महामंत्री जोगेंद्र पाल सिंह की माताजी के निधन पर शिक्षा जगत एवं सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। नगरिया जट पहुंचकर विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों एवं शिक्षाविदों ने शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के बरेली-मुरादाबाद शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी डॉ. सुनीत गिरी ने कहा कि माता का स्थान जीवन में सबसे ऊंचा होता है और उनका निधन परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति एवं परिजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद जनपद मुरादाबाद के जिला अध्यक्ष राजीव कुमार शर्मा, ग्राम प्रधान नगरिया जट संजीव चौधरी, जिला उपाध्यक्ष सचिन गोयल, केजीके इंटर कॉलेज मुरादाबाद के प्रवक्ता नक्षत्र आर्य सहित अन्य शिक्षाविद एवं सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखकर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। इस दौरान उपस्थित लोगों ने कहा कि जोगेंद्र पाल सिंह लंबे समय से शिक्षा और शिक्षक हितों के लिए कार्य कर रहे हैं तथा दुख की इस घड़ी में पूरा शिक्षक समाज उनके साथ खड़ा है।

# वैश्य एकता मंच ने किया वार्षिकोत्सव एवं सम्मान समारोह का आयोजन

## मातृ दिवस के अवसर पर 101 माताओं को किया सम्मानित

**चन्दौसी।** नगर के रामबाग रोड स्थित बारहसैनी धर्मशाला में वैश्य एकता मंच द्वारा मातृ दिवस एवं वार्षिकोत्सव के अवसर पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगरपालिका अध्यक्षा लता वार्ष्णेय, समाजसेवी अखिलेश कुमार खिलाड़ी, लवित वार्ष्णेय एडवोकेट, कपिल ओएलएफ, मौसम गुप्ता, अंकित जैन, अंकुर अग्रवाल एवं अमित के. एस. वार्ष्णेय ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में समाज के बच्चों ने मंच वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन दुर्गा टंडन ने प्रभावी ढंग से किया। उन्होंने कहा कि वैश्य एकता मंच समाज को संगठित एवं प्रगतिशील बनाने के लिए लगातार कार्य कर रहा है, जिसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं। संस्था अध्यक्ष लवित वार्ष्णेय ने बताया कि मातृ दिवस के उपलक्ष्य में संस्था द्वारा 101 माताओं को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही वार्ष्णेय समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को भी सम्मान प्रदान किया गया। समाज में सकारात्मक संदेश प्रसारित करने वाले मीडिया कर्मियों को भी वैश्य एकता मंच की ओर से सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम में रामबाग धाम के अध्यक्ष मौसम गुप्ता, अमित के.एस. वार्ष्णेय एवं बहजोई चेयरमैन राजेश शंकर राजू सहित कई गणमान्य लोगों को पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सचिन गुप्ता, उमेश गुप्ता, ओमी लाला, संजीव वार्ष्णेय, आकाश अग्रवाल, विपुल गोयल, सागर गुप्ता, संजीव अग्रवाल, अजय वार्ष्णेय, विकास सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

### मां जीवन की सबसे बड़ी शक्ति और पहली गुरु: आदित्य राघव

**चन्दौसी।** मातृ दिवस के अवसर पर ग्राम असालतपुर जारई निवासी कुंवर आदित्य राघव पुत्र नरेघ राघव ने मां के महत्व पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मां दुनिया की सबसे महान और प्यारी इंसान होती हैं। वह प्रेम, त्याग और सच्चाई की प्रतिमूर्ति हैं तथा जीवन की पहली गुरु, मार्गदर्शक और सबसे अच्छी मित्र होती हैं। आदित्य ने कहा कि मां का निस्वार्थ प्रेम और समर्पण शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। वह अपनी खुशियों का त्याग कर परिवार की खुशियों को प्राथमिकता देती हैं। सुबह से शाम तक परिवार के लिए अथक परिश्रम करना और हर सुख-दु:ख में साथ खड़ा रहना मां की सबसे बड़ी विशेषता है। उन्होंने बताया कि जब भी जीवन में कठिन परिस्थितियां आती हैं, तब मां ही हिम्मत देती हैं और सही मार्ग दिखाती हैं। मां न केवल पालन-पोषण करती हैं, बल्कि अच्छे संस्कार और सही-गलत का अंतर भी सिखाती हैं। उनका आंचल हर समस्या में सुरक्षित पनाहगाह जैसा महसूस होता है। आदित्य ने कहा कि आधुनिक समय में मां घर और बाहर दोनों जिम्मेदारियों को कुशलता से निभा रही हैं, जो उनके संघर्ष और ममता को दर्शाता है। मां के बिना हर खुशी अधूरी लगती है और उनका आशीर्वाद जीवन की सबसे बड़ी दौलत है।

# स्व-जनगणना अभियान को लेकर पालिका सक्रिय, डीएम ने जनभागीदारी की अपील

**चन्दौसी।** जनगणना-2027 के अंतर्गत 07 मई से 21 मई 2026 तक चल रही स्व-जनगणना प्रक्रिया को लेकर नगरपालिका परिषद चन्दौसी ने जनजागरूकता अभियान तेज कर दिया है। रविवार को नगरपालिका परिषद कार्यालय में अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम ने कर्मचारियों एवं सभासदों के साथ बैठक कर अभियान की समीक्षा की और लोगों को अधिक से अधिक जागरूक करने के निर्देश दिए। अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम ने कहा कि स्व-जनगणना अभियान को सफल बनाने के लिए जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि पालिका की टीमें विभिन्न वार्डों और मोहल्लों में जाकर लोगों को ऑनलाइन स्व-गणना की प्रक्रिया समझा रही हैं तथा मोबाइल और डिजिटल माध्यम से स्वयं जानकारी दर्ज करने के लिए प्रेरित कर रही हैं। उन्होंने सभासदों से भी अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करने की अपील की। इस बीच जिलाधिकारी एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी संभल अंकित खंडेलवाल ने भी जनपदवासियों से स्व-जनगणना में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि नागरिक वेबसाइट पर जाकर मोबाइल नंबर से लॉगिन कर अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। आवेदन पूरा होने पर प्राप्त 12 अंकों की एसई आईडी को सुरक्षित रखना आवश्यक होगा। डीएम ने कहा कि स्व-जनगणना से समय की बचत होगी और आंकड़ों की शुद्धता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। जनगणना के सटीक आंकड़ों के आधार पर ही सरकार विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं तैयार करती है। इसलिए प्रत्येक नागरिक की सहभागिता जरूरी है। नगरपालि.का की टीमें लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर अभियान को सफल बनाने में जुटी हुई हैं।

### भूपेंद्र सिंह के तीसरी बार मंत्री बनने पर कांठ में खुशी की लहर, कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाई



**छजलैट।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत हुए उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार में भाजपा नेता चौधरी भूपेंद्र सिंह को तीसरी बार मंत्री बनाए जाने पर कांठ क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है।बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व शुभचिंतक लखनऊ पहुंचे और शपथ ग्रहण कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में मुख्य रूप से राश्टवीर सिंह पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष, पूर्व प्रमुख चरन सिंह, पूर्व गन्ना समिति अध्यक्ष ब्रजेश शर्मा, विनीत कसाना आदि शामिल हुए। इन नेताओं ने भूपेंद्र सिंह के परिजनों नरेंद्र सिंह, विपिन व राजीव कुमार आदि के साथ जाकर बधाई दी। मंत्री बनने की खबर से क्षेत्र में खुशी का माहौल है और समर्थकों द्वारा जगह-जगह मिठाई वितरण किया गया।

### असाध्य रोगों की चिकित्सा की जाएगी नि:शुल्क

**मुरादाबाद।** ऑर्गेनम होम्योपैथिक सर्वहार सोसाइटी के द्वारा संच.ालित होने वाली दूसरी यूनिट का उद्घाटन नया मुरादाबाद सेक्टर -13 में हुआ जिसमें गरीब व असहाय रोगियों के कठिन एवं असाध्य रोगों की चिकित्सा नि:शुल्क की जाएगी। एवं संचारी रोगों (वायरल डिजीज) के बचाव की औषधियों का निरंतर नि:शुल्क वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ आर के शर्मा ने बतलाया की सोसाइटी के मुख्य कार्यक्रम गरीबों की नि:शुल्क चिकित्सा तथा एक्यूप्रेशर पद्धति के द्वारा नए अनुसंधानों से औषधि रहित चिकित्सा को बढ़ावा दिया जाएगा तथा होम्योपैथिक चिकित्सा में आधुनिकतम अनुसंधानों का समावेश करते हुए सभी रोगों के लिए होम्योपैथिक चिकित्सा कुशल चिकित्सकों द्वारा की जाएगी। उपरोक्त कार्यक्रम का कुशल संचालन मर्म चिकित्सा अभिनय आर्य ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ होम्योपैथिक महिला चिकित्सक डॉक्टर नूतन आर्य एवं एक्यूप्रेशर विशेषज्ञों में अमन पांडे, चरण सिंह, अंजलि वर्मा, करन कोहली, सिद्धार्थ त्यागी आदि मौजूद रहे।




# एएम वर्ल्ड स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया मातृ दिवस

**चन्दौसी।** ए.एम. वर्ल्ड स्कूल में मातृ दिवस बड़े ही हर्षोल्लास, प्रेम और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की निर्देशिका अलका मंगलम एवं मैनेजमेंट फैमिली की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम से पूर्व विद्यालय की निर्देशिका अलका मंगलम ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में माँ के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि माँ बच्चे की पहली गुरु, सबसे अच्छी मित्र और जीवन की सबसे बड़ी शक्ति होती है। उनके विचारों ने उपस्थित सभी लोगों को भावुक और प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन अधिराज गुप्ता एवं तिविषा गुप्ता ने आत्मविश्वास और उत्साह के साथ किया। इसके बाद सभी माताओं एवं अतिथियों का स्वागत किया गया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रंगारंग एवं मनमोहक प्रस्तुतियों के माध्यम से माताओं के प्रति प्रेम और सम्मान व्यक्त कर सभी का दिल जीत लिया। बच्चों द्वारा तैयार किए गए हस्तनिर्मित कार्ड भी आकर्षण का केंद्र रहे। समारोह में माताओं के लिए विभिन्न मनो.रंजक खेल एवं गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें सभी ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विज.ेताओं को आकर्षक उपहार देकर सम्मानित किया गया। पूरे कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर खुशी, भावनाओं और अपनत्व के माहौल से सराबोर रहा। विद्यालय की प्रधानाचार्या अर्चना सिरोही ने सभी माताओं का आभार व्यक्त करते हुए शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के सहयोग की सराहना की तथा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का समापन मुस्कान, आशीर्वाद और सुंदर यादों के साथ हुआ। मातृ दिवस समारोह विद्यालय परिवार के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव बन गया।




# एबीसी किड्ज मांटेसरी स्कूल में मदर्स डे पर नॉन स्टोव कुकिंग प्रतियोगिता आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** एबीसी किड्ज मांटेसरी स्कूल में मदर्स डे के उपलक्ष्य में अध्यापक- अभिभावक बैठक के दौरान नॉन स्टोव कुकिंग प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य माताओं की प्रतिभा, रचनात्मकता और उनके स्नेहपूर्ण योगदान को सम्मान देना था। प्रतियोगिता में माताओं ने बिना गैस या आग का उपयोग किए स्वादिष्ट एवं आकर्षक व्यंजन तैयार कर अपनी पाक कला का शानदार प्रदर्शन किया। बर्गर, सैंडविच, भेलपुरी, आलू चाट, रूसी सलाद, अंकुरित चाट, फ्रूट क्रीम, ड्राई फ्रूट लड्डू, पापड़ी चाट और पिज्जा जैसे व्यंजनों ने सभी का मन मोह लिया। विद्यालय की संचा.लिका संगीता भार्गव ने कहा कि मां बच्चों की पहली गुरु होती है और उनके हाथों के भोजन में प्रेम और अपनापन शामिल होता है। विद्यालय समय-समय पर बच्चों एवं अभिभावकों के लिए रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन करता रहता है। प्रतियोगिता का मूल्यांकन शीतल सूरी एवं गरिमा जी ने सजावट, स्वाद, स्वच्छता और प्रस्तुति के आधार पर किया। कार्यक्रम में बच्चों एवं अभिभावकों ने माताओं के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की अध्यापिकाओं काजल, प्रिया, शालू, इशिता, सरिता, सोनम, रूपाली, दीक्षा, सिल्की, संतोष, मीनू, नीरज, मंतशा, लक्षिता, हुमा, निशा, शिल्पा, मनप्रीत, रक्षा, अर्शी, कुमुद, वंशिका एवं दीपा का विशेष सहयोग रहा। अंत में केक काटकर सभी माताओं को मदर्स डे की शुभकामनाएं दी गईं।



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## आईपीएल से पहले प्रीति जिंटा ने गोल्डन टेम्पल में माथा टेका

**अमृतसर, वार्ता।** बॉलीवुड एक्ट्रेस और पंजाब किंग्स की को-ओनर प्रीति जिंटा ने रविवार को सचखंड श्री हरमंदिर साहिब (जिसे गोल्डन टेम्पल के नाम से भी जाना जाता है) में माथा टेका और आईपीएल के मौजूदा सीजन में अपनी टीम की जीत के लिए आशीर्वाद मांगा।

अपनी छोटी सी टीम के साथ, एक्ट्रेस ने 'सरबत दा भला' (सबकी भलाई) के लिए अरदास में हिस्सा लिया और लंगर हॉल में 'सेवा' (स्वैच्छिक सेवा) करते हुए कुछ समय बिताया, जहां उन्होंने श्रद्धालुओं को खाना परोसा। मंदिर के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए, जिंटा ने कहा कि उनका यह दौरा एक ईश्वरीय बुलावा था। उन्होंने कहा कि मैं यहां बाबा जी के बुलावे पर आई हूं। 11 तारीख को हमारा एक बहुत अहम मैच है, और मैं यहां टीम की जीत के लिए प्रार्थना करने आई हूं। हमें उम्मीद है कि वाहेगुरु की कृपा से, हम अच्छा प्रदर्शन करेंगे और अपने आने वाले मैच जीतेंगे। एक्ट्रेस ने इस बात को भी माना कि पंजाब फ्रेंच. इजी की राज्य में बहुत बड़ी फैन फॉलोइंग है। कप्तान श्रेयस अय्यर की स्थानीय लोकप्रियता पर टिप्पणी करते हुए, जिन्हें फैंस ने सरपंच का निकनेम दिया है, जिंटा ने पंजाब के युवाओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने आगे कहा कि यहां के लोगों, खासकर युवाओं से हमें जो प्यार और समर्थन मिलता है, वही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। टीम पर वे जिस तरह से अपना प्यार बरसाते हैं, उसे देखकर दिल खुश हो जाता है। जिंटा का यह दौरा ऐसे अहम मोड़ पर आया है।

# उर्विल पटेल के तूफान में उड़ी लखनऊ

## चेन्नई ने लखनऊ को पांच विकेट से हराया, LSG के इंग्लिश की भी 85 रन की धमाकेदार पारी

**13 गेंदों पर आईपीएल इतिहास की सबसे तेज फिफ्टी जड़ की यशस्वी की बराबरी**



चेन्नई के स्टार गेंदबाज जेमी ओवरटन लखनऊ के बल्लेबाज को आउट करने बाद साथी खिलाड़ियों संग खुशी मनाते हुए।

**चेन्नई, वार्ता।** उर्विल पटेल की ऐतिहासिक पारी (65) की बदौलत चेन्नई सुपर किंग्स ने रविवार को अपने होम ग्राउंड पर लखनऊ सुपर जायंट्स को 5 विकेट से हराकर जीत की हैट्रिक लगाई। इस जीत के साथ ही चेन्नई ने प्वाइंट्स टेबल में भी छलांग (5वें) लगाई है। वहीं लखनऊ हार के बाद आखिरी पायदान पर बनी हुई है। 11 मैच में 8 हार के बाद लखनऊ प्लेऑफ की रेस से बाहर भी हो गई है।

जोश इंग्लिस (85) की फिफ्टी की बदौलत एमए चिदम्बरम स्टेडियम में लखनऊ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 203 रन बनाए थे। 204 रन के टारगेट को चेन्नई ने 20वें ओवर में 5 विकेट खोकर चेज कर लिया। 204 रन चेज करने उतरी चेन्नई सुपर किंग्स को रुतुराज गायकवाड़ और संजू सैमसन की सलामी जोड़ी ने जबरदस्त शुरुआत दी। हालांकि, मैदान पर नजरें जमा चुके संजू को दिग्वेश राठी ने बोल्ड्ड किया। इसके बाद 3 नंबर पर उतरे उर्विल पटेल ने छक्कों में डील करना शुरू किया। उन्होंने 13 गेंदों पर आईपीएल इतिहास की सबसे तेज फिफ्टी जड़ी और यशस्वी जायसवाल के रिकॉर्ड की बराबरी की। उर्विल ने 8 छक्कों और 2 चौकों की मदद से 23 गेंदों पर 65 रन की पारी खेलकर मैच को एकतरफा कर दिया। उर्विल और रुतुराज के बीच 34 गेंदों पर 81 रन की पार्टनरशिप हुई। शहबाज अहमद ने दोनों बल्लेबाजों का विकेट चटकाया। कप्ष्तान रुतुराज (42) अर्धशतक से चूक गए। कार्तिक शर्मा (20) और डेवाल्ड ब्रेविस (10) ने छोटी-छोटी पारियां खेलीं। टॉस हारकर बल्ब्लेबाजी करने उतरी लखनऊ सुपर जायंट्स की शुरुआत तूफानी रही। मिचेल मार्श और जोश इंग्लिस के बीच 31 गेंदों पर 77 रन की पार्टनरशिप हुई। इस साझेदारी को अंशुल कंबोल ने तोड़ा। उन्होंने मार्श (10) को सस्ते में आउट किया। इसके बाद मिडिल ऑर्डर में किसी का बल्ला नहीं चला। जोश ने एक झोर संभाले रखा और 33 गेंदों पर 85 रन की पारी खेली। इस दौरान उनके बल्ले से 10 चौके और 6 छक्के निकले। लोअर ऑर्डर में शाहबाज अहमद के नाबाद 43 रनों की बदौलत लखनऊ का स्कोर 200 के पार पहुंचा। निकोलस पूरन (1) का बल्ला नहीं चला। कप्ष्तान ऋषभ पंत (15) भी सस्ष्ते में अपना विकेट गंवा बैठे। एडेन मार्कराम 6 के स्कोर पर रन आउट हुए। चेन्नई की ओर से जेमी ओवर्टन को 3 सफलताएं मिली। अंशुल कंबोज के खाते में 2 और नूर अहमद के हिस्से में 1 विकेट आया।

**खेल विशेष**

### सोनी बना एशियाई कबड्डी लीग का आधिकारिक प्रसारण साझेदार

**गुरुग्राम, वार्ता।** भारतीय खेल जगत में एक नए अध्याय की शुरुआत करते हुए एशियाई कबड्डी लीग (एकेएल) के आधिकारिक लॉन्च और सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क के साथ प्रसारण साझेदारी की घोणा की गई। कबड्डी की भावना, संर्घा और विरासत से प्रेरित एकेएल का उद्देश्य जमीनी स्तर की प्रतिभाओं को वैश्विक मंच से जोड़ते हुए एक आधुनिक खेल मंच तैयार करना है। कबड्डी को नई पहचान देने और सीमाओं से परे ले जाने के विजन के साथ शुरू हुई एकेएल ने पिछले कई महीनों में देशभर में अभियान, खिलाड़ी खोज पहल, सामुदायिक कार्यक्रमों और ओपन ट्रायल्स के माध्यम से मजबूत आधार तैयार किया है। खिलाड़ियों, प्रशंसकों और स्थानीय समुदायों से मिले जबरदस्त समर्थन ने यह साबित किया है कि देश में कबड्डी के प्रति गहरा जुनून है और ऐसी लीग की आवश्यकता है जो वास्तव में भारतीय कबड्डी की आत्मा का प्रतिनिधित्व करे।

### यंग फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब ने एसबी यूथ क्रिकेट क्लब को 153 रनों से हराया

**नई दिल्ली, वार्ता।** यंग फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब ने एस-बी-यूथ क्रिकेट क्लब को 51वें अखिल भारतीय गोस्वामी गणेश दत्त स्मारक क्रिकेट टूर्नामेंट के मैच में रविवार को 153 रनों के बड़े अंतर से हरा दिया। टॉस जीतने के बाद, एसबी यूथ क्रिकेट क्लब ने पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। यंग फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब ने 40 ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 308 रन बनाए, जिसमें पार्थ कुमार बाली 87(60), दक्ष ड्राल 70(54) और दीप ठाकुर 45(18) की शानदार पारियों का योगदान रहा। वहीं एसबी यूथ क्रिकेट क्लब के गेंदबाजों में यजुर ने 50 रन देकर 3 विकेट और हृदय संसनवाल ने 47 रन देकर 1 विकेट लिया।

### बंगलादेश ने महिला टी- 20 विश्वकप 2026 के लिए टीम का किया ऐलान

**ढाका, वार्ता।** बंगलादेश ने आगामी आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप 2026 के लिए अपनी 15 सदस्ईय टीम का ऐलान कर दिया है। इंग्लैंड और वेल्स की मेजबानी में होने वाले इस वैश्विक टूर्नामेंट की शुरुआत 12 जून से होगी। बंगलादेश की महिला टीम ने इस साल की शुरुआत में आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप 2026 ग्लोबल क्वालिफायर में हिस्सा लिया था और टूर्नामेंट में अपनी जगह पक्की की। ग्रुप और सुपर सिक्स स्टेज में बिना हारे रहने के बाद वे प्रतियोगिता में पहले नम्बर पर रहे। टीम 25 मई को स्कॉटलैंड और नीदरलैंड्स के बीच त्रिकोणीय-सीरीज के लिए एडिनबर्ग जाएगी, जिसके बाद वे अपने टी-20 वर्ल्ड कप वार्म अप मैचों के लिए लॉफबोरो जाएंगे।

# क्या धर्मशाला में होगी कुल्चा की फॉर्म वापसी



**धर्मशाला, वार्ता।** आईपीएल 2026 में सोमवार को दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) का सामना पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) से धर्मशाला में होगा। यह इस सीजन धर्मशाला का पहला मैच है, जो कि पीबीकेएस का दूसरा घरेलू मैदान है। दोनों टीमें हार से इस मैच में उतर रही हैं।

जहां पहले सात मैचों में अजेय रहने वाली पीबीकेएस को लगातार तीन मैचों में हार का सामना करना पड़ा है, वहीं डीसी भी अपने घरेलू मैदान दिल्ली से लगातार दो मैचों में हार कर आ रही है। हालांकि पीबीकेएस 10 मैचों में छह जीत के साथ अंक तालिका में अभी भी तीसरे स्थान पर मजबूती से बनी हुई है, वहीं 11 मैचों में सात में हार का सामना कर चुकी डीसी के लिए यह करो या मरो का मुक़ाबला होगा। दोनों टीमों के बीच अब तक हुए 35 मैचों में बहुत ही कांटे का मुक़ाबला रहा है, जिसमें पीबीकेएस ने 18 जबकि डीसी ने 17 मैच जीते हैं। धर्मशाला में हुए दोनों टीमों के बीच चार मैचों में भी मुक़ाबला बराबरी का रहा है और दोनों टीमों ने दो-दो मैच जीते हैं। 2023 से धर्मशाला में हुए पांच मुक़ाबलों में चार में पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम जीती है, जहां पहली पारी का औसत स्कोर 209/6 है। ऐसे में कोई भी टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 200 का स्कोर खड़ा करना चाहेगी। आइए डालते हैं इस मैच के कुछ प्रमुख आंकड़ों पर एक नजर। डीसी सलामी बल्लेबाजों के लिए क्या अर्शदीप बनेंगे बाधा? डीसी के सलामी बल्लेबाजों केएल राहुल और पथुम निसंका ने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया है। उनके प्रदर्शन में निरंतरता तो नहीं है, लेकिन ए दोनों ही डीसी के सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। वहीं पीबीकेएस के स्ट्राइक गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने इस सीजन निराश किया है। उनके नाम 10 मैचों में सिर्फ 11 विकेट हैं, जबकि वह 10-42 की इकॉनमी से रन दे रहे हैं। पिछले पांच मैचों में चार में उन्होंने 40 से अधिक रन दिए हैं, जिसमें राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच में तो उन्होंने चार ओवरों में 68 रन दे दिए थे। हालांकि डीसी के खिलाफ भी इस रन लीक पर लगाम लगने की संभावना कम ही है। राहुल और निसंका को उन्होंने दो-दो बार आउट तो किया है, लेकिन दोनों उन पर क्रमशः 169 और 172 के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं। डेविड मिलर भी उनका दो बार शिकार हो चुके हैं, लेकिन मिलर भी उन पर 156 के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं। क्या चहल की होगी फॉर्म वापसी? अर्शदीप की तरह पीबीकेएस के एक और भारतीय स्टार गेंदबाज युजवेंद्र चहल ने भी निराश किया है। नौ में से चार पारियों में उन्हें एक भी विकेट नहीं मिला है, जबकि उन्होंने 9.53 की महंगी इकॉनमी रेट से रन देते हुए 35.75 की ऊंची औसत से सिर्फ आठ विकेट लिए हैं। हालांकि इस मैच में वह फॉर्म में वापस आ सकते हैं। उन्होंने विपक्षी कप्तान अक्षर पटेल और विपक्षी फिनिशर मिलर को तीन-तीन बार आउट किया है, हालांकि मिलर उन पर 184 के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं।

## ईरान ने विश्व कप में हिस्सा लेने के लिए गारंटी की मांग की

**तेहरान, वार्ता।** ईरान ने संकेत दिया है कि वह इस गर्मी में होने वाले फुटबॉल वर्ल्ड कप में हिस्सा लेगा, लेकिन टीम के हिस्सा लेने को लेकर बढ़ते तनाव के बीच उसने फीफा और टूर्नामेंट के मेजबानों से कई तरह की गारंटी की मांग की है।

ईरानी फुटबॉल फेडरेशन ने कहा कि ईरान टूर्नामेंट में अपनी मान्यताओं, संस्कृति और सिद्धांतों से बिना किसी समझौते के मुक. ाबला करेगा, साथ ही इस बात पर भी जोर दिया कि मेजबानों को हमारी चिंताओं को ध्यान में रखना चाहिए। बीबीसी स्पोर्ट के अनुसार, ए मांगें तब सामने आईं जब पिछले महीने फीफा कांग्रेस से पहले ईरानी फुटबॉल फेडरेशन के अध्यक्ष मेहदी ताज को कनाडा में प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई थी। बाद में ताज ने बताया कि ईरान ने वर्ल्ड कप में हिस्सा लेने के लिए फीफा के सामने 10 शर्तें रखी थीं। यह टूर्नामेंट 11 जून से संयुक्त राज्य अमेरिका, मेक्सिको और कनाडा में शुरू होगा। शनिवार को जारी एक बयान में प्रकाशित मांगों में यह गारंटी भी शामिल है कि टीम के साथ यात्रा करने वाले सभी खिलाड़ियों, कोचों और अधिकारियों को वीजा मिलेगा, जिनमें वे लोग भी शामिल हैं जिन्होंने ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के साथ अपनी सैन्य सेवा पूरी की है। इस समूह को कनाडा और अमेरिका में एक आतंकवादी संगठन के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।

# सबालेंका और पाओलिनी की सनसनीखेज हार



**रोम, वार्ता।** इटेलियन ओपन में शनिवार को कई चौंकाने वाले नतीजे देखने को मिले, जिसमें महिलाओं की शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी आर्यना सबालेंका और गत चैंपियन जैस्मीन पाओलिनी दोनों बाहर हो गईं।

दिन का सबसे बड़ा झटका महिलाओं के सिगल्स के राउंड ऑफ 32 में लगा, जहां दुनिया की नम्बर 1 खिलाड़ी सबालेंका ने एक सेट की बढ़त गंवा दी और रोमानिया की सोराना सिर्स्टिया से 2-6, 6-3, 7-5 से हार गईं। सिर्स्टिया ने बेसलाइन से सबालेंका के साथ जोरदार मुकाबला किया और नेट की ओर आक्रामक रुख अपनाकर बेलारूस की इस खिलाड़ी को बार-बार परेशान किया, जिससे उन्हें दूसरे सेट के आठवें गेम में एक महत्वपूर्ण 'ब्रेक' हासिल हुआ। सबालेंका को सिर्स्टिया के खेल की विविधता का सामना करने में मुश्किल हुई और उन्होंने लगातार 'अनफोर्स्ड एरर' (बिना दबाव के की गई गलतियां) करना शुरू कर दिया। निर्णायक सेट के पांचवें गेम में, सिर्स्टिया ने अपने चौथे 'ब्रेक पॉइंट' के मौके को भुनाते हुए एक और 'ब्रेक' हासिल किया और फिर अपनी सर्विस के साथ मैच जीत लिया, यह किसी शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी के खिलाफ उनके करियर की पहली जीत थी। जीत के बाद सिर्स्टिया ने कहा कि शीर्ष खिलाड़ियों के खिलाफ आप सिर्फ सुरक्षित खेल नहीं खेल सकते। वे आपको जीत थाली में परोसकर नहीं देंगी। आपको जीत खुद हासिल करनी पड़ती है।

# पीठ की सर्जरी के बाद जल्द वापसी करके मैंने गलती की थी: राशिद





**जयपुर, वार्ता।** गुजरात टाइटंस के लेग स्पिनर राशिद खान ने माना कि पिछले साल पीठ की सर्जरी के बाद जल्द वापसी करना उनकी 'बहुत बड़ी गलती' थी, लेकिन आईपीएल 2026 में उन्होंने फिर से अपनी लय हासिल कर ली है।

वह दोबारा गुजरात टाइटंस (जीटी) के लिए मैच जिताने लगे हैं, और इसका ताजा उदाहरण चार विकेट वाला यह प्रदर्शन है, जो उन्होंने राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाफ किया। आईपीएल 2025 में उन्होंने 15 मैचों में सिर्फ नौ विकेट लिए थे। लेकिन राशिद ने इस सीजन शानदार वापसी की है और अब तक 11 मैचों में 15 विकेट ले चुके हैं। राशिद ने कहा कि जब मेरी सर्जरी हुई, मैं सिर्फ दो महीने में मैदान पर लौट आया था और वह मैंने बहुत जल्दबाजी में किया। मुझे लगता है कि उस समय मैंने बहुत बड़ी गलती की। लेकिन मुझे अफगानिस्तान के लिए वापस आना था और वे मैच खेलने थे। मुझे लगता है कि पिछले साल आईपीएल खत्म होने के बाद मुझे दो-तीन महीने का पूरा ब्रेक मिला और मैंने अपनी फिटनेस पर काम करने की पूरी कोशिश की। मैंने अपनी पीठ को फिर से ठीक हालत में लाने पर ध्यान दिया। मुझे लगता है कि क्रीज से गुजरते समय जो लय होती है, वही मेरे अंदर से गायब थी। उसके बाद मुझे मैदान पर अच्छा समय मिला और फिर बस उसी लय को मैंने जारी रखा। और जयपुर में वही लय साफ दिखी। जीटी ने सातवें ओवर में राशिद के गेंदबाजी पर आने तक तीन विकेट ले लिए थे। उन्हें पता था कि पिच से मदद मिल रही है। हालांकि आरआर ने तब तक 12-28 की रन रेट से 86 रन बना लिए थे। राशिद ने अपने पहले ही ओवर में दो बल्लेबाजों को बोल्ड कर दिया। उन्होंने तेज शुरुआत कर चुके ध्रुव जुरेल को चकमा दिया और फिर डोनोवन घ्रेरा को लेगब्रेक पर पूरी तरह बीट कर दिया। 230 रन का पीछा कर रही आरआर की टीम इसके बाद कभी संभल नहीं सकी। राशिद ने कहा कि हां, जैसे ही मैंने पहली गेंद डाली, मुझे पता चल गया कि यहां मेरे लिए कुछ मदद है।

# चीन को हराकर भारतीय महिला रिकर्व तीरंदाजी टीम ने जीता स्वर्ण पदक





**शंघाई (चीन), वार्ता।** दीपिका कुमारी, अंकिता भक्त और कुमकुम मोहोद वाली भारतीय महिला रिकर्व टीम ने रविवार को शूट-ऑफ में मेजबान चीन को हराकर शंघाई में हुए तीरंदाजी विश्व कप 2026 में स्वर्ण पदक जीता।

यहां खेले गए मुकाबले में चौथी सीड वाली भारतीय तिकड़ी ने, झू जिगई, हुआंग युवेई और यू की की युवा दूसरी सीड वाली चीनी तीरंदाजी टीम के खिलाफ, चार सेट के आखिर में 4-4 से बराबरी पर रहने के बाद 28-26 से शूट-ऑफ जीता। अंकिता भक्त, जो पेरिस 2024 ओलंपिक्स में धीरज बोम्मादेवरा के साथ मिश्रित टीम स्पर्धा में चौथे स्थान पर रही थीं, ने शूट-ऑफ की शुरुआत 9 से की, जिसके बाद कुमकुम ने 10 का स्कोर किया। जीत सुनिश्चित करने के लिए 8 की जरूरत थी, चार बार की ओलंपियन दीपिका ने 9 का स्कोर करके जीत पक्की की। यह दीपिका का 39वां तीरंदाजी विश्व. कप पदक है,

अंकिता का आठवां और कुमकुम मोहोद का पहला। महिला टीम रिकर्व आर्चरी सेमीफाइनल में, भारत ने 10 बार की ओलंपिक चैंपियन और टॉप सीड साउथ कोरिया को 5-1 से हराया था।

रविवार को मिले स्वर्ण पदक के साथ, भारत ने विश्वकप 2026 सीरीज के शंघाई लेग को दो पदक के साथ खत्म किया। भारत के साहिल जाधव ने शनिवार को पुरुषों के इंडिविजुअल कंपाउंड इवेंट में कांस्य पदक जीता। इस बीच, सिमरनजीत कौर रविवार को दक्षिण कोरिया की जांग मिन्ही - जो पहले वर्ल्ड चैंपियन और ओलंपिक टीम स्वर्ण पदक विजेता के खिलाफ मैच 6-4 से हारने के बाद कांस्य पदक से चूक गईं।

## सिनर ने में जीत के साथ इतिहास रचने की मुहिम शुरू की

**रोम, वार्ता।** दुनिया के नम्बर एक खिलाड़ी जानिक सिनर ने इटेलियन ओपन के दूसरे राउंड में सेबेस्टियन ओफनर के खिलाफ सीधी जीत के साथ टेनिस के इतिहास में और ऊंचा मुकाम हासिल करने की अपनी मुहिम शुरू की। रोम में जीत का मतलब होगा कि सिनर नोवाक जोकोविच के बाद सिर्फ दूसरे ऐसे खिलाड़ी बन जाएंगे जो अपने करियर का 'गोल्डन मास्टर्स' पूरा करेंगे, यानी सभी नौ मास्टर्स 1000 इवेंट जीतेंगे।


बीबीसी स्पोर्ट के अनुसार, यह इटेलियन खिलाड़ी इस समय पुरुषों के टूर पर जबरदस्त फॉर्म में है, उसने पिछले पांच मास्टर्स इवेंट जीते हैं और इस सीजन में सिर्फ दो मैच हारे हैं। खचाखच भरे स्टेडियम के सामने, सिनर ने ऑस्ट्रिया के ओफनर को 6-3, 6-4 से हराकर मास्टर्स इवेंट में अपनी लगातार 29वीं जीत दर्ज की। सिनर को इस मैच में किसी भी ब्रेक पॉइंट का सामना नहीं करना पड़ा और एक और शानदार प्रदर्शन करते हुए उन्होंने अपनी पहली सर्विस पर सिर्फ छह पॉइंट गंवाए। 24 साल के इस खिलाड़ी ने पिछले साल रोम में तीन महीने के डोपिंग बैन से वापसी के बाद फाइनल तक का सफर तय किया था, लेकिन वह अपने प्रतिद्वंद्वी कार्लोस अल्काराज से हार गए थे। सिनर ने कहा कि यह मेरे लिए बहुत ही खास टूर्नामेंट रहा है, जिसकी शुरुआत काफी पहले एक वाइल्डकार्ड के साथ हुई थी। हर साल जब आप यहां आते हैं, तो आप थोड़ा पीछे मुड़कर सोचते हैं। मैं यहां आकर बहुत खुश हूं। चलिए देखते हैं कि अगले राउंड में क्या होने वाला है। सिनर का अगला मुकाबला 26वीं सीड याकूब मेन्सिक - जो इस साल जोकोविच के अलावा उन्हें हराने वाले एकमात्र खिलाड़ी हैं, या ऑस्ट्रेलिया के एलेक्सी पोपीरिन से होगा। सिनर अक्टूबर 2025 में शंघाई के बाद से किसी भी मास्टर्स 1000 इवेंट में नहीं हारे हैं और इस स्तर पर अपने पिछले 60 सेटों में से 58 जीते हैं। पिछले कुछ महीनों में कोई भी सिनर को चुनौती नहीं दे पाया है( पिछले महीने मोंटे कार्लो में जीत के साथ इस इतालवी खिलाड़ी ने अल्काराज से दुनिया का नम्बर एक स्थान वापस हासिल कर लिया है। चूंकि अल्काराज चोट के कारण फ्रेंच ओपन से बाहर हो गए हैं।

# कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र में अलग-अलग हादसों में तीन लोगों की हुई मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र में शनिवार को अलग-अलग हुए हादसों में तीन लोगों की मौत हुई है। पहला हादसा शनिवार की शाम थाना क्षेत्र के गांव दियौरा खास में हुआ जहां प्राथमिक स्कूल के निकट मकान का लेंटर तोड़ जाने के दौरान लोहे की सरिया को निकालते समय हुआ। देवेंद्र सिंह (45 वर्ष) पुत्र रामकुमार सिंह लेंटर की सरिया को निकाल रहे थे तभी बराबर में ऊपर होकर गुजर रही 11000 हाई वोल्टेज लाइन से सरिया टच होते ही जोर का विद्युत करंट लगने से देवेंद्र सिंह नीचे सड़क पर आ गिरे। नीचे गिरते ही निकट में बने बरामदे में बैठे ग्रामीण दौड़कर पहुंचे और देवेंद्र सिंह को उठाया और निजी वाहन से परिजन चंदौसी लेकर गए जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। देवेंद्र सिंह की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर हल्का लेखपाल सुनील बाबू मौके पर पहुंचे। परिजनों ने पीएम कराने से इनकार कर दिया और रविवार की सुबह अंतिम संस्कार कर दिया गया।

वहीं दूसरा हादसा कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र में रीठ से स्योंडारा जाने वाले मार्ग पर हुआ जहां शनिवार की रात्रि 09 बजे यादराम सिंह (28 वर्ष) पुत्र सीताराम निवासी गुरगांव रीठ गांव से अपने बच्चे की दवा लेकर बाइक से घर लौट रहा था, तभी रास्ते में मुमरेजपुर संपर्क मार्ग के निकट सामने से आ रही तेज स्पीड बाइक ने टक्कर मार दी जिसमें बाइक सवार याद राम सिंह गंभीर घायल हो गया। दूसरी बाइक सवार बाइक छोड़कर मौके से भाग गए। सूचना पर परिजन व थाना पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को चंदौसी सीएचसी लेकर गए जहां चिकित्सकों ने यादराम को मृत घोषित कर दिया। तीसरे हादसे में थाना क्षेत्र के गांव खनुपुरा निवासी अजय उर्फ मुस्कान (16 वर्ष) पुत्र अर्जुन सिंह की शनिवार को हरदोई के निकट ट्रेन से गिरकर मौत हो गई।


मृतक अजय उर्फ मुस्कान।


मृतक यादराम सिंह।


मृतक देवेन्द्र सिंह।

अजय उर्फ मुस्कान शनिवार को गांव बझेरा थाना आंवला निवासी अपने ममेरे भाई के साथ बरेली से ट्रेन द्वारा लखनऊ जा रहे थे। हरदोई के निकट अर्जुन की तबीयत खराब होने लगी तो और अजय दरवाजे की निकट खड़ा हो गया अचानक उल्टियां होने पर वह दरवाजे से नीचे गिर गया। यात्रियों ने नीचे गिरता देख शोर मचाया और आपातकालीन जंजीर खींचकर ट्रेन को रुकवाया। नीचे गिरकर अजय का एक पैर कट गया तथा बुरी तरह घायल हो गया। मौके पर पहुंची आरपीएफ ने उपचार हेतु जिला अस्पताल हरदोई पहुंचाया जहां से चिकित्सकों ने हालत गम्भीर होने पर लखनऊ रेफर कर दिया। परिजन लखनऊ न ले जाकर बरेली के लिए ला रहे थे तभी रास्ते में अजय की मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों ने बिना कार्यवाही के ही शव को घर लाकर दफना दिया।

# महानगर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुई प्रवक्ता भर्ती परीक्षा

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रवक्ता भर्ती परीक्षा रविवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। जिले के कुल 18 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया। परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए थे।परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की प्रवेश से पहले सघन जांच की गई। एडमिट कार्ड और पहचान पत्र की जांच के साथ-साथ मेटल डिटेक्टर से भी चेकिंग की गई। केंद्रों के बाहर भारी पुलिस बल तैनात रहा, जबकि अंदर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से हर गतिविधि पर नजर रखी गई। प्रशास. निक अधिकारियों ने विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और केंद्र व्यवस्थापकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या नकल की घटना सामने नहीं आई। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। परीक्षा केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ को रोकने के लिए भी विशेष इंतजाम किए गए थे।परीक्षा देकर बाहर निकले अधिकांश अभ्यर्थियों ने प्रश्नपत्र को संतुलित और प्रतिस्पर्धात्मक बताया। कुछ अभ्यर्थियों ने कहा कि प्रश्नपत्र का स्तर अच्छा था और समय प्रबंधन महत्वपूर्ण रहा। वहीं कई परीक्षार्थियों ने प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए परीक्षा प्रक्रिया को व्यवस्थित बताया।जिला प्रशासन ने बताया कि परीक्षा शांतिपूर्ण और सकुशल संपन्न कराई गई है तथा सभी केंद्रों पर लगातार निगरानी रखी गई।



## एक नजर

### बिलारी में ट्रक से टकराई बाइक मां-बेटी घायल, मुरादाबाद रेफर

**बिलारी।** कोतवाली क्षेत्र के आरी खेड़ा पेट्रोल पंप के पास रविवार को हुए सड़क हादसे में बाइक सवार मां-बेटी गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसा उस समय हुआ जब आगे चल रहे ट्रक चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए और पीछे से आ रही बाइक अनियंत्रित होकर ट्रक से जा भिड़ी। जानकारी के अनुसार ग्राम बहादुरपुर, थाना पाकबड़ा निवासी खेमबाती अपनी बेटी निधि के साथ बाइक पर सवार होकर जा रही थीं। निधि बाइक चला रही थी जबकि उनकी मां खेमबाती पीछे बैठी थीं। जैसे ही वे आरी खेड़ा पेट्रोल पंप के पास पहुंचीं, सामने चल रहे ट्रक चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। इससे पीछे से आ रही बाइक सीधे ट्रक में जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मां-बेटी सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आसपास मौजूद राहगीरों ने तत्काल डायल 108 पर कॉल कर एंबुलेंस को सूचना दी। सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस संख्या 2533 अमरपुर काशी मौके पर पहुंची। एम्बुलेंस के ईएमटी अंकित कुमार एवं पायलट हरिओम ने दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार देते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलारी पहुंचाया। सीएचसी में चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद मां-बेटी की गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल मुरादाबाद रेफर कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी जुटाते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।



### पशुधन विकास के सीईओ आज करेंगे जिले की गोशालाओं का निरीक्षण

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा गौशालाओं के निरीक्षण हेतु जनपद के लिए नामित नोडल अधिकारी एवं पशुधन विकास परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. प्रमोद कुमार सिंह 12 मई 2026 को जनपद की गौशालाओं का स्थलीय निरीक्षण करेंगे।

मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील दत्त ने बताया कि नोडल अधिकारी द्वारा जनपद में गौशालाओं के लिए भूसा संग्रहण की स्थिति, हरे चारे, पशु आहार, स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता के साथ-साथ गौशालाओं में साफ सफाई, गोचर भूमि पर नेपियर एवं चारा उगाए जाने की स्थिति, भूसा टेंडर, हरा चारा उत्पादक किसानों से हरे चारे के लिए अनुबंध की स्थिति, गौ आश्रय पोर्टल पर इन्वेंटरी के साथ ही गौशालाओं में संरक्षित गोवंश को गर्मी से बचाव के लिए किए गए उपाय सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तृत निरीक्षण किया जाएगा।

### भगतपुर पुलिस की कार्रवाई, जमीनी और घरेलू विवाद में चार गिरफ्तार

**भगतपुर।** रविवार को थाना पुलिस ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने अलग-अलग दो मामलों में जमीनी और घरेलू विवाद को लेकर 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। ग्राम पसियापुरा निवासी योगेन्द्र सिंह और बाबू राम को जमीनी विवाद में शांति भंग की आशंका पर हिरासत में लिया गया।

बही ग्राम चाँदपुर निवासी नन्हे और फईयाज को घरेलू विवाद के चलते गिरफ्तार किया गया। भगतपुर पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 170/126/135 बीएनएसएस के तहत मुकदमा दर्ज कर मा0 न्यायालय सदर मुरादाबाद में पेश किया है।

### श्रीबारहसैनी रामलीला ट्रस्ट की बैठक में निर्वाचन अधिकारियों का हुआ सम्मान

**चन्दौसी।** श्रीबारहसैनी रामलीला एवं रामबाग ट्रस्ट चन्दौसी की एक महत्वपूर्ण बैठक श्री बारहसैनी सेवा सदन रामबाग धाम में आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ ईश वंदना के साथ हुआ। बैठक में 19 अप्रैल 2026 को सम्पन्न हुए ट्रस्ट चुनाव को शांतिपूर्ण एवं सफल ढंग से सम्पन्न कराने पर निर्वाचन अधिकारी मोरमुकुट वार्ष्णेय, सहायक निर्वाचन अधिकारी सुशील कुमार वार्ष्णेय एवं सुरेश चन्द्र वार्ष्णेय सहित मतदान और मतगणना में सहयोग करने वाले सभी सहयोगियों को नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा सम्मानित किया गया। प्रधान मौसम गुप्ता के नेतृत्व में ट्रस्ट के वरिष्ठ एवं बुजुर्ग ट्रस्टियों को स्मृति चिन्ह एवं रामचरित मानस भेंट कर सम्मान प्रदान किया गया।

बैठक में आगामी 01 जून से सामान्य प्रक्रिया के तहत नए सदस्य बनाए जाने का निर्णय लिया गया। साथ ही रामबाग बाल विद्यालय को इंटर कक्षाओं तक उच्चीकृत करने के लिए शीघ्र योजना बनाकर कार्य प्रारंभ करने पर भी सहमति बनी। सभा की अध्यक्षता प्रधान मौसम गुप्ता ने की, जबकि संचालन मंत्री अमित केएस ने किया। बैठक में दीपक गुप्ता, गौरव वार्ष्णेय, राकेशचन्द्र आर्य, अंकित वार्ष्णेय, प्रतीक वार्ष्णेय, गणेश चौधरी, मयंक वार्ष्णेय, मनोज कुमार श्याम, मनोज कुमार शोभाराम, कौशल किशोर वन्देमातरम, रितिक वार्ष्णेय, प्रमोद कुमार गांधी, मोहित वार्ष्णेय, किंग वार्ष्णेय, रजनीश कुमार वार्ष्णेय, दीपांशु वार्ष्णेय, यश गुप्ता किराना, हिमांशुल वार्ष्णेय, अजय वार्ष्णेय, स्पर्श वार्ष्णेय काका, अभय कुमार वार्ष्णेय, करन वार्ष्णेय, प्रदीप वार्ष्णेय सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे।

# महमूद नेता मक्का-मदीना सफर के लिए रवाना क्षेत्र के अन्य हाजियों ने भी शुरू किया सफर

**कुंदरकी।** मुरादाबाद-आगरा राजमार्ग स्थित बिस्कुट फैक्ट्री निवासी महमूद नेता रविवार सुबह 10 बजे मक्का-मदीना पाकशरीफ के लिए रवाना हो गए। क्षेत्र के गणमान्यजन व रिश्तेदारों ने हज यात्रा की मुबारकबाद देते हुए दुआओं में याद रखने का आह्वान किया।परिवार वालों ने खुशी के साथ-साथ भावुक होकर विदाई दी। नेता जी के परिवार में तीन बेटे व तीन बेटियां हैं। उनकी पत्नी का लगभग तीन वर्ष पूर्व लंबी बीमारी से निधन हो चुका था। हर मुसलमान के दिल में मक्का-मदीना की जियारत की तमन्ना बनी रहती है। बैतुल्लाह की जियारत पाना बड़ी किस्मत का काम है।रविवार सुबह जब नेता जी 40 दिनों के पवित्र सफर पर घर से निकले तो परिवार में खुशी का माहौल था, लेकिन बेटे-बेटियों की आंखें नम हो गईं। खासकर छोटे बेटे गयासुद्दीन की आंखें भर आईं, क्योंकि पिता के बिना 40 दिनों की तन्हाई कठिन लग रही थी। दिल्ली एयरपोर्ट पर विदाई देकर लौटते समय आंसू झलक उठे।क्षेत्र से अन्य कई मुस्लिम भाई भी हज यात्रा पर रवाना हुए। स्थानीय लोगों ने सभी हाजियों को दुआओं के साथ विदा किया। बकरा ईद से पहले यह पवित्र यात्रा हर साल बड़ी संख्या में जायरीनों के लिए महत्वपूर्ण होती है।



# रविवार की छुट्टी में भी मंडी सचिव रहे सक्रिय, नवीन मंडी समिति की सफाई व्यवस्था का लिया जायजा

**मुरादाबाद।** शहर की नवीन मंडी समिति में रविवार को अवकाश होने के बावजूद मंडी सचिव संजीव कुमार ने मंडी परिसर का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने मंडी में विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर साफ-सफाई, कूड़ा निस्तारण और कर्मचारियों की कार्यप्रणाली का निरीक्षण किया तथा व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान मंडी सचिव ने मंडी परिसर में फैली गंदगी और कूड़े के ढेरों पर नाराजगी जताई। उन्होंने संबंधित सफाई ठेकेदार और कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मंडी में नियमित रूप से सफाई अभियान चलाया जाए ताकि व्यापारियों और किसानों को स्वच्छ वातावरण मिल सके। उन्होंने विशेष रूप से नालियों की सफाई, कूड़ा उठान और सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता पर ध्यान देने के निर्देश दिए।संजीव कुमार ने कहा कि मंडी परिसर में स्वच्छता बनाए रखना केवल प्रशासन की ही नहीं बल्कि सभी व्यापारियों और आढ़तियों की भी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने मंडी में कार्यरत सभी व्यापारियों से अपनी-अपनी आढ़त के आगे डस्टबिन रखने और कूड़ा इधर-उधर न फेंकने की अपील की। उन्होंने कहा कि यदि सभी लोग सहयोग करेंगे तो मंडी को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाया जा सकता है।मंडी सचिव ने यह भी कहा कि स्वच्छ मंडी से न केवल व्यापारिक माहौल बेहतर होता है बल्कि किसानों और आम लोगों को भी सुविधा मिलती है। निरीक्षण के दौरान मंडी प्रशासन के अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे। मंडी सचिव की सक्रियता को लेकर व्यापारियों ने भी संतोष जताया और सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने में सहयोग का भरोसा दिया।



# नवागत थाना अध्यक्ष ने कहा-भ्रष्टाचार व अपराध बर्दाश्त नहीं, प्रधानों संग की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** थाना परिसर में नवागत थाना अध्यक्ष हम्वीर सिंह जादौन ने ग्राम प्रधानों, जनप्रति. निधियों और सामाजिक संगठनों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में भारतीय किसान यूनियन सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कानून व्यवस्था पर दिया जोरबैठक का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में कानून व्यवस्था मजबूत करना और अपराध पर प्रभावी नियंत्रण बनाना रहा। थाना अध्यक्ष हम्वीर सिंह जादौन ने साफ कहा कि कुंदरकी क्षेत्र में किसी भी प्रकार का भ्रष्टाचार, अवैध वसूली और अपराध बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ष्सूचना दें, कार्रवाई होगीष्उन्होंने चेतावनी दी कि अपराधियों और कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जनता से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें ताकि समय रहते कार्रवाई हो सके। सभी ग्राम प्रधानों और जनप्रतिनिधियों से पुलिस प्रशासन का सहयोग करने को भी कहा।कौन-कौन रहे मौजूदबैठक में उप-निरीक्षक रमेश गिरी, दामोदर सिंह, विजेंद्र कुमार, किशनलाल सिंह, दुली चंद, शांति स्वरूप शर्मा, अनुज मलिक, अंकुल मलिक सहित समस्त थाना स्टाफ मौजूद रहा। चार्ज संभालते ही थाना अध्यक्ष हम्वीर सिंह जादौन का सख्त और एक्शन भरा अंदाज चर्चा का विषय बना हुआ है।



# 'संघ को जानो' प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई उत्साहपूर्ण भागीदारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वैभवशाली 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शताब्दी वर्ष के अंतर्गत विद्यार्थी विभाग द्वारा रविवार को नगर में 'संघ को जानो' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता कक्षा 06 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए प्रथम एवं द्वितीय वर्ग में आयोजित हुई। प्रतियोगिता के लिए नगर में दो केंद्र बनाए गए, जिनमें जगदीश शरण सर्राफ सरस्वती शिशु मंदिर, हनुमानगढ़ी तथा चन्दौसी पब्लिक स्कूल शामिल रहे। इसके अतिरिक्त राजेश कुमार सरस्वती विद्या मंदिर, डॉ. अंबेडकर जूनियर हाई स्कूल पथरा, लाला सोहनलाल सरस्वती शिशु मंदिर, आर.आर.के. स्कूल, लक्ष्मीदेवी हरप्रसाद सरस्वती शिशु मंदिर एवं ए.एम. वर्ल्ड स्कूल के विद्यार्थियों ने भी प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में कुल 321 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया था, जिनमें से 197 विद्यार्थी उपस्थित रहे, जबकि 124 अनुपस्थित रहे। परीक्षा वैकल्पिक उत्तर प्रणाली पर आधारित थी। इसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 'संघ यात्रा' पुस्तिका से जीवन व्यवहार, संस्कार, सामाजिक सरोकार एवं भारतीय संस्कृति से संबंधित प्रश्न पूछे गए। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्र भावना जागृत करना तथा राष्ट्र सेवा के प्रति प्रेरित करना है। परीक्षा के दौरान सभी केंद्रों पर शांतिपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण देखने को मिला। कक्ष निरीक्षण की जिम्मेदारी अभिनव, डॉ. आशीष यादव, श्याम ठाकुर, डॉ. डी. के. अग्निहोत्री, वीरूकमल, अजय कुमार, अंश, उदयवीर, ओम पाठक पर्व एवं कुशल अग्रवाल ने संभाली। केंद्र पर्यवेक्षक के रूप में रौनक जी एवं हरीश कठेरिया एडवोकेट मौजूद रहे। कार्यक्रम में डॉ. जयशंकर दुबे सहित कई शिक्षकों एवं कार्यकर्ताओं ने सहयोग किया।



# साक्षी सेवा समिति ने मातृ दिवस पर महिलाओं को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** साक्षी सेवा समिति चन्दौसी के तत्वावधान में रविवार को गौशाला रोड स्थित समिति कार्यालय पर मातृ दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नीलम राय, सदस्य बाल कल्याण समिति जनपद संभल एवं समिति की प्रदेश अध्यक्ष रंजना शर्मा एडवोकेट द्वारा दीप प्रज्ज्वलन, मां सरस्वती पूजन और कल्याण मंत्र के साथ किया गया। इसके बाद स्टार परिवार के सदस्यों ने अतिथियों का पटका पहनाकर स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष रंजना शर्मा ने कहा कि मां का सम्मान प्रत्येक दिन किया जाना चाहिए, हालांकि मई माह के दूसरे रविवार को विशेष रूप से मातृ दिवस मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि साक्षी सेवा समिति हर वर्ष मातृशक्ति का सम्मान कर समाज में उनके योगदान को नमन करती है। इस अवसर पर नगर की समाजसे. विका नीलम राय को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। समिति द्वारा बताया गया कि नीलम राय ने ओम कंप्यूटर नेटवर्क के माध्यम से समाज में डिजिटल लिटरेसी एवं बेसिक कंप्यूटर शिक्षा को बढ़ावा दिया है। वह जरूरतमंद विद्यार्थियों को कम शुल्क में तथा अत्यंत निर्धन छात्र-छात्राओं को निशुल्क प्रशिक्षण उपलब्ध कराने में सहयोग कर रही हैं। इसके अलावा उन्होंने विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से भी समाज सेवा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वर्तमान में वह बाल कल्याण समिति जनपद संभल की सदस्य के रूप में भी कार्य कर रही हैं। कार्यक्रम में रंजना शर्मा, बबिता बिंदल एवं स्टार परिवार के सदस्यों ने नीलम राय को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही विरमा देवी, उर्मिला शर्मा, रानी शर्मा, चंद्रकला सैनी, मनी पोरवाल, जयश्री, सुधा शर्मा, दमयंती सिंह एवं सुमन मिश्रा सहित उपस्थित माताओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रंजना शर्मा ने तथा संचालन दमयंती सिंह ने किया।




# जायंट्स ग्रुप्स ने मातृ दिवस पर किया भव्य कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** जायंट्स वूमेन पावर, वूमेन प्राइड एवं वूमेन एरा द्वारा संयुक्त रूप से रविवार को मातृ दिवस के उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में माताओं का स्वागत पटका एवं माला पहनाकर किया गया।

इसके बाद दीप प्रज्वलन एवं जायंट्स प्रार्थना के साथ समारोह का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में भारतीय संस्कृति की झलक देखने को मिली। मानसी, प्रियांशी, काव्या, हिना, शिवानी एवं शिप्रा सहित कई सदस्य विभिन्न प्रदेशों की पारंपरिक वेशभूषा धारण कर पहुंचीं, जिससे समारोह की शोभा और बढ़ गई। गीताली, सारिका, श्रुति एवं शिप्रा ने गीत एवं कविताओं की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। माताओं को समर्पित नृत्य एवं लघु प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों को भावुक कर दिया। ग्रुप अध्यक्ष नीतू अग्रवाल ने अपनी बेटी के साथ सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया, जबकि निमिषा अग्रवाल ने बच्चों के साथ मां के सम्मान में आकर्षक नृत्य नाटिका पेश की। इसके बाद सभी ने तंबोला गेम का आनंद लिया और आकर्षक उपहार प्राप्त किए। कार्यक्रम में डॉ. सुधा चौधरी, पद्मा भार्गव, क्षमा अग्रवाल, अनु रस्तोगी, शुभा अग्रवाल सहित लगभग 90 माताएं मौजूद रहीं। सभी माताओं को सम्मान स्वरूप सुंदरकांड की पुस्तकें भेंट की गईं। इस अवसर पर शुभा अग्रवाल, नीतू सोनी, प्रीति अग्रवाल, अंजली चौधरी, अलका मंगलम, वंदना गुप्ता, प्राची, रिशु, सुरभि, सुनीता, गीताली, प्रियांशी, काव्या, पल्लवी, शुभ्रा, राधिका, निमिषा, शिवानी एवं दीपिका सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहीं।



# हाशिये पर महिलाएं

महिला आरक्षण को लेकर लंबे समय से देश में बहस चलती रही है। लगभग हर राजनीतिक दल समय-समय पर महिलाओं को राजनीति में बराबरी का अधिकार देने की बात करता है और संसद से लेकर सार्वजनिक मंचों तक महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन जब इन दावों की वास्तविकता चुनावों के दौरान टिकट वितरण में दिखाई देती है, तब राजनीतिक दलों की कथनी और करनी के बीच का अंतर साफ नजर आने लगता है। हाल ही में पश्चिम बंगाल, केरल, असम, तमिलनाडु और पुड्डुचेरी में हुए विधानसभा चुनावों ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि महिला आरक्षण की जोरदार पैरवी करने वाले अधिकांश राजनीतिक दल वास्तव में महिलाओं को उनका उचित प्रतिनिधित्व देने के लिए गंभीर नहीं हैं। इन चुनावों में कुल 824 विधानसभा सीटों पर मतदान हुआ, लेकिन महिलाओं को उम्मीदवार बनाने के मामले में लगभग सभी दलों का रवैया निराशाजनक रहा। महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण की मांग करने वाले दल खुद टिकट वितरण में इस आंकड़े के आसपास भी नहीं पहुंच सके। कई दल तो महिलाओं को कुल टिकटों का आधा हिस्सा भी नहीं दे पाए। इससे साफ जाहिर होता है कि महिलाओं के अधिकारों और राजनीतिक भागीदारी को लेकर राजनीतिक दलों की प्रतिबद्धता केवल भाषणों और घोषणाओं तक सीमित है। पश्चिम बंगाल का उदाहरण सबसे अधिक चर्चा में रहा। यहां सत्तारूढ़ दल ने 294 सीटों में से केवल 33 महिलाओं को टिकट दिए, जबकि दूसरी प्रमुख पार्टी ने 291 सीटों में 52 महिलाओं को उम्मीदवार बनाया। आंकड़ों पर नजर डालें तो यह संख्या कुल सीटों की तुलना में बहुत कम है। चुनाव परिणामों में भी महिलाओं की भागीदारी बेहद सीमित दिखाई दी और विधानसभा में पहुंचने वाली महिला प्रतिनिधियों का प्रतिशत दस फीसदी के आसपास ही सिमट गया। यह स्थिति उस राज्य की है जहां महिला नेतृत्व और महिला सशक्तिकरण की सबसे ज्यादा बातें की जाती हैं। तमिलनाडु में भी हालात बहुत अलग नहीं रहे। सत्ता के करीब पहुंचने का दावा करने वाली पार्टी ने 234 सीटों पर चुनाव लड़ा, लेकिन केवल 24 महिलाओं को टिकट दिया। इसी तरह असम में सत्ता में आई गठबंधन सरकार ने बेहद कम महिलाओं को उम्मीदवार बनाया। वहीं खुद को प्रगतिशील और उदारवादी बताने वाले दल भी महिलाओं को पर्याप्त प्रतिनिधित्व देने में पीछे दिखाई दिए। यह तस्वीर बताती है कि विचारधारा चाहे जो भी हो, महिलाओं को राजनीति में बराबरी देने के सवाल पर लगभग सभी दलों का रवैया एक जैसा है। महिलाओं को कम टिकट मिलने का सीधा असर चुनाव परिणामों पर भी दिखाई देता है। जब महिलाओं को पर्याप्त संख्या में चुनाव लड़ने का अवसर ही नहीं मिलेगा, तो स्वाभाविक रूप से विधानसभाओं और संसद में उनकी भागीदारी भी सीमित रहेगी।

# अनाज के ढेर पर बैठी भूखी दुनिया





प्रो. आर.के. जैन

सभ्यता की चकाचौंध के बीच दुनिया एक खामोश त्रासदी जी रही है। खेतों में रिकॉर्ड अनाज उग रहा है, खाद्य कंपनियां लगातार विस्तार कर रही हैं और बाजार रंग-बिरंगे पैकेटों से भरे पड़े हैं, फिर भी करोड़ों लोग भूख की यातना सहने को मजबूर हैं। यह केवल आर्थिक विषमता नहीं, बल्कि विकास के खोखले मॉडल की सबसे बड़ी हार है। अधिक उत्पादन की लालसा ने जंगल उजाड़े, जलस्रोत खत्म किए और मिट्टी की जीवनशक्ति घटा दी। अब प्रकृति भी उसी विनाश का जवाब दे रही है। कहीं लू फसलें झुलसा रही है तो कहीं बाढ़ महीनों की मेहनत बहा ले जाती है। भूख और पर्यावरण विनाश का यह दुष्चक्र अब इतना भयावह हो चुका है कि यदि इसे समय रहते नहीं तोड़ा गया, तो आने वाला दौर मानव इतिहास का सबसे अंधकारमय अध्याय बन सकता है।

मानव सभ्यता की सबसे भयावह तस्वीर आज आंकड़ों में कैद दिखाई देती है। वर्ष 2025 में लगभग 266 मिलियन लोग तीव्र खाद्य असुरक्षा से जूझ रहे थे, जबकि संयुक्त राष्ट्र के अनुसार 673 मिलियन लोग लगातार भूख का सामना कर रहे हैं। अफ्रीका में हर पांचवां व्यक्ति भोजन संकट में जी रहा है। 35.5 मिलियन बच्चे कुपोषण के शिकार हैं और करीब 10 मिलियन गंभीर स्थिति में हैं। सबसे दर्दनाक तथ्य यह है कि दुनिया की अधिकांश भूख केवल 10 देशों में सिमट चुकी है। यह केवल भोजन की कमी नहीं, बल्कि वैश्विक व्यवस्था की विफलता का प्रमाण है। युद्ध, आर्थिक संकट, बेरोजगारी और जलवायु आपदाएं मिलकर भूख को ऐसा हथियार बना चुकी हैं, जो इंसानी अस्तित्व को भीतर से तोड़ रहा है। अब भूख किसी गरीब राष्ट्र की समस्या नहीं, बल्कि असंतुलित वैश्विक विकास का सबसे भयावह चेहरा बन चुकी है। मानवता को भोजन देने वाली व्यवस्था अब पृथ्वी के विनाश का बड़ा कारण बन चुकी है। वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का लगभग 26 प्रतिशत हिस्सा खाद्य प्रणाली से आता है। कृषि अकेले पृथ्वी की आधी रहने योग्य भूमि और 70 प्रतिशत मीठे पानी का उपयोग करती है। वर्ष 2022 में एग्रीफूड सिस्टम ने करीब 16.2 बिलियन टन कार्बन डाइऑक्साइड समकक्ष उत्सर्जन किया था। पशुपालन से निकलने वाली मीथेन, रासायनिक उर्वरकों से पैदा नाइट्रस ऑक्साइड और जंगलों की कटाई से बढ़ती कार्बन डाइऑक्साइड धरती को लगातार गर्म कर रही हैं। तापमान में हर अतिरिक्त डिग्री वृद्धि प्रति व्यक्ति लगभग 120 कैलोरी प्रतिदिन घटा देती है। यानी अधिक उत्पादन की दौड़ ही भविष्य का भोजन निगल रही है। बदलता जलवायु चक्र अब भूख को और भयावह बना रहा है। मौसम अब अनुमान नहीं, भय का विषय बन चुका है। कहीं महीनों तक बारिश नहीं होती तो कहीं कुछ घंटों की वर्षा पूरी खेती बहा ले जाती है। लू, सूखा, चक्रवात और बाढ़ लगातार फसलों को नष्ट कर रहे हैं। विशेषज्ञों के अनुसार अमीर देशों में 41 प्रतिशत और गरीब देशों में 28 प्रतिशत तक उपज क्षमता घट सकती है। सबसे बड़ा संकट छोटे किसानों पर है, जिनके पास न आधुनिक तकनीक, न बीमा और न पर्याप्त संसाधन हैं। कई संघर्षग्रस्त क्षेत्रों में भूख को हथियार बनाया जा रहा है। यदि यही स्थिति रही, तो वर्ष 2030 तक लगभग 512 मिलियन लोग भूख की चपेट में आ सकते हैं। पर्यावरण विनाश और भूख अब एक ही संकट के दो चेहरे हैं। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि एक ओर करोड़ों लोग भूखे सोते हैं, वहीं दूसरी ओर भोजन कूड़े में फेंक दिया जाता है। दुनिया में उत्पादित भोजन का लगभग एक-तिहाई हिस्सा बर्बाद हो जाता है। यह अपव्यय 8-10 प्रतिशत उत्सर्जन के बराबर है। अमीर देशों की थालियों से फेंका गया भोजन गरीब देशों के बच्चों की भूख बनता है। उधर मिट्टी की उर्वरता घट रही है, भूजल स्तर गिर रहा है और जैव विविधता खत्म हो रही है। रासायनिक खेती ने उत्पादन बढ़ाया लेकिन मिट्टी कमजोर की। अब टिकाऊ विकल्प जरूरी हैं। यदि दुनिया को इस संकट से निकलना है, तो भोजन को व्यापार नहीं, मानव अस्तित्व की जिम्मेदारी मानना होगा। अन्यथा भूख का यह संकट वैश्विक स्थिरता तोड़ देगा। विनाश के बढ़ते साए में रिजनरेटिव कृषि सबसे बड़ी आशा बन चुकी है। यह केवल खेती की तकनीक नहीं, बल्कि प्रकृति के साथ संतुलन की नई राह है। कवर क्रॉपिंग, फसल चक्रण, नो-टिल फार्मिंग, एग्रोफॉरेस्ट्री और प्रिसीजन फार्मिंग मिट्टी को फिर जीवंत बना रही हैं। स्वस्थ मिट्टी अधिक कार्बन सोखती है, कम पानी में बेहतर उत्पादन देती है और जलवायु संकट झेलने की क्षमता बढ़ाती है। माइक्रोबियल इनोकुलेशन और विविध फसल प्रणाली जैव विविधता मजबूत कर रही हैं। क्लाइमेट-स्मार्ट कृषि छोटे किसानों को मौसम पूर्वानुमान, सटीक सिंचाई और बेहतर बाजार से जोड़ रही है। शोध बताते हैं कि सूखे में भी रिजनरेटिव खेत पारंपरिक खेतों से अधिक उत्पादक रहे।

## श्रीमुख से...

### विस्तार में मुख्यमंत्री की कोई भूमिका नहीं



उप्र में मंत्रिपरिषद विस्तार में मुख्यमंत्री की कोई भूमिका नहीं रह गई है और फैसले ऊपर से आने वाली पर्चियों के आधार पर हो रहे हैं, समय बिताने के लिए करना है कुछ काम, वैसे भी मंत्रिमंडल के विस्तार में तो इनका कोई काम है नहीं, उधर से पर्ची आएगी, यहां तो सिर्फ पढ़ी जाएगी, भाजपा राज में वैसे भी सीएम का मतलब बस यही रह गया है, कूरियर मैसेंजर, जनता पूछ रही है कि फिल्म सबसे आगे बैठकर देखेंगे या पीछे बैठकर साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि फिल्म ध्यान से देखिएगा, हो सकता है कर्मफल-कंसफल का सिद्धांत समझ में आए और कुछ सकारात्मक बदलाव देखने को मिले, मूल रूप से व्यक्ति नहीं, बल्कि उसका लालच और लोभ बुरा होता है, जो दुराचरण का रूप ले लेता है।

-अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क, शाह टाइम्स**

**पत्राचार: शाह टाइम्स, सुजडू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर, पिन कोड-251003**

**Dainikshahtimes@gmail.com**

# देश में लोकतंत्र : हकीकत या केवल भ्रम



तनवीर जाफरी

पिछले दिनों देश के पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव संपन्न हुए। इनमें सबसे अधिक चर्चा पश्चिम बंगाल चुनाव परिणामों की रही। चर्चा का कारण था पश्चिम बंगाल राज्य में पहली बार दक्षिणपंथी भारतीय जनता पार्टी का सत्ता में आना।

दरअसल पश्चिम बंगाल एक ऐसा राज्य है जहां प्राय: धर्मनिरपेक्ष सत्तारूढ़ दलों का लंबे समय तक राज करने का इतिहास रहा है। मिसाल के तौर पर स्वतंत्रता के बाद 1947 से लेकर 1977 तक यानी लगभग 30 वर्षों तक यहां लगातार कांग्रेस की सरकार रही। कांग्रेस शासन में बिधान चंद्र रॉय, प्रफुल्ल चंद्र सेन, और सिद्धार्थ शंकर रे जैसे दिग्गज नेता राज्य के मुख्यमंत्री रहे थे। बाद में 1977 में कांग्रेस को हराकर वाम मोर्चा सत्ता में आया और लगातार 34 वर्षों वामपंथी सरकार का शासन रहा। उसके बाद कांग्रेस छोड़कर अपनी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस बनाने वाली ममता बनर्जी ने मई 2011 में सत्ता संभाली और मई 2026 तक यानी लगातार 15 वर्षों तक पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया है। लगातार तीन कार्यकालों तक सत्ता संभालने वाली राज्य की वह पहली महिला मुख्यमंत्री भी रही हैं। 1947 से लेकर 2026 तक राज्य में जितनी भी सरकारें बनीं वे सभी धर्मनिरपेक्ष सरकारें थीं परन्तु यह पहला मौका है जबकि दक्षिणपंथी विचारधारा की भाजपा ने यहां सत्ता संभाली है। 2014 में केंद्र में भाजपा सरकार बनने के बाद जिसतरह सत्ता व अनेक सरकारी संस्थाओं का दुरूपयोग कर, दूसरे राजनैतिक दलों में फूट डालकर या तोड़फोड़कर, भय लालच आदि के बल पर यहां तक कि राज्यपालों के पद का खुला राजनैतिक दुरूपयोग कर देश के अनेक राज्यों में भाजपा द्वारा अपनी सरकारें बनाई गई हैं उसे देखकर पश्चिम बंगाल में भाजपा की इस बार सरकार बनना कोई खास आश्चर्य का विषय नहीं होना चाहिए।

वैसे भी जिस तरह भाजपा को अपनी मनपसंद यानी साम्प्रदायिकता की पिच पर यहां खेलने का मौका मिला उसमें निश्चित रूप से उसे महारत हासिल हो चुकी है। जिन सुवेन्दु अधिकारी को भाजपा ने अपना पहला मुख्यमंत्री बनाया है वह भी मूल रूप से तृणमूल कांग्रेस के ही नेता थे परन्तु 2020 में भाजपा में शामिल होकर उन्होंने राज्य में भाजपा के आधार का विस्तार किया। यह वही सुवेन्दु अधिकारी हैं जिन्हें 2014 में नारदा स्टिंग ऑपरेशन मामले में एक फर्जी कंपनी के प्रतिनिधियों से रंगे हाथ नकद रिश्वत लेते हुए एनडीटीवी के मैथ्यू सैमुअल द्वारा किए गए स्टिंग वीडीओ में दिखाया गया था। 2016 में बंगाल में एक चुनावी सभा में नरेंद्र मोदी ने सुवेन्दु जैसे भ्रष्ट व रिश्वतखोर नेताओं का जिक्र भी किया था। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने मार्च 2017 में नारदा स्टिंग ऑप्रेशन की सीबीआई जांच के आदेश भी दिए थे। स्टिंग ऑप्रेशन के बाद, तृणमूल कांग्रेस के अन्य नेताओं के साथ-साथ सुवेन्दु अधिकारी से भी सीबीआई व ईडी ने पूछताछ की थी। बाद में चूंकि सुवेन्दु अधिकारी भाजपा में शामिल हो गए इसलिए उन्हें इस मामले में गिरफ्तार नहीं किया गया। सीबीआई ने 2021 में बताया भी कि उन्होंने सुवेन्दु अधिकारी और मुकुल रॉय के खिलाफ जांच के लिए सरकार से आवश्यक मंजूरी न मिलने के कारण कार्रवाई नहीं की। गोया भाजपा की वाशिंग मशीन से पाक साफ होने वाले नेताओं में सुवेन्दु अधिकारी भी मुख्य नेता हैं।

इस समय राज्य में भाजपा के निर्वाचित 207 विधायकों में लगभग 35 विधायक ऐसे हैं जो 2021-2026 के बीच या उससे पहले तृणमूल, कांग्रेस या वामपंथी दलों से आए हुए दलबदलू हैं। बहरहाल सुवेन्दु अधिकारी अपनी जिस विशेषता के चलते भाजपा की आंखों का तारा बने हैं वह है उनके घोर जहरीले व साम्प्रदायिकतावादी बयान। चुनाव प्रचार से लेकर चुनाव जीतने तक उन्होंने जैसी भाषा का प्रयोग किया है वह किसी धर्मनिरपेक्ष लोकतान्त्रिक देश के किसी नेता की भाषा कतई नहीं कही जा सकती। जैसे कि नंदीग्राम में अपनी जीत के बाद, उन्होंने कहा कि मुसलमान मतदाता कट्टरपंथी हैं और उन्होंने टीएमसी को एकतरफा वोट दिया है। उन्होंने कहा कि नंद. 'ग्राम की हिंदू जनता ने मुझे फिर से जिताया। वहां मुसलमान वोट पूरा का पूरा TMC को मिला। इसलिए, मैं अब नंदीग्राम के हिंदुओं के लिए काम करूंगा। इसी तरह उन्होंने मतदान के दौरान एक अत्यंत विवादास्पद बयान देते हुए कहा था कि हिंदू वोट एकजुट होकर बीजेपी को मिले और मुस्लिम वोट टीएमसी को। उन्होंने एक जनसभा के दौरान मुसलमानों को कट्टरवादी कहते हुए कहा था कि कट्टर मुसलमान ममता बनर्जी के साथ हैं। भाजपा की जीत के बाद उन्होंने यह भी कहा था कि वह राज्य के अल्पसंख्यकों के लिए नहीं, बल्कि हिंदुत्व के लिए काम करेंगे। सुवेन्दु अधिकारी की मुसलमानों के प्रति नफरत की पराकाष्ठा को उनके दिसंबर 2025 के उस बयान से भी समझा जा सकता है जिसमें उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हुए हमलों के विरोध में कोलकता में आयोजित एक रैली के दौरान कहा था कि बांग्लादेश को भी ष्उसी तरह सबक सिखाया जाना चाहिए जैसे इजराइल ने गजा को सिखाया। उन्होंने आगे कहा कि हमारे 100 करोड़ हिंदू और हिंदू हितों के लिए काम कर रही सरकार को उन्हें वैसे ही सबक सिखाना चाहिएश। जरा सोचिए जिस गजा नरसंहार को लेकर दुनिया के कई प्रमुख देश इस्राईल से रिश्ते खत्म कर रहे हैं, जिस गजा नरसंहार की वजह से अंतर्राष्ट्रीय अदालत ने इस्राईली प्रधानमंत्री के विरुद्ध वारण्ट जारी कर रखा है।

# सोमनाथ से सिंदूर तक : पुनरुत्थानशील भारत की भावना





पीयूष गोयल

75 वर्ष पहले किया गया भव्य सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण और प्राण-प्रतिष्ठा भारत के सभ्यतागत गौरव की पुनर्स्थापना का निर्णायक क्षण था। इसने भारत की उस दृढ़ता और संकल्प को पुन: स्थापित किया, जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विकसित भारत 2047' मिशन का मूल आधार है। इस पवित्र उपलब्धि की 75वीं वर्षगांठ राष्ट्र को भारतीय सभ्यता की मजबूत नींव और शक्ति पर सर्वोच्च विश्वास प्रदान करती है, जो 1,000 वर्षों तक कट्टरपंथियों द्वारा मंदिर पर किए गए भीषण हमलों को झेलने के बाद भी और अधिक सशक्त होकर उभरी। गुजरात के शांत समुद्र तट पर स्थित यह मंदिर हर आक्रमण के बाद खंडहरों से अपनी पूरी भव्यता के साथ फिर उठ खड़ा हुआ। कई मायनों में इसका इतिहास भारत के अतीत का प्रतिबिंब है, जहां हमारे शांतिप्रिय लोगों ने अपनी आस्था, संस्कृति और विरासत पर हुए क्रूर हमलों के बाद फिर से मजबूती से वापसी की।

जैसा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, जिस प्रकार सोमनाथ को नष्ट करने के लिए बार-बार षड्यंत्र और प्रयास हुए, उसी प्रकार विदेशी आक्रमणकारियों ने सदियों तक भारत को समाप्त करने की कोशिश की। फिर भी न तो यह पूजनीय तीर्थ नष्ट हुआ और न ही भारत। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि सोमनाथ पर हमलों का उद्देश्य लूटपाट से ज्यादा खतरनाक था। उन्होंने कहा, यदि हमले केवल लूट के लिए होते, तो एक हजार वर्ष पहले हुई पहली बड़ी लूट के बाद ही रुक गए होते, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। सोमनाथ की पवित्र मूर्ति को अपवित्र किया गया, मंदिर के स्वरूप को बार-बार बदला गया। और हमें यह सिखाया गया कि सोमनाथ को केवल लूट के लिए नष्ट किया गया था। घृणा, उत्पीड़न और आतंक का यह क्रूर इतिहास हमसे छिपाया गया। स्वतंत्रता के बाद सरदार पटेल ने सोमनाथ के पुनर्निर्माण के मिशन का नेतृत्व किया। यह नवस्वतंत्र भारत में राष्ट्रीय आत्मविश्वास की प्रारंभिक अभिव्यक्तियों में से एक था। लेकिन इस प्रयास की राह में भी मुश्किलें आईं। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने इसके ऐतिहासिक लोकार्पण समारोह में तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद के शामिल होने का औपचारिक तौर पर विरोध किया। इसके बावजूद राष्ट्रपति ने 11 मई 1951 को मंदिर का लोकार्पण किया। सदियों के क्रूर उत्पीड़न के बाद इस पुनर्निर्माण ने भारत में सांस्कृतिक पुनर्जागरण और सभ्यता पर गर्व के बीज बोए। काशी विश्वनाथ और उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर के पुनरुद्धार से लेकर अयोध्या में भव्य राम मंदिर तक केदारनाथ के पुनर्जीवन से लेकर असंख्य धरोहर स्थलों के संरक्षण तक भारत अपनी सभ्यता की कहानी को गरिमा और उद्देश्य के साथ पुन: स्थापित कर रहा है। इन प्रयासों से पर्यटकों की संख्या बढ़ रही है और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार एवं व्यापार के अनेक अवसरों का सृजन हो रहा है। सोमनाथ की ही भांति भारत भी और अधिक सशक्त होकर उभरा है। यह विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था होने के साथ-साथ अपनी समृद्ध विरासत और आधुनिकता के अद्वितीय संगम के लिए वैश्विक पहचान बना रहा है। 2014 में जब देश भारी बहुमत से मोदी सरकार को सत्ता में लाया, तो संयुक्त राष्ट्र महासभा ने रिकॉर्ड 175 देशों के समर्थन से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने का प्रस्ताव पारित किया।

योग आज एक वैश्विक वेलनेस मुहिम बन चुका है, जिसने दुनिया की सभी संस्कृतियों के लोगों को लाभ पहुंचाया है। एक दशक बाद, प्रधानमंत्री मोदी ने पश्चिम एशिया में संयुक्त अरब अमीरात सरकार द्वारा उपहार में दी गई भूमि पर बने एक भव्य मंदिर का लोकार्पण किया। इससे पहले, प्रधानमंत्री ने बहरीन में 200 वर्ष पुराने मंदिर के पुनर्निर्माण कार्य का शुभारंभ किया था। वह नियमित रूप से प्रवासी भारतीयों से संवाद करते हैं जिससे वे भारतीय सांस्कृतिक विरासत का गौरवशाली दूत बन जाते हैं।

**( लेखक केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री हैं )**



चेन्नई। जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में अपने शपथ ग्रहण समारोह के दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के साथ हाथ मिलाते तमिलनाडु के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री (टीवीके) प्रमुख विजय।

## ईयू एंव ब्रिटेन के ऊर्जा के उपलब्ध विकल्प और सीमित हुए: किरल दमित्रीव

**मास्को।** रूसी प्रत्यक्ष निवेश कोष (आरडीआईएफ) के प्रमुख किरिल दिमित्रीव के अनुसार तेल और गैस क्षेत्र में रूस एवं चीन के बीच बढ़ते सहयोग की संभावनाओं के कारण यूरोपीय संघ (ईयू) और ब्रिटेन के लिए ऊर्जा परिदृश्य और भी सीमित हो गया है। दिमित्रीव की यह टिप्पणी रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के उस बयान के बाद आई है, जिसमें उन्होंने शनिवार को कहा था कि रूस और चीन ने ऊर्जा क्षेत्र, विशेष रूप से गैस और तेल में सहयोग के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाने के लिए 'उच्च स्तर की सहमति' बना ली है। पुतिन के बयान पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर प्रतिक्रिया देते हुए दिमित्रीव ने कहा कि इतिहास के सबसे खराब ऊर्जा संकट के दौरान यूरोपीय संघ और ब्रिटेन के पास उपलब्ध ऊर्जा विकल्प अब और भी सीमित हो गए हैं।

## श्रीलंका के राष्ट्रपति ने तमिलनाडु के नए मुख्यमंत्री विजय को दी बधाई

**कोलंबो।** श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने रविवार को तमिलनाडु के नए मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय को बधाई देते हुए दोनों क्षेत्रों के ऐतिहासिक संबंधों का जिक्र किया। दिसानायके ने सोशल मीडिया पर श्रीलंका और तमिलनाडु के बीच गहरे ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आर्थिक संबंधों पर जोर देते हुए कहा कि दोनों पक्षों के बीच यह रिश्ता पीढ़ियों से चले आ रहे लोगों के आपसी जुड़ाव से और मजबूत हुआ है। उन्होंने लिखा कि श्रीलंका और तमिलनाडु इतिहास, संस्कृति, उद्यम और पीढ़ियों से चले आ रहे लोगों के आपसी जुड़ाव से जुड़े हुए हैं। उन्होंने दोनों देशों के बीच भविष्य में अपार आर्थिक संभावनाओं और अवसरों की बात करते हुए कहा कि श्रीलंका और भारत अपने द्विपक्षीय सहयोग को और गहरा कर रहे हैं।

# इजरायल ने इराक में बनाया गुप्त सैन्य अड्डा: रिपोर्ट

## ईरान पर हवाई हमले करने के लिए, खोज और बचाव दल भी तैनात किए गए

**तेहरान।** इजरायली अधिकारियों ने ईरान के खिलाफ हवाई हमले शुरू करने के लिए इराकी रेगिस्तान में गुप्त सैन्य अड्डा स्थापित किया है। यह जानकारी रविवार को वॉल स्ट्रीट जर्नल ने अमेरिकी अधिकारियों सहित अन्य स्रोतों के हवाले से दी। सूत्रों के अनुसार, इजरायली सेना ने विशेष बलों को रखने के लिए एक ठिकाना बनाया है। यह बेस इजरायली वायु सेना के लिए रसद केंद्र के रूप में भी काम करता है।

सूत्रों का दावा है कि इस बेस की स्थापना ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई शुरू होने के ठीक पहले हुई थी। प्रकाशन ने स्पष्ट किया कि वहां खोज और बचाव दल भी तैनात किए गए हैं ताकि विमान गिरने पर इजरायली पायलटों की तलाश की जा सके। एक अनाम सूत्र ने बताया कि इजरायली वायु सेना के विशेष बल, जिन्हें दुश्मन के इलाके में तोड़फोड़ की कार्रवाई का प्रशिक्षण दिया गया है, वे भी इस बेस पर तैनात हैं। सूत्रों ने वॉल स्ट्रीट जर्नल को बताया कि इराकी रेगिस्तान में स्थित यह इजरायली बेस का पता लगभग मार्च में लगा था। अखबार ने अनाम इराकी सरकारी मीडिया का हवाला देते हुए



■ वॉल स्ट्रीट जर्नल का अमेरिकी अधिकारियों सहित अन्य स्रोतों के हवाले से खुलासा

लिखा कि एक स्थानीय चरवाहे ने इलाके में असामान्य सैन्य गतिविधि, विशेष रूप से हेलीकॉप्टर की उड़ानों की जानकारी दी थी। इसके बाद इराकी बलों को उस सैन्य सुविधा की जांच के लिए भेजा गया लेकिन इजरायल ने हवाई हमलों के जरिए उनकी बढ़त को रोक दिया। अखबार ने इराक में बेस के सटीक स्थान का उल्लेख नहीं किया है। एक अनाम सूत्र ने बताया कि जब ईरानी शहर इस्फहान के पास एक अमेरिकी एफ-15 लड़ाकू विमान को मार गिराया गया था, तब इजरायल ने मदद की पेशकश की थी, लेकिन अमेरिकी सेना ने स्वतंत्र रूप से दोनों पायलटों को बचा लिया। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने आगे कहा कि इजरायल ने इस अभियान की सुरक्षा के लिए हवाई हमले भी किए थे। ईरान के ऊपर एक एफ-15ई फाइटर-बॉम्बर को मार गिराया गया था। तीन अप्रैल को खोज अभियान शुरू हुआ। इसमें दो पायलटों में से एक को जल्द ही ढूंढ़ लिया गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पांच अप्रैल की रात को दूसरे पायलट की वापसी का एलान किया। 28 फरवरी को, अमेरिका और इजरायल ने ईरान में ठिकानों पर हमला करना शुरू किया, जिसमें 3,000 से अधिक लोग मारे गए। वाशिंगटन और तेहरान ने आठ अप्रैल को युद्धविराम की घोषणा की। इसके बाद इस्लामाबाद में हुई बातचीत बेनतीजा रही, हालांकि दोबारा जंग शुरू होने की कोई खबर नहीं है। फिर भी, अमेरिका ने ईरानी बंदरगाहों की नाकेबंदी शुरू कर दी है।

# यूएस की परमाणु धमकी बेहद बेतुकी: ईरान

## ट्रम्प की टिप्पणी अमेरिका की कथित 'शांति की इच्छा' से मेल नहीं खाती: इस्माइल बकाई

**तेहरान।** ईरान ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की कथित परमाणु हमले की चेतावनी पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे 'घृणित बेतुकापन' करार दिया है। ईरानी विदेश मंत्रालय ने कहा है कि यह टिप्पणी अमेरिका की कथित 'शांति की इच्छा' से मेल नहीं खाती है।

ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बकाई ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि यह 'विकृत विडंबना' है कि अमेरिका एक ओर शांति और परमाणु संकट रोकने की बात करता है और दूसरी ओर 'एक बड़ी चमक' जैसी भाषा का इस्तेमाल कर सैन्य धमकी देता है। बकाई ने अपनी पोस्ट में हॉलीवुड फिल्म 'डा. स्ट्रेंजलव' का उल्लेख करते हुए अमेरिकी बयानबाजी का उपहास भी उड़ाया। यह प्रतिक्रिया ट्रम्प के उस बयान के बाद आई जिसमें उन्होंने कहा था कि यदि ईरान के साथ युद्धविराम समाप्त होता है तो आपको जानने की जरूरत नहीं पड़ेगी, बस ईरान से उठती एक बड़ी चमक दिखाई देगी। उन्होंने यह भी कहा था कि ईरान को समझौते पर जल्द हस्ताक्षर कर देने चाहिए, अन्यथा उसे 'काफी दर्द' झेलना पड़ेगा। इस बीच,




■ बकाई ने अपनी पोस्ट में हॉलीवुड फिल्म 'डा. स्ट्रेंजलव' का उल्लेख करते हुए अमेरिकी बयानबाजी का उपहास भी उड़ाया

मॉस्को में विजय दिवस समारोह के बाद रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अमे. रिका-ईरान तनाव को 'बेहद कठिन' स्थिति बताया और कहा कि रूस को उम्मीद है कि संघर्ष जल्द समाप्त होगा। पुतिन ने कहा कि ईरान के परमाणु हथियार विकसित करने के कोई प्रमाण नहीं हैं और विवाद का समाधान कूटनीतिक तरीके से संभव है। उन्होंने कहा कि रूस को ऐसा कोई प्रमाण नहीं मिला है जिससे यह संकेत मिले कि ईरान परमाणु हथियार बना रहा है। उन्होंने यह भी दोहराया कि रूस अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) की निगरानी में ईरान के यूरेनियम संवर्धन कार्यक्रम के प्रबंधन में सहयोग देने को तैयार है। उन्होंने कहा कि रूस का प्रस्ताव ईरान के संवर्धित यूरेनियम को शांतिपूर्ण परमाणु उपयोग के लिए ईंधन रॉड में परिवर्तित करने पर आधारित है। यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिका ईरान को युद्ध समाप्त करने के लिए प्रस्तावित 10 सूत्री समझौता ज्ञापन पर जवाब देने का इंतजार कर रहा है। इस प्रस्ताव में ईरान का परमाणु कार्यक्रम प्रमुख विवादित मुद्दों में शामिल है। अमेरिका ने अब तक रूस के प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया है। अमेरिका की मुख्य चिंता ईरान के लगभग 450 किलोग्राम 60 प्रतिशत संवर्धित यूरेनियम भंडार को लेकर है, जिसे हथियार-स्तरीय 90 प्रतिशत संवर्धन से केवल एक तकनीकी कदम दूर माना जाता है। रिपोर्टों के अनुसार ईरान के पास लगभग 1,000 किलोग्राम 20 प्रतिशत संवर्धित यूरेनियम और करीब 8,500 किलोग्राम 3.6 प्रतिशत संवर्धित यूरेनियम भी मौजूद है।

## आईआरजीसी ने अपने जहाजों पर हमले के खिलाफ अमेरिका को दी चेतावनी

**तेहरान।** ईरान के प्रमुख सुरक्षा बल इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) की नौसेना शाखा ने चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर ईरानी तेल टैंकरों एवं कारोबारी जहाजों के प्रति किसी भी तरह की आक्रामकता दिखाई जाती है तो इस नतीजा क्षेत्र में स्थित अमेरिकी सैन्य केंद्रों में एक और 'शत्रु' के जहाजों पर भारी हमले के रूप में सामने आएगा। ये टिप्पणियां शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में की गईं, जो गुरुवार और शुक्रवार को होर्मुज जलडमरूमध्य में और उसके आसपास ईरान और अमेरिका के बीच भड़की छिटपुट झड़पों के बाद आई हैं। गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों में अमेरिकी सेना ने कई ईरानी जहाजों और तेल टैंकरों पर हमला किया है।

## ईरान होर्मुज स्ट्रेट पर पकड़ मजबूती को कर रहा मच्छर बेड़े का इस्तेमाल

**मॉस्को।** ईरान रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य पर नियंत्रण बनाए रखने के लिए तेज गति से चलने वाली नौकाओं के एक बड़े नेटवर्क पर निर्भर है, जिसे 'मच्छर बेड़ा' कहा जाता है। फाइनेंशियल टाइम्स की एक रिपोर्ट में रक्षा विशेषज्ञों के हवाले से यह जानकारी दी गई। रिपोर्टों में कहा गया है कि ईरानी अधिकारी सैकड़ों छोटी, तेज गति से चलने वाली नौकाओं का संचालन करते हैं, जिनमें से कई हल्के हथियारों से लैस हैं, जबकि अन्य अल्प दूरी की मिसाइलों से सुसज्जित हैं। माना जाता है कि ए नौकाएं क्षेत्र में ईरान की असममित नौसैनिक रणनीति की रीढ़ हैं।

# भीषण आत्मघाती हमले से दहला पाकिस्तान

■ विस्फोटक से भरी गाड़ी चेकपोस्ट से टकराई 15 पुलिसकर्मियों की मौत, कई घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बन्नू जिले में शनिवार देर रात एक भीषण आत्मघाती हमला हुआ। मामले में एक आत्मघाती हमलावर ने बारूद से भरी अपनी गाड़ी को फतेह खेल पुलिस चेकपोस्ट में दे मारी। इस जोरदार धमाके में 15 पुलिसकर्मियों की जान चली गई और तीन अन्य जवान घायल हो गए। अधिकारियों ने इस घटना की पुष्टि की है। धमाका इतना जोरदार था कि पुलिस चेकपोस्ट पूरी तरह मलबे में तब्दील हो गया।

बन्नू के डीआईजी सज्जाद खान ने बताया कि विस्फोट से भारी तबाही हुई और कई जवान मलबे के नीचे दब गए। बचाव दल ने रात भर चले अभियान के बाद मलबे से तीन पुलिस अधिकारियों को सुरक्षित बाहर निकाला। घायलों को तुरंत जिला मुख्यालय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डीआईजी ने जाकर उनके इलाज का जायजा लिया। अधिका. रियों ने मृतक जवानों की पहचान कर ली है। इनके नाम रहमत अयाज, सनाउल्लाह, नियाज अली, हबीब, सादुल्लाह जान, कामरान (पुत्र खान सिकंदर), एक अन्य कामरान, नूरुल्लाह, आबिद जानी, इमरान, कलीमुल्लाह, सादिकुल्लाह, मुनीर आलम खान, राहतुल्लाह खान और फारूक हैं। घायल जवानों के नाम मुजरिम फिरोज, हयातुल्लाह और कदरुल्लाह बताए गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, धमाका इतना जोरदार था कि इसकी आवाज जिले के दूर-दराज के इलाकों तक सुनी गई। धमाके से आसपास के घरों और नागरिक इमारतों को भी काफी नुकसान पहुंचा है। चश्मदीदों का कहना है कि धमाके की वजह से कई घरों की छतें गिर गईं। खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री सोहेल अफरीदी ने इस हमले की कड़ी निंदा की है। इससे पहले रविवार को, बलूचिस्तान लिबरेशन फ्रंट (बीएलएफ) ने बलूचिस्तान के अलग-अलग इलाकों में 10 आपरेशनों की जिम्मेदारी ली है।

## दोहा के पास मालवाहक जहाज अज्ञात मिसाइल की चपेट में आया

**दोहा।** कतर की राजधानी दोहा से 23 समुद्री मील उत्तर-पूर्व में एक मालवाहक जहाज 'अज्ञात मिसा. इल' की चपेट में आ गया। यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस (यूकेएमटीओ) केंद्र ने यह जानक. ारी दी है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जारी एक बयान में यूकेएमटीओ ने बताया कि जहाज पर आग लग गई थी, जिस पर जल्द ही काबू पा लिया गया। इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। एजेंसी ने कहा कि जहाज पर मामूली आग लगी थी जिसे बुझा दिया गया है, कोई हताहत नहीं हुआ है। बयान के अनुसार, बल्क कैरियर के कैप्टन ने सूचना दी कि रविवार को खाड़ी में यात्रा के दौरान जहाज किसी अज्ञात वस्तु से टकराया था।

# इजरायली हमले में 39 लोगों की मौत: लेबनान

## दक्षिणी शहर सकसाकियाह पर हुए एक इजरायली हमले में एक बच्चे सहित कम से कम सात लोग मारे गए

**बेरूत।** लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इजरायल द्वारा लेबनान में किए गए भीषण हमलों में 39 लोग मारे गए। यह जानक. ारी बीबीसी ने रविवार को दी। मंत्रालय ने कहा कि दक्षिणी शहर सकसाकियाह पर हुए एक इजरायली हमले में एक बच्चे सहित कम से कम सात लोग मारे गए।

इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने कहा कि वह लेबनानी सशस्त्र समूह हिजबुल्लाह को निशाना बना रहा था और निर्दोष नागरिकों को हुए नुकसान की रिपोर्टों से अवगत था। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा 16 अप्रैल को इजरायल और लेबनान की सरकारों के बीच युद्धविराम समझौते की घोषणा के बाद से इजरायली सेना और हिजबुल्लाह के बीच गोलीबारी जारी है। इजरायल के अधिकांश हवाई हमले दक्षिणी लेबनान में हुए हैं और आईडीएफ का कहना है कि वह ईरान समर्थित मिलिशिया और राजनी. तिक दल हिजबुल्लाह से जुड़ी अवसंरचना



■ पिछले सप्ताह इजरायली हमलों में पूरे देश में 120 से अधिक लोग मारे गए जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल

और लोगों को निशाना बना रही है। शनिवार को लेबनान की सरकारी समाचार एजेंसी नेशनल न्यूज एजेंसी (एनएएनए) ने सकसाकियाह सहित पूरे दक्षिण में इजरायली हमलों की सूचना दी। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इस हमले में शुरुआती तौर पर सात लोग मारे गए, जिनमें एक लड़की भी शामिल है और 15 लोग घायल हुए हैं, जिनमें तीन बच्चे भी शामिल हैं। आईडीएफ ने कहा कि उसने इलाके में सैन्य उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल की जाने वाली एक इमारत के अंदर से सक्रिय हिजबुल्लाह आतंकवादियों पर हमला किया। उसने आगे कहा कि हमले से पहले, नागरिकों को होने वाले नुकसान के जोखिम को यथासंभव कम करने के लिए कदम उठाए गए, जिनमें सटीक गोलाबारी और हवाई निगरानी शामिल हैं। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, पिछले सप्ताह इजरायली हमलों में पूरे देश में 120 से अधिक लोग मारे गए, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। मंत्रालय लड़ाकों एवं नागरिकों में कोई अंतर नहीं करता है। इजरायली सेना ने सीमा के साथ लेबनानी भूमि की एक पट्टी पर भी कब्जा कर रखा है और अधिकारियों का कहना है कि इसका उद्देश्य इजरायल के उत्तरी समुदायों की रक्षा के लिए हिजबुल्लाह-मुक्त सुरक्षा क्षेत्र बनाना है।

## अमेरिकी विदेश मंत्री ने कतर के प्रधानमंत्री से की मुलाकात

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने मियामी में कतर के प्रधानमंत्री और विद. ेश मंत्री मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान अल थानी से मुलाकात की। यह बैठक ऐसे समय में हुई है, जब अमेरिका फरवरी के अंत में शुरू हुए संघर्ष को समाप्त करने के अपने नवीनतम प्रस्ताव पर ईरान के जवाब का इंतजार कर रहा है। इस दौरान चर्चा मुख्य रूप से ईरान संकट, रक्षा सहयोग और पश्चिम एशिया में स्थिरता बनाए रखने के व्यापक प्रयासों पर केंद्रित रही। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता टॉमी पिगॉट ने एक बयान में कहा कि रूबियो ने कई क्षेत्रों में कतर की साझेदारी की सराहना की और खतरों को रोकने तथा क्षेत्र में स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए वॉशिंगटन और दोहा के बीच निरंतर घनिष्ठ समन्वय पर जोर दिया। रूबियो ने कतर की रक्षा क्षमताओं के लिए अमेरिकी समर्थन पर और क्षेत्रीय सुरक्षा बनाए रखने में दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी का उल्लेख किया। रूबियो ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि चर्चा में 'कतर की रक्षा के लिए अमेरिकी समर्थन' शामिल था।

यौन समस्याएं

यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें

डा. सम्राट

नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।

नावल्टी सिनेमा चौक मुजफ्फरनगर (यू.पी.)

M-9412211108

# यूक्रेन संघर्ष समाप्ति की ओर अग्रसर: पुतिन

■ पुतिन की ये टिप्पणियां उनके विजय दिवस भाषण के कुछ ही घंटों बाद आई

**मास्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि उन्हें लगता है कि यूक्रेन के साथ रूस का संघर्ष समाप्त होने वाला है। उन्होंने द्वितीय विश्व युद्ध में सोवियत संघ की जीत के उपलक्ष्य में मस्को में आयोजित एक सीमित सैन्य परेड के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए यह बात कही।

यह जानकारी बीबीसी ने रविवार को दी। सुरक्षा संबंधी चिंताओं के कारण रूस की वार्षिक परेड में टैंकों एवं मिसा. इलों का सामान्य प्रदर्शन नहीं हुआ क्योंकि अधिकारियों को आशंका थी कि यूक्रेन ड्रोन से रेड स्क्वायर को निशाना बना सकता है। अमे. रिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की मध्यस्थता से मास्को और कीव के बीच अंतिम समय में हुए युद्धविराम ने किसी भी हमले के खतरे को कम कर दिया और परेड बिना किसी रुकावट के संपन्न हुई। पुतिन की ये टिप्पणियां उनके विजय दिवस भाषण के कुछ ही घंटों बाद आई जिसमें उन्होंने युद्ध को जायज ठहराया था। उस भाषण में उन्होंने कहा कि रूस एक न्यायपूर्ण युद्ध लड़ रहा है और यूक्रेन को एक आक्रामक शक्ति करार दिया जिसे नाटो के पूरे गुट द्वारा हथियार और समर्थन दिया जा रहा है। बाद में, जब एक संवाददाता सम्मेलन में पश्चिम देशों द्वारा यूक्रेन की मदद करने के बारे में पूछे गए सवाल पर पुतिन ने कहा कि उन्होंने (पश्चिम ने) सहायता का वादा किया और फिर रूस के साथ टकराव को हवा देना शुरू कर दिया जो आज तक जारी है। मुझे लगता है कि मामला अब सुलझने वाला है लेकिन यह एक गंभीर मामला है।

NIRWAL HOSPITAL
MULTI SPECIALITY

स्त्री की सभी समस्याओं का इलाज आयुष्मान कार्ड से

डॉ. नीति चतुर्वेदी
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ

- जच्चा व बच्चा के सभी रोगों का इलाज
- बांझपन का इलाज
- बच्चेदानी व अण्डेदानी के सभी ऑपरेशन दूरबीन द्वारा व खुले
- परिवार नियोजन के लिए परामर्श व हर प्रकार की सुविधा।
- हाईरिस्क गर्भावस्था
- बच्चेदानी का कैंसर रोकने हेतु टीकाकरण
- बच्चेदानी का ऑपरेशन आयुष्मान कार्ड से
- नार्मल व ऑपरेशन (सिजेरियन) के द्वारा डिलीवरी की सुविधा

साउथ सिविल लाईन, सरकुलर रोड, जाट कॉलोनी, मु. नगर
मो.: 0131-2621600, 7300773004

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें

- रशिया
- जॉर्जिया
- कजाखस्तान
- किर्गिज़स्तान
- उज्बेकिस्तान
- बांग्लादेश
- नेपाल
- चाईना
- ईरान
- इजिप्ट
- यू.के.
- कनाडा
- यू.एस.ए.

और भी देशों से

Since 2010

अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020

M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
- Top Govt. Universities.
- MCI, WHO Approved Universities.
- Indian Hostel & Mess Available.
- Lowest Price Packages.
- Boys/Girls Hostels Are Separates Available.



अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्ड्री, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है 471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)

www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P)